# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, मंगलवार 26 मई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 09 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित





वित्त एवं वाणिज्य-कर विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते सीएम हेमंत सोरेन

## शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में 2026 के पहले पद्म अवॉर्ड्स दिए। बता दें कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री 'दिशोम गुरु' शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित करने की घोषणा केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 25 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की गई थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन को यह 'पद्म भूषण' सम्मान सार्वजनिक जीवन में उनके लंबे योगदान और झारखंड राज्य के गठन में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका के लिए दिया




गया है। 'दिशोम गुरु' के नाम से पहचान बनाने वाले शिबू सोरेन ने आदिवासी समाज के अधिकारों और अलग झारखंड राज्य की मांग को लेकर लंबे समय तक संघर्ष किया था। उनके संघर्ष के चलते और बने सियासी घटनाक्रम के चलते बिहार से अलग होकर झारखंड बन गया था। शिबू सोरेन ने अपना पहला लोकसभा चुनाव 1977 में लड़ा था। हालांकि इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था लेकिन शिबू सोरेन ने हार नहीं मानी। जमीनी स्तर पर काम में जुटे रहे और फिर 1980 में दुमका से लोकसभा चुनाव लड़कर पहली जीत दर्ज की। इसके बाद शिबू सोरेन ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। शिबू सोरेन कई बार लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे। वे झारखंड के मुख्यमंत्री भी बने और केंद्र की मनमोहन सरकार में केंद्रीय मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाली। राजनीतिक जीवन में तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद वे हमेशा आदिवासी समाज, जल-जंगल-जमीन और झारखंड के हितों के लिए मजबूती से खड़े रहे। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले यानी 25 जनवरी 2026 को 131 पद्म पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा की थी। इस क्रम में पहले चरण में देश की 66 हस्तियों को सम्मानित किया गया जबकि शेष विजेताओं को दूसरे चरण में अवॉर्ड दिए जाएंगे।

## पति ने पत्नी और पिता को उतारा मौत के घाट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लोहरदगा।** जिले में सोमवार तड़के एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। भंडरा थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक ने अपनी पत्नी और पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। हमले में उसकी तीन वर्षीय मासूम बेटी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान 35 वर्षीय संदीप उरांव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसने पहले घर में अपनी पत्नी सुजाता उरांव (30 वर्ष) पर हमला किया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी खेत में काम कर रहे अपने पिता सुरेंद्र उरांव उर्फ कुरा (55 वर्ष) को घर बुलाकर लाया और उन पर भी जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण उनकी भी मौत हो गई। घटना के दौरान आरोपी की तीन वर्षीय बेटी भी हमले की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई।



वारदात सुबह करीब पांच बजे की बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में आपसी पारिवारिक कलह को घटना की मुख्य वजह माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल बच्ची को तुरंत अपनी गोद में उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप उरांव को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है। घटना के बाद गांव में दहशत और शोक का माहौल है।

### संक्षिप्त समाचार

## नाव पलटने से पर्यटक की मौत

**दुमका (नबिटा ब्यूरो)।** जिले में स्थित मसांजोर डैम में नाव पलटने से पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के एक 28 वर्षीय पर्यटक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद निवासी सौविक दास के रूप में हुई है। मसांजोर थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि पर्यटकों ने नाव मालिक की अनुमति के बिना नाव ली थी और उसे डैम के उस हिस्से में ले ग, जिसे डेंजर जोन घोषित किया गया है। नाव को वे खुद चला रहे थे तभी अचानक पलट गई।

## बंद खदान में गिरा चार साल का बच्चा

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मधुपुर अनुमंडल अंतर्गत बुढ़ई थाना क्षेत्र की जाभागुड़ी पंचायत स्थित तितमोही गांव में चार वर्षीय मासूम सौरभ हांसदा बंद पड़ी खदान में गिर गया। घटना के बाद से बच्चे की मौत की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी दिलीप हांसदा का पुत्र सौरभ अपने चाचा के साथ दोपहर में नहाने गया था। इसी दौरान खेलते-खेलते वह खदान के किनारे पहुंच गया। अचानक किनारे की मिट्टी खिसक गई और मासूम गहरे पानी में जा गिरा। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन खदान की गहराई और पानी अधिक होने के कारण वे सफल नहीं हो सके।

## पार्षद पुत्र की सड़क हादसे में मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** फोरलेन पर हुए सड़क हादसे में मेदिनीनगर नगर निगम की वार्ड एक की पार्षद मंजू देवी के 23 वर्षीय पुत्र कुश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सदर थाना क्षेत्र के पाटन मोड़ के पास हुई। जानकारी के अनुसार कुश कुमार अपनी अपाचे मोटरसाइकिल से पाटन मोड़ की ओर जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कुश कुमार को सिर में गंभीर चोट आई। उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

## एक करोड़ का अफीम, डोडा और पोस्ता दाना जब्त

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** चतरा पुलिस ने एक करोड़ एक लाख रुपए मूल्य का अफीम, डोडा और पोस्ता दाना जब्त किया है। इस अभियान में अंतरराज्यीय गिरोह के मास्टरमाइंड समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया जबकि पांच आरोपी अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को मिली जानकारी के आधार पर सिमरिया और लावालौंग थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की गई। एसपी के निर्देश पर सिमरिया एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊ साहेब के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

## प्रेम संबंध से नाराज पिता ने बेटी को टांगी से काट डाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में ऑनर किलिंग की घटना हुई है। बेटी के प्रेम संबंध से नाराज एक पिता ने अपनी बेटी को टांगी से काट डाला। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपी पिता मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच मामले में छानबीन कर रही है। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दरअसल लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के लोहरा गांव के रहने वाले अगस्त कुमार अपनी बेटी के प्रेम संबंध को लेकर नाराज थे। उन्होंने उसे मोबाइल फोन पर बात करते हुए देखा था और कुछ फोटो भी देखे थे। इस बीच रविवार देर रात अंजली सोई हुई थी, इसी क्रम में अगस्त कुमार अपनी बेटी के कमरे में पहुंचा और टांगी से काट डाला जिससे अंजली की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अगस्त कुमार घटना के बाद फरार हो गए। घटना के समय अंजलि का भाई और मां भी घर में मौजूद थे। घटना के बाद गांव में बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। इधर पुलिस की पूछताछ में ग्रमीणों ने बताया है कि पिता ने मोबाइल में कुछ फोटो देखे थे जिसके चलते वह अपनी बेटी से काफी नाराज थे। घटना को लेकर लेस्लीगंज थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि ऑनर किलिंग की घटना हुई है। पिता ने टांगी से बेटी की हत्या की है। पुलिस मामले में आगे की छानबीन कर रही है। घटना के बाद से आरोपी फरार है। उन्होंने बताया कि घटना में इस्तेमाल टांगी को बरामद कर लिया गया है।

## योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर समन्वय जरूरी : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को वित्त एवं वाणिज्य-कर विभाग के अधिकारियों के साथ मैराथन समीक्षा बैठक कर राज्य की वित्तीय स्थिति, राजस्व संग्रह, बजट प्रावधानों के क्रियान्वयन और विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राज्य के आय-व्यय की स्थिति पर बिंदुवार चर्चा करते हुए वित्तीय संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन और उनके समुचित उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। विभिन्न वित्तीय वर्षों के आंकड़ों के आधार पर यह जानकारी सामने आई कि पड़ोसी राज्यों उड़ीसा और छत्तीसगढ़ की तुलना में झारखंड का खनन राजस्व बेहतर स्थिति में है। अधिकारियों ने बताया कि खनिज संसाधनों के सुव्यवस्थित प्रबंधन,



पारदर्शी नीतियों और प्रभावी निगरानी तंत्र के कारण राजस्व संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने विभाग की उपलब्धियों पर संतोष जताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस सकारात्मक स्थिति को और मजबूत किया जाए। उन्होंने खनन क्षेत्र में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, अवैध खनन पर कठोर नियंत्रण स्थापित करने तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में विभागों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को साझा दृष्टिकोण के साथ कार्य करने और निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उनका कहना था कि समन्वित कार्यप्रणाली से योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। वाणिज्य-कर विभाग की समीक्षा के दौरान राज्य में कर संग्रह की स्थिति, जीएसटी अनुपालन, राजस्व वृद्धि के उपायों और विभागीय कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की गई। अधिकारियों ने जीएसटी, वैट, प्रोफ़ेशनल टैक्स समेत विभिन्न कर मदों से प्राप्त राजस्व के आंकड़े प्रस्तुत किए तथा कर संग्रह में आने वाली चुनौतियों और संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में कर निर्धारण, वसूली, निगरानी और प्रवर्तन व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने करदाताओं के बीच स्वैच्छिक अनुपालन बढ़ाने, कर चोरी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा तकनीकी साधनों के जरिए निगरानी प्रणाली को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विभागीय प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, सरल और जवाबदेह बनाने पर भी बल दिया ताकि करदाताओं को सुविधा मिल सके और राज्य के राजस्व संग्रह में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

## अधिकारियों को दिल से काम करने की जरूरत : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने रांची के सर्ड सभागार में आयोजित आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल के राज्यस्तरीय कार्यशाला को संबोधित किया। यहां मंत्री राज्य सरकार के अधिकारियों को बेहद ही गंभीर सुझाव देती नजर आईं। सोमवार को सर्ड सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के अधिकारियों को सिर्फ दिमाग से ही नहीं बल्कि दिल से भी सोचने एवं काम करने की जरूरत है। नंगे पांव अपना काम कराने की उम्मीद लेकर सरकारी दफ्तर पहुंचने वाले लोगों की दर्द को समझना होगा। वो खाली हाथ ना लौटे ये अधिकारियों को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बदलते हुए दौर में नवाचार का साथ काम को आसान बना रहा है। मिशन कर्मयोगी भी इसी बदलाव का अहम हिस्सा है। राज्यस्तरीय इस कार्यशाला में राज्यभर




के उप समाहर्ता सह बीडीओ मौजूद रहे। इस मौके पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि अधिकारी कैसे लोगों के लिए सहजता से उपलब्ध हो इसे सुनिश्चित करना होगा क्योंकि प्रखंड और अंचल कार्यालय ही सरकार का चेहरा है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने और उसे सफल बनाने में अधिकारियों की बड़ी भूमिका है। बात चाहे मंईयां सम्मान योजना की हो, अबुआ आवास या सर्वजन पेंशन योजना की हो अधिकारियों के बेहतर प्रयास से ही लाभुकों को योजना का लाभ मिल पा रहा है। उन्होंने मिशन कर्मयोगी को मौजूदा समय की मांग के साथ कार्य क्षमता के विकास में मददगार बताया। ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि सरकार के विजन को धरातल पर क्रियान्वयन करने के लिए नवाचार के उपयोग के साथ कदम ताल करना जरूरी है। अधिकारी ऐसे प्रशिक्षण को पा कर अपने कार्यक्षेत्र में इसका बेहतर इस्तेमाल कर सकते हैं। सीखने की कोई उम्र सीमा नहीं होती है, इसलिए समय के साथ खुद को अपग्रेड करने से काम की रफ्तार बढ़ेगी। आज झारखंड में परिस्थितियां तेजी से बदली है। अब लोग राशन एवं पेंशन के लिए दर-दर भटकने के लिए विवश नहीं है लेकिन सरकार की दूसरी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की इच्छा जरूर रखते है। योग्य लाभुकों को समय सीमा के अंदर योजना का लाभ दिलाना, अधिकारियों की जवाबदेही है। मंत्री ने कार्यशाला में उपस्थित बीडीओ को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा बढ़ती गर्मी में पेयजल को लेकर जारी निर्देश को हर हाल में पालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालय, पंचायत भवन के साथ-साथ प्रमुख चौक चौराहों पर भी आम जन के लिए पीने का पानी उपलब्ध होना चाहिए।

## 12 दिनों में चौथी बार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** 12 दिनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में चौथी बार बढ़ोतरी कर दी गई है। रांची में पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ है। 15 मई के बाद यह चौथी वृद्धि है। इसके साथ ही 11 दिन में रांची में पेट्रोल 7.38 और डीजल 7.76 रुपए प्रति लीटर महंगा हो चुका है। अब यहां पेट्रोल 105.25 रुपए और डीजल 100.37 रुपए प्रति लीटर मिलेगा। रांची में पहली बार डीजल की कीमत 100 रुपए को पार कर सोमवार को 100.37 रुपए प्रति लीटर बिक्री हुई। इससे पहले 23 मई को रांची में पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ था जबकि 19 मई को पेट्रोल में 87 और डीजल की कीमतों में 91 पैसे प्रति प्रति लीटर की बड़ी बढ़ोतरी की गई थी। वहीं 15 मई को इनके दाम 3-3 रुपए प्रति लीटर बढ़ाए गए थे। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद वाहन चालकों ने किराए में भी बढ़ोतरी कर दी है। हालांकि प्रशासन की ओर से अभी तक नई दर पर औपचारिक रूप से सहमति नहीं दी गई है लेकिन ऑटो संचालक, कैब संचालक और यात्री बस संचालकों की ओर से यात्री भाड़े में बढ़ोतरी की गई है। वहीं बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 112.70 रुपये और डीजल 99.87 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। इससे पहले 23 मई को पेट्रोल 87 पैसे, डीजल 91 पैसे, 19 मई को पेट्रोल-डीजल में 90 पैसे और 15 मई को तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। विशेषज्ञों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, कमजोर होता रुपया और आयात लागत बढ़ने की वजह से तेल कंपनियों पर दबाव बढ़ा है।

## भारत की नदियां जीवनदायिनी : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड अंतर्गत अति पिछड़े सलगी पंचायत के चूल्हापानी गांव में आयोजित गंगा दशहरा महोत्सव में सोमवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार शामिल हुए। राज्यपाल सड़क मार्ग से चूल्हापानी पहुंचे और वहां से जंगली पगडंडी के रास्ते दामोदर नदी के उद्गम स्थल तक पहुंचे। उनके आगमन पर जिला प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। उपायुक्त संदीप कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी और उपविकास आयुक्त सह परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग ने राज्यपाल का स्वागत किया। राज्यपाल संतोष गंगवार और जमशेदपुर पूर्वी से विधायक सरयू राय ने दामोदर नदी के उद्गम स्थल पर गंगा पूजन, गंगा आरती और हवन पूजन किया। धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण इस आयोजन में शामिल हुए। गंगा दशहरा महोत्सव को लेकर पूरे चूल्हापानी गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से अतिथियों का स्वागत किया। इस क्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। गंगा दशहरा महोत्सव को संबोधित करते हुए राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि भारत की नदियां केवल जलधारा नहीं बल्कि जीवन दायिनी हैं। उन्होंने कहा कि चूल्हापानी गांव आकर ऐसा महसूस हो रहा है जैसे प्रकृति की गोद में पहुंच गए हों। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण और जल संसाधनों को बचाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। बढ़ते जलवायु प्रदूषण को रोकने के



लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। जब समाज एकजुट होकर काम करता है तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं रहता। राज्यपाल ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक पहचान उसकी नदियों से जुड़ी हुई है और आने वाली पीढ़ियों के लिए इन्हें सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है। देवनद दामोदर महोत्सव के मुख्य संरक्षक विधायक सरयू राय ने कहा कि पिछले 12 वर्षों से दामोदर नदी को बचाने और प्रदूषण मुक्त करने के लिए लगातार आंदोलन चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2004 में पंचेत से मैथन तक यात्रा के दौरान जानकारी मिली थी कि दामोदर नदी का उद्गम स्थल लोहरदगा जिले के सलगी पंचायत स्थित चूल्हापानी गांव में है। उन्होंने कहा कि झारखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में प्रवेश करने के बाद दामोदर नदी को देवनद दामोदर कहा जाता है। इसी कारण इस कार्यक्रम का नाम देवनद दामोदर महोत्सव रखा गया है। सरयू राय ने राज्यपाल और राज्य सरकार से मांग की कि दामोदर नदी के उद्गम स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। साथ ही पूरे सलगी पंचायत के विकास की दिशा में विशेष पहल की जाए ताकि चूल्हापानी गांव राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सके। उन्होंने कहा कि यदि इस क्षेत्र को पर्यटन और धार्मिक दृष्टि से विकसित किया जाता है तो स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे और क्षेत्र का समग्र विकास संभव होगा। कार्यक्रम में दामोदर बचाओ अभियान से जुड़े अंशुल शरण, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह, बालकृष्ण सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष सुखदेव उरांव, जिप सदस्य गंगोत्री देवी, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सीओ संतोष उरांव और थाना प्रभारी अजीत कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे। इसके अलावा स्थानीय मुखिया सुमित्रा देवी और आसपास के गांवों से पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।




## संक्षिप्त समाचार

### नियमों की अनदेखी कर ठेका देने का आरोप, राजद जिलाध्यक्ष ने उपायुक्त से की जांच व कार्रवाई की मांग

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिलाध्यक्ष मो. इरफान आलम ने गिरिडीह उपायुक्त को आवेदन देकर नया एवं पुराना परिसदन भवन के रख-रखाव और संचालन कार्य में नियमों की अनदेखी कर कायादेश देने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है दिए गए आवेदन में कहा गया है कि दिनांक 26 फरवरी 2024 को नया एवं पुराना परिसदन भवन के रख-रखाव के लिए तीन वर्षों हेतु निविदा निकाली गई थी। इसमें कुल आठ लोगों ने भाग लिया था, जिसमें सुभाष कुमार को एल-1 तथा मेसर्स फैजान सेंटर को एल-2 घोषित किया गया था। इसके बाद 7 मार्च 2024 को जिला नजारत शाखा द्वारा पत्रांक-170 के तहत सुभाष कुमार को कायादेश जारी किया गया।आवेदन में उल्लेख किया गया है कि कायादेश की शर्तों में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि यदि संचालन कार्य में किसी प्रकार की शिकायत या लापरवाही पाई जाती है, तो बिना कारण बताए एल-1 को हटाकर एल-2 निविदादाता को कार्य सौंपा जाएगा। साथ ही नियमानुसार जमानत राशि जब्त करने की भी बात कही गई थी राजद जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि 30 अप्रैल 2026 को एल-1 निविदादाता सुभाष कुमार को शिकायतों एवं कार्य में असंतोष के आधार पर कार्यमुक्त कर दिया गया। ऐसे में नियम के अनुसार कायादेश एल-2 निविदादाता को दिया जाना चाहिए था, लेकिन तत्कालीन उप समाहर्ता नजारत प्रभारी द्वारा नियमों को दरकिनार कर एक नए व्यक्ति सुमित लाल चौरसिया को कायादेश दे दिया गया, जिसने पूर्व में निविदा में भाग भी नहीं लिया था मो. इरफान आलम ने इसे पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करने वाला मामला बताते हुए कहा कि इससे प्रशासनिक पारदर्शिता पर संदेह उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने उपायुक्त से पूरे मामले की गहन जांच कर एल-2 निविदादाता की अनदेखी करते हुए दिए गए कायादेश को निरस्त करने तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है राजद जिलाध्यक्ष ने इस संबंध में आवेदन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी भेजी है।

### आरपीएफ और जीआरपी की महिला पुलिस ने मानवता की मिशाल पेश की

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटिहार रेलवे स्टेशन पर महिला सुरक्षाह्र अभियान के तहत आरपीएफ एवं जीआरपी की महिला कर्मियों ने मानवता और साहस की मिसाल पेश की। जानकारी के अनुसार रविवार की रात प्रसव पीड़ा से तड़प रही एक महिला यात्री की हालत गंभीर होने पर आरपीएफ की एलएसआई मुक्ति शील एवं महिला कांस्टेबल विमलेश कुमारी ने तत्परता दिखाते हुए रेलवे डॉक्टर के पहुंचने से पहले ही सुरक्षित प्रसव कराया।आरपीएफ की दोनों महिला कर्मियों की सूझबूझ और सराहनीय प्रयास से महिला ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। बाद में रेलवे चिकित्सक द्वारा मां और नवजात की जांच की गई, जिसमें दोनों स्वस्थ पाए गए। इसके बाद जच्चा-बच्चा को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया गया।आरपीएफ एवं जीआरपी के इस मानवीय और सराहनीय कार्य के लिए पीड़िता कदवा निवासी शाकिरा खातून एवं स्थानीय लोगों ने इसकी प्रशंसा करते हुए रेल प्रशासन के साथ आरपीएफ एवं जीआरपी के अधिकारों को धन्यवाद दिया। उक्त पीड़ित महिला यात्री अपने पति के साथ साप्ताहिक ट्रेन से मुंबई से यात्रा कर कटिहार पहुंची ही थी कि अचानक उसे लेबर पेन उठ गया और आरपीएफ और जीआरपी के महिला कर्मी के सहयोग से दोनों सकुशल है। आरपीएफ की एलएसआई मुक्ति शील रेल में अपराध नियंत्रण की दिशा में लेडी सिंघम के रूप में भी जानी जाती है।



### बांका के 64 आदि सेवा केंद्रों पर लगे विशेष शिविर, हजारों लोगों को मिला योजनाओं का लाभ

**बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान ह्रजनभागीदारी झ सबसे दूर, सबसे पहलेह्न के तहत बांका जिले में तीन दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। 21 से 23 मई तक जिले के छह प्रखंडों के 64 आदि सेवा केंद्रों पर आयोजित इस अभियान में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना था। गांवों में आयोजित इन शिविरों में लोगों का उत्साह देखने लायक रहा। विभिन्न काउंटरों पर सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं और ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं एवं आवश्यक दस्तावेजों से जुड़े आवेदन जमा किए। जनसुनवाई शिविर में आधार कार्ड, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम जनधन योजना और पीएम मातृत्व वंदन योजना समेत कई सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन स्वीकार किए गए। अभियान के दौरान कुल 3392 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2848 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए गए। इस दौरान 1807 लोगों की सिकल सेल एनीमिया जांच तथा 297 लोगों की टीबी जांच की गई। वहीं मिशन इंद्रधनुष के तहत बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण भी किया गया। इसके अलावा 213 नए आयुष्मान भारत कार्ड के आवेदन प्राप्त कर त्वरित कार्रवाई की गई। प्रशासन ने इसे जनजातीय क्षेत्रों तक सरकारी सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया है।

### अधिकारी ध्यान नहीं दिये तो जल्द किसान करेंगे सड़क चक्का जाम

**रफीगंज/औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में उत्तर कोयल नहर परियोजना के अधूरे कार्य को पूरा करवाने, किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने की मांग को लेकर किसानों का धरना 496वें दिन भी जारी रहा। लंबे समय से चल रहे इस आंदोलन में क्षेत्र के किसान लगातार अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं। धरना स्थल पर किसानों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लड्डू खान ने की, जबकि संचालन पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव द्वारा किया गया। सत्येंद्र यादव ने कहा कि इतने लंबे दिनों से किसान धरना पर हैं लेकिन आज तक एक भी प्रशाशनिक अधिकारी एवं सम्बंधित विभाग के पदाधिकारी देखने तक नहीं आये। धरना 15 जनवरी 2025 से लगातार यहां जारी है। धरना देने के कुछ दिनों पूर्व जानकारी मिली कि नहर के अंगरा, कोटवारा,चेंई नवादा ब्रांच के अधूरे कार्य को पूरा कराने के लिए टेंडर हो गया है। इस बीच धरनार्थी किसानों द्वारा उक्त शाखाओं का निरीक्षण किया गया। किंतु कहीं भी काम नहीं लगाया गया है। अगर इस तरफ प्रशाशनिक अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं तो आगे हम किसान उग्र आंदोलन करते हुए जल्द सड़क चक्का जाम करेंगे। जिसमें नहर की मांग के लिए कड़ा कदम उठाते हुए सड़क जाम भी करने का निर्णय लिया जायेगा। ताकि सरकार का ध्यान इस महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आकर्षित किया जा सके। बैठक में डॉ तुलसी यादव, रामकुमार यादव, सूर्य देव यादव, सीधी यादव, महेंद्र दास, डॉ. शिवनंदन यादव, विशुन यादव, भोला प्रसाद वर्मा, जय प्रकाश प्रजापति, सहित कई किसान उपस्थित रहे।

### ओबरा में कचरा प्रसंस्करण की व्यवस्था नहीं होने से बढ़ी परेशानी

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ओबरा में कचड़ा प्रसंस्करण की व्यवस्था नहीं है। पंचायत के लोग इधर-उधर कचड़ा फेंकने को मजबूर हो गए है। कचड़ा के ढेर होने पर नदी सड़क एवं स्कूलों के मैदान के किनारे कचड़ा फें कना शुरू कर दिए है। वैसे स्थलों पर कचड़े फेंकने से आम लोगो को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। स्थलों पर फेंके गए कचड़े के दुर्गंध से लोगों का जीना दुर्लभ हो गया है। संक्रमण से विभिन्न प्रकार की बीमारी फैलने की आशंका से लोग भयभीत है। स्थानीय अदरी के पास कचड़ा फेंकने को अंबार लग गई है। अदरी नदी के किनारे आदर्श इंटर विद्यालय सुर्खी है। उसी के समीप कचड़ा जमा होने से छात्रों के साथ शिक्षकों को भी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है।

# अपहरण कर मारपीट, पुलिस ने पांच आरोपियों को दबोचा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** गांडेय थाना क्षेत्र में युवक के अपहरण और मारपीट मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है जानकारी के अनुसार 24 मई 2026 को लगभग सुबह 7:50 बजे ग्राम-पचंबेडिया निवासी 29 वर्षीय युवक अतुल मियां का उसके चचेरे भाई तस्लीम अंसारी, उप-चचेरे भाई मिलन अंसारी सहित अन्य लोगों द्वारा जबरन अपहरण कर लिया गया।

अपहृत युवक को चेंगडो ले जाकर मारपीट की गई तथा परिजनों से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। बाद में 24 हजार रुपये यूपीआई के माध्यम से वसूले जाने की भी बात सामने आई है घटना की सूचना मिलते ही एसआईटी टीम का गठन कर कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने तकनीकी शाखा और गुप्त सूचना के आधार पर तस्लीम अंसारी के घर पर छापेमारी कर अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही घटना में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। साथ ही दो अन्य आरोपियों राजा एवं जाफर उर्फ लट्टूवा के भी घटना में शामिल होने की जानकारी दी गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है गिरफ्तार आरोपियों में मोङ्क सोहेल, मोङ्क आदिल अंसारी, मोङ्क समीर अंसारी, अपचारी शाद तथा इसराफ अंसारी शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से दो मोटरसाइकिल, एक ओप्पो रेनो मोबाइल फोन और अन्य सामान बरामद किया है इस संबंध में गांडेय थाना कांड संख्या-80/2026 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल से तीन बाल श्रमिक रेस्क्यू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित पाण्डेयडीह के प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल में रविवार सुबह संयुक्त छापेमारी कर तीन नाबालिग बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। बच्चों से स्कूल परिसर में झाड़ू-पोंछा सहित अन्य कार्य कराए जाने की बात सामने आई है। मामले में स्कूल प्रबंधन की भूमिका संदिग्ध पाए जाने के बाद श्रम विभाग ने प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार सुबह करीब 6:30 बजे आपात सूचना मिलने पर संयुक्त धावा दल का गठन किया गया। टीम में श्रम अधीक्षक दीपिका कुमारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सदर राजेश कुमार, जिला बाल संरक्षण इकाई से रविंद्र कुमार सिन्हा, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन सह बनवासी विकास आश्रम से रूपा कुमारी, चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपरवाइजर रंजीत कुमार साव, नरेश कुमार तथा मुफ्फसिल थाना से पुलिस चौकीदार राजेश कुमार यादव एवं सुभाष कुमार शामिल थे।

संयुक्त टीम ने स्कूल परिसर में पहुंचकर कार्रवाई करते हुए तीन नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू किया। इसके बाद सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बच्चों को बाल कल्याण समिति सीडब्लूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के आदेश पर तीनों बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों को सौंप दिया गया श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानजनक बचपन उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि कहीं भी बाल श्रम की जानकारी मिलने पर तुरंत प्रशासन या संबंधित विभाग को सूचना दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। प्राथमिक जांच में स्कूल प्रबंधन की भूमिका संदिग्ध पाए जाने के बाद बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के तहत स्कूल संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन और किसी भी प्रकार के शोषण पर सख्त कार्रवाई की जाएगी बताया गया कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोग से बनवासी विकास आश्रम द्वारा जिले में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।



# लायंस क्लब ऑफ एलीट ने राहगीरों को पिलाया शरबत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भीषण गर्मी और कड़ाके की धूप को देखते हुए सामाजिक संस्था लायंस क्लबस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलिट द्वारा हंगर सर्विस एक्टिविटी के तहत सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम गांधी चौक स्थित बड़ा पोस्ट ऑफिस के समीप ताह कॉम्प्लेक्स के पास संपन्न हुआ इस दौरान राहगीरों एवं आम लोगों के बीच सत्तू शरबत और शीतल जल का वितरण किया गया।




क्लब सदस्यों ने बताया कि गर्मी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस सेवा कार्य में लगभग 500 से अधिक लोगों ने सत्तू शरबत एवं शीतल जल ग्रहण किया कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष लायन दशरथ प्रसाद, क्लब कोषाध्यक्ष लायन गुंजन कुमार शर्मा तथा लायन गौतम सागर की अहम भूमिका रही। उपस्थित लोगों ने लायंस क्लब के इस जनसेवा कार्य की सराहना की।

### एनएच 31 पर पिकअप की ठोकर से वृद्ध घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)।** एनएच 31 पर समेली कबीर आश्रम के समीप रविवार की रात मवेशी लदी पीकअप वाहन की ठोकर से सड़क पार कर रहा एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कबीर आश्रम के पास रहने वाले अखिलेश यादव (65) सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान कुरसेला की ओर से तेज रफ्तार में आ रही मवेशी लदी पीकअप ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी।

# जातीय जनगणना को लेकर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा का आंदोलन तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** देशभर में जातिआधारित जनगणना की मांग को लेकर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विकास पटेल ने केंद्र सरकार पर सभी जातियों की समग्र जनगणना नहीं कराने का आरोप लगाते हुए तीन चरणों में राष्ट्रव्यापी आंदोलन की घोषणा की है इसी क्रम में आंदोलन के पहले चरण के तहत सोमवार 25 मई 2026 को महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त गिरिडीह को ज्ञापन सौंपा गया। मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि सभी जातियों की जातिआधारित जनगणना नहीं कराई गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा मोर्चा द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में 5 जून 2026 को धरना-प्रदर्शन तथा तीसरे चरण में 22 जून 2026 को देश के सभी जिला मुख्यालयों में रैली एवं प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा इस अवसर पर मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार पटवा ने कहा कि केंद्र की आरएसएस समर्थित बीजेपी सरकार आधी-अधूरी जनगणना करा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनगणना में भारी संसाधन खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन सभी जातियों का पूरा डाटा एकत्रित नहीं किया जा रहा है उन्होंने कहा कि देश के संसाधनों, नौकरियों और व्यापार पर कुछ खास जातियों का कब्जा है, जबकि बड़ी आबादी आज भी रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रही है।

# जनता की समस्याओं के समाधान को प्रशासन की प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

## बांका समाहरणालय में डीएम ने सुनी फरियाद, अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**बांका।** बांका में बिहार सरकार के सात निश्चयझ3 कार्यक्रम के तहत प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाने की दिशा में पहल तेज कर दी गई है। ह्रसबका सम्मानझजीवन आसानह्न संकल्प के अनुरूप सोमवार को समाहरणालय स्थित मिनी सभागार में आमजनों की समस्याओं की सुनवाई की गई। यह जनसुनवाई कार्यक्रम जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जहां विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासन की इस पहल के तहत जिले के सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी भी अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर आम नागरिकों की शिकायतें सुनते नजर आए। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य शिकायतों पर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि निर्धारित कार्यदिवसों में वे अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का गंभीरता से निपटारा सुनिश्चित करें। इस पहल से आम लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है और लोगों ने उम्मीद जताई है कि उनकी समस्याओं का समाधान अब पहले की तुलना में अधिक तेजी से होगा।

18




# पतंजलि परिवार का 15 दिवसीय योग सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पतंजलि परिवार गिरिडीह द्वारा ह्ररोगानुसार योग का विशेष शिविर सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविरह्न का शुभारंभ सोमवार 25 मई 2026 से गुरु नानक विद्यालय में किया गया। शिविर का उद्घाटन निर्मला कौर, नवीन कांत सिंह, देवेंद्र सिंह एवं पुष्पा शक्ति ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया इस अवसर पर बताया गया कि शिविर ऑफलाइन के साथ-साथ दूरदराज के लोगों के लिए ऑनलाइन माध्यम से भी उपलब्ध कराया जा रहा है। 15 दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर का समापन 8 जून को होगा। शिविर में प्रतिदिन अलग-अलग कुशल योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा पहले दिन भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी नवीन कांत सिंह एवं संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह ने प्रतिभागियों को योग का प्रशिक्षण दिया।

इस दौरान यौगिक जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, आठ प्रकार के प्राणायाम, सिंहासन, हास्यासन तथा ध्यान का अभ्यास कराया गया दूसरे सत्र में झारखंड राज्य प्रभारी रामजीवन पांडे ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि एक अनुशासित जीवन पद्धति है। उन्होंने कहा कि वात, पित्त और कफ के असंतुलन से बीमारियां उत्पन्न होती हैं तथा सही आहार-विहार अपनाकर स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है शिविर को सफल बनाने में पतंजलि के जिला प्रभारी परमेंद्र कुमार, युवा प्रभारी रणधीर गुप्ता, सोशल मीडिया जिला प्रभारी पुष्पा शक्ति, उत्कर्ष गुप्ता, अविनाश प्रसाद, विजय प्रसाद, अमर प्रशांत सहित अन्य कार्यकताओं का योगदान रहा मौके पर मुन्नी देवी, जितेंद्र विवाह सिंह, सविता कुमारी, माला देवी, अनीता गंगा, अनीता कुमारी, परमिंदर कौर समेत बड़ी संख्या में लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# एकदिवसीय मार्शल आर्ट कैंप में बच्चों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आशा दीपक फाउंडेशन गिरिडीह के तत्वावधान में दीपक मार्शल आर्ट एकेडमी द्वारा बरमसिया चिल्ड्रेन पार्क में एकदिवसीय मार्शल आर्ट कैंप का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे शुरू हुए इस कैंप में बच्चों को आत्मरक्षा के विभिन्न गुर सिखाए गए तथा उन्हें मानसिक रूप से मजबूत और स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एवं वरिष्ठ पत्रकार अरविंद कुमार उपस्थित रहे। वहीं वार्ड संख्या 9 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी रमेश सिन्हा तथा रेन बु कान कराटे के झारखंड महासचिव नारायण कुमार महतो विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए कैंप के दौरान नारायण कुमार महतो ने बच्चों को कराटे का प्रशिक्षण देते हुए आत्मरक्षा के कई महत्वपूर्ण तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों, खासकर बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण बेहद जरूरी है।मुख्य अतिथि अरविंद कुमार ने बच्चों एवं उनके अभिभावकों को हास्य योग के माध्यम से तनावमुक्त और खुशहाल जीवन जीने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और सकारात्मक जीवन के लिए हंसना बेहद जरूरी है। हास्य योग प्रशिक्षण से बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों में भी उत्साह देखने को मिला।मार्शल आर्ट समर कैंप का आयोजन दीपक श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिभावकों का सहयोग सराहनीय रहा कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों के हाथों बच्चों के बीच बेल्ट, मैडल एवं सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

# भीषण गर्मी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट, राहत कार्य तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और तापमान को देखते हुए गिरिडीह जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य सरकार के मुख्य सचिव के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा आमजन को राहत पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्था शुरू कर दी गई है।उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने जिले के सभी बीडीओ, सीओ, नगर निकाय पदाधिकारियों तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए प्रशासन की ओर से सरकारी कार्यालयों, बस स्टैंड, बाजार, प्रमुख चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पियाऊ की व्यवस्था की जा रही है। वहीं विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में भी राहगीरों और आम नागरिकों को राहत देने के लिए शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि जहां कहीं भी पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है, वहां तत्काल टैंकर अथवा अन्य वैकल्पिक माध्यमों से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही खराब पड़े चापाकलों, जलमीनारों एवं अन्य पेयजल संरचनाओं की मरम्मत युद्धस्तर पर करने का निर्देश संबंधित विभागों को दिया गया है उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# महादलित टोला में महिलाओं को मिला जागरूकता संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

## बांका में किशोरियों और महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर विशेष बैठक

**बांका।** नवदीप शुक्ला के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास निगम के तहत जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन (ऊऌएह) द्वारा ग्राम गरभातरी स्थित महादलित टोला, पंचायत लोधम में महिलाओं एवं किशोरियों के सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं और किशोरियां शामिल हुईं। बैठक के दौरान महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।



अधिकारियों ने बाल विवाह, दहेज प्रथा, लैंगिक भेदभाव और महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा जैसे सामाजिक मुद्दों पर खुलकर चर्चा करते हुए जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित किशोरियों को शिक्षा से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, महिला हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर और मिशन शक्ति योजना जैसी योजनाओं की जानकारी भी विस्तार से साझा की गई। अधिकारियों ने महिलाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि महिलाओं और किशोरियों को सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिले में लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। बैठक का संचालन जेंडर स्पेशलिस्ट श्रीकांत कुमार एवं वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ शेखर कुमार दास द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास मित्र महेश कुमार दास की अहम भूमिका रही।

## एक नजर

### कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र में बसपा कमिटी का गठन, लक्ष्मण दास बने अध्यक्ष

**अंबा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की ओर से कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र में संगठन विस्तार को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा स्तरीय नई कमिटी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से लक्ष्मण दास को विधानसभा अध्यक्ष, शंकर राम को महासचिव, बलवंत कुमार मेहता को उपाध्यक्ष, सनोज कुमार को कोषाध्यक्ष तथा रामजीवन राम को सचिव बनाया गया। वहीं बिरजू मेहरा को प्रथम विधानसभा प्रभारी, कृष्णा राम पासवान को द्वितीय विधानसभा प्रभारी तथा रामबृक्ष पासवान को प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बसपा के औरंगाबाद जिला अध्यक्ष प्रेम चंद राम, जिला महासचिव कुलदीप मेहता, जिला सचिव धर्मेंद्र प्रजापति एवं सेवानिवृत्त भिखारी राम उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण दास ने की। इस दौरान पार्टी नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी चुनावों में बसपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### आज बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । मेंटेनेंस कार्य को लेकर 26 मई को बिजली आपूर्ति छह घंटे बंद रहेगी। विद्युत सहायक अभियंता शिवरतन लाल व कनीय अभियंता राकेश कुमार राम ने बताया कि 33 केवी न्यू उचौली एवं पुराना उंचौली फिडर का शटडाउन 26 मई को समय सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। इस अवधि में मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। विद्युत शक्ति केन्द्र उंचौली एवं देव से निकले सभी 11 केवी फिडर का विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं से अपील किया जाता है कि वे पेयजल व्यवस्था के साथ अन्य विद्युत से संबंधित आवश्यक कार्यों का निपटारा कर लेंगे, ताकि परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### 1 जून को मनाई जाएगी अहिल्याबाई होलकर जयंती समारोह

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । देव के मधुबन लॉज चौरसिया नगर में बिहार राज्य पाल महासंघ देव द्वारा आगामी 1 जून को अहिल्याबाई होलकर जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। संघ के अध्यक्ष अजीत पाल, उपाध्यक्ष राजेश पाल, कोषाध्यक्ष सुजीत पाल (गुड्डू), सचिव रमेश पाल, उपसचिव धनंजय कुमार, मीडिया प्रभारी पंकज बघेल सहित ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायप्रियता धर्मनिस्ट शासन के वैश्विक प्रतीक उनके शासन न्याय की अवधारणा दंड पर नहीं बल्कि धर्म और सत्य पर आधारित न्याय प्रियता लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वी जयंती पर बिहार राज्य पाल महासंघ अंचल देव के तत्वाधान मे वर्तमान परिवेश में माता अहिल्याबाई होलकर कि संघर्षों की प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय अहिल्याबाई होलकर के संघर्षों और बिहार में अति पिछड़ा वर्ग पाल समाज के राजनैतिक भागिदारी एवं सामाजिक सशक्तिकरण और शिक्षा पर विमर्श किया जाएगा। कहा कि महारानी अहिल्याबाई होलकर जयंती को लेकर डोर टू डोर संपर्क किया गया है।

### गुम मोबाइल पाकर फोन धारकों के खिल उठे चेहरे

**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । ऑपरेशन मुस्कान के तहत मदनपुर पुलिस द्वारा खोए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किया गया। फोन पाकर फोन धारक खुश दिखे। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि आम लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी अनुसंधान एवं पुलिस टीम की सतर्क कार्रवाई के जरिए कई गुम मोबाइल फोन पीएसआई सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में बरामद किया गया। इसके बाद फोन की पहचान कर संबंधित धारकों को थाना बुलाकर सुपुर्द किया गया। फोन वापस मिलने पर लोगों ने मदनपुर पुलिस के कार्यों की सराहना की। कई लोगों ने कहा कि फोन में जरूरी दस्तावेज, फोटो और व्यक्तिगत जानकारी थी, जिसके खो जाने से वे काफी परेशान थे। थानाध्यक्ष बताया कि ऑपरेशन मुस्कान का उद्देश्य लोगों की खोई खुशियां लौटाना है। पुलिस आमजन की सुरक्षा और सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मोबाइल गुम होने पर वे थाना में सूचना दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### फरार दो अभियुक्त गिरफ्तार

**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । आंजन पुलिस ने छापेमारी के फलस्वरूप नामजद दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के वकील गंज निवासी ललेश कुमार एवं रंगीला कुमार उर्फ गुड्डू के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

### ओबरा थाना पुलिस ने की शराब जब्त

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । ओबरा थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान महादेवा गांव में छापेमारी कर पुरानी सोन टीला से 52 लीटर देशी महुआ शराब जब्त कर ली है। साथ ही तस्कर बिमल चौधरी व छोटेलाल चौधरी दाउदनगर थाने के अंछा निवासी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जिनके खिलाफ कांड संख्या 204/26 दर्ज कर बिहार मद्य निषेद संशोधन अधिनियम के तहत दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं विशेष छापेमारी के दौरान न्यायालय एसडी जेएन दाउदनगर द्वारा निर्गत वारंट के वारंटी ओबरा थाना कांड सं 156 /13 जीआर नंबर 953/13 के वारंटी कड़ियाही गांव निवासी सुरेश भुइयां, लक्ष्मण भुइयां को गिरफ्तार का भेज दिया गया है।

### सदर अंचल कार्यालय से प्रभारी प्रधान सहायक की बाइक चोरी

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । सदर अंचल कार्यालय से अज्ञात चोरों ने सोमवार की दोपहर प्रभारी प्रधान सहायक उपाध्याय कुमार मंगलम की पल्सर बाइक चोरी कर फरार हो गए। जानकारी देते हुए प्रभारी प्रधान सहायक ने बताया कि सोमवार को करीब 10 बजे प्रतिदिन की तरह सदर अंचल कार्यालय ड्यूटी पर अपनी बाइक बीआर26एस-6171 से पहुंचा। मैं बाइक खड़ी कर कार्यालय के अंदर कार्य करने चला गया। इसके बाद करीब दो बजे कार्यालय के बाहर निकला तो मेरी बाइक उक्त स्थल पर नहीं थी। इसके बाद मैंने काफी खोजबीन की परंतु कहीं सुराग नहीं चल सका। बताया कि बाइक चोरी की सूचना नगर थाना को दी गई है। इधर नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि बाइक चोरी से संबंधित आवेदन प्राप्त हुई है। मामले में कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### वारंटी सतेंद्र यादव गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र में फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पिपराही गांव निवासी वारंटी सतेंद्र यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तारी के बाद इलाके में पुलिस कार्रवाई की चर्चा तेज हो गई। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर सतेंद्र यादव की लगातार तलाश की जा रही थी। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि अपराध और वारंटियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा किसी भी हाल में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून का भय बना है और आम लोगों ने भी पुलिस की तत्परता की सराहना की है। थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपराधियों एवं संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### पीड़ित परिवार को अविलंब मुआवजा मिले : विजय कुमार अकेला

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। मुख्यमंत्री सड़क निर्माण कार्य में लगे इटार (रफीगंज) निवासी मजदूर सहेंद्र यादव (33 वर्ष) की कार्यस्थल पर हुई मौत पर लोजपा (रामविलास) के प्रदेश सचिव सह वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक विजय कुमार अकेला ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवार को अविलंब उचित मुआवजा देने की मांग की है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर श्री अकेला ने कहा कि मृतक बेहद गरीब परिवार से था। उनके निधन के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार में अब पत्नी और छोटे-छोटे बच्चे ही सहारा के लिए बचे हैं। उन्होंने कहा कि मौत हीट वेव से हुई या फिर बिजली स्पर्शाघात से, यह जांच का विषय हो सकता है, लेकिन सरकार को मानवीय आधार पर तत्काल सहायता प्रदान करनी चाहिए।

# बांग्लादेशियों को वोटर बनाना चाहता है विपक्ष : निशिकांत दुबे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर**। भाजपा के कद्दावर नेता और सांसद निशिकांत दुबे सोमवार को देवघर पहुंचे। वह एम्स के एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। देवघर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने विपक्ष, एसआईआर और राज्यसभा चुनाव को लेकर कई बयान दिए। मीडिया से बात करते हुए निशिकांत दुबे ने कहा कि एसआईआर को लेकर विपक्षी दल एकजुट होकर बांग्लादेशियों को भारत का वोटर बनाना चाहते हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी उनकी इस मंशा को कभी सफल नहीं होने देगी।



उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी यही राजनीति कर रही थीं, जिसका परिणाम यह हुआ कि उनकी सरकार में शामिल लोग आज बंगालवासियों की नजर से बाहर हो गए। उन्होंने विधानसभा में हुए पुनर्मतदान के बाद आए नतीजों का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा डेढ़ लाख से अधिक वोटों से जीती है, जो यह दर्शाता है कि जनता एसआईआर के पक्ष में है। वहीं, रायबरेली में राहुल गांधी द्वारा अमित शाह और पीएम नरेंद्र मोदी को गद्दार कहे जाने के सवाल पर निशिकांत दुबे ने कहा कि राहुल गांधी की बातों को अब कोई गंभीरता से नहीं लेता। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह सोनिया गांधी से आग्रह करेंगे कि राहुल गांधी का इलाज कराया जाए, क्योंकि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वहीं, झारखंड की दो सीटों पर होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर सांसद कुछ भी कहने से बचते नजर आए लेकिन उन्होंने इशारों इशारों में कहा कि राज्यसभा के दोनों सीटों पर भाजपा जीतेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के विधायक और सरकार में शामिल लोग यह समझ चुके हैं कि देश का भविष्य भाजपा के साथ है। साथ ही स्थानीय दलों के नेता भी यह महसूस कर रहे हैं कि केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करने से राज्य का विकास संभव है। बता दें कि झारखंड से राज्यसभा की दो सीटों पर चुनाव होने हैं, जिसे लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हैं। निशिकांत दुबे देवघर में एम्स के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे हैं। कार्यक्रम में भाग लेने के बाद देर शाम उनके दिल्ली रवाना होने की संभावना है।

## रांची यूनिवर्सिटी में खुली ऑनलाइन व्यवस्था के दावों की पोल

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। आरयू में एक ओर नई शिक्षा नीति के तहत नामांकन, परीक्षा, री एडमिशन और अन्य शैक्षणिक प्रक्रियाओं को ऑनलाइन करने का दावा लगातार किया जा रहा है जबकि दूसरी ओर जमीनी हकीकत इन दावों से काफी अलग नजर आ रही है। विश्वविद्यालय परिसर में री एडमिशन काउंटर और विद्यार्थी सहायता केंद्र के बाहर छात्रों की लंबी कतार देखने को मिल रही हैं। भीषण गर्मी और उमस के बीच छात्र घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं।

**छात्रों को कई तरह की परेशानी**

राजधानी रांची में इन दिनों तेज धूप और उमस की वजह से दिन के समय सड़क तक सूनी नजर आ रही हैं लेकिन विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की भारी भीड़ जुट रही है। सबसे अधिक परेशानी री एडमिशन और अन्य जरूरी शैक्षणिक कार्यों को लेकर देखी जा रही है। छात्र-छात्राएं सुबह से ही काउंटर के बाहर लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए।

## पलामू-गढ़वा में हीटवेब, साथ ही कई जिलों में बारिश-आंधी का अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। झारखंड में मौसम ने दोहरी चुनौती खड़ी कर दी है। राज्य के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में जहां भीषण गर्मी और उष्ण लहर का असर देखने को मिल सकता है, वहीं कई जिलों में तेज हवा, गरज-चमक और बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम केंद्र रांची की ओर से जारी ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक 25 और 26 मई को लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।

25 मई को राज्य के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में उष्ण लहर यानी हीट वेव चलने की संभावना जताई गई है। इसमें मुख्य रूप से गढ़वा, पलामू और चतरा जिले शामिल हैं। इन इलाकों में तेज गर्म हवाएं और तापमान लोगों की परेशानी बढ़ा सकते हैं।

**डालटनगंज में प्रचंड गर्मी**

पिछले 24 घंटे में झारखंड में गर्मी का असर काफी तेज रहा। राज्य के अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा तापमान डालटनगंज में 44 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ, जिससे यह राज्य का सबसे गर्म इलाका बना रहा। रांची में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

**इन जिलों में पारा 40 डिग्री या ज्यादा**

जमशेदपुर में पारा 40.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से 2.8 डिग्री ज्यादा रहा। बोकारो थर्मल में 42.1 डिग्री और चाईबासा में 40 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। ऑटोमेटेड वेदर स्टेशन के अनुसार देवघर में 40.4 डिग्री, कोडरमा में 40.5 डिग्री और सरायकेला में 40.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

## देवघर एम्स का आठवां स्थापना दिवसः पूर्वोत्तर भारत के लिए वरदान बनेगा संस्थान : अन्नपूर्णा देवी

**देवघर**। झारखंड के सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थानों में शामिल ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस देवघर का सोमवार को आठवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे मुख्य रूप से मौजूद रहे। स्थापना दिवस के अवसर पर एम्स प्रबंधन की ओर से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां संस्थान के निदेशक नितिन गंगाने ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एम्स निदेशक ने कहा कि देवीपुर स्थित एम्स को पूर्वोत्तर भारत के सबसे बड़े अस्पतालों में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान सिर्फ देवघर ही नहीं बल्कि बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल समेत आसपास के



राज्यों के लोगों के लिए भी अत्यंत उपयोगी साबित होगा। करीब 300 एकड़ में फैले इस अस्पताल का आने वाले समय में और विस्तार किया जाएगा। जिससे अधिक लोगों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।

**स्वास्थ्य और सामाजिक विकास में भूमिका निभा रहा है एम्स**

एम्स निदेशक ने बताया कि संस्थान में लगातार देश के प्रतिष्ठित डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति की जा रही है। जिससे यहां आने वाले मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवा मिल सके। उन्होंने कहा कि देवीपुर एम्स स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**एम्स से लाखों परिवारों को मिल रहा है बेहतर इलाज**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के जरिए लाखों गरीब परिवारों को बेहतर इलाज की उम्मीद मिली है। उन्होंने कहा कि देवघर एम्स बनने से पूरे जिले के विकास को नई गति मिली है। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एम्स को लेकर आम लोगों के बीच एक विशेष विश्वास है और इसी भरोसे को मजबूत करने के लिए देशभर में नए एम्स संस्थानों की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि देवीपुर एम्स आने वाले समय में सिर्फ झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे पूर्वोत्तर भारत के लिए वरदान साबित होगा।

## युवा संगम के जरिए जुड़ेंगे दो राज्यों के युवा, आईआईटी आईएसएम से इंदौर के लिए रवाना हुए छात्र




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। भारत सरकार की "एक भारत श्रेष्ठ भारत" पहल के अंतर्गत आयोजित युवा संगम फेज-VI कार्यक्रम के तहत सोमवार को आईआईटी (आईएसएम) धनबाद से झारखंड के प्रतिभागियों का दल आईआईटी इंदौर के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर संस्थान परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। आईआईटी (आईएसएम) के पेनमैन ऑडिटोरियम में आयोजित फ्लैग ऑफ समारोह में संस्थान के निदेशक प्रो। सुकुमार मिश्रा एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तथा पेंटाथलॉन विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अनु कुमारी ने संयुक्त रूप से प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के तहत झारखंड के 42 युवा प्रतिभागी 26 मई से 3 जून तक आईआईटी इंदौर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। इस दौरान उन्हें दूसरे राज्य की संस्कृति, शिक्षा व्यवस्था, नवाचार, परंपराओं और सामाजिक जीवन को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा। युवा संगम कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव बढ़ाना और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना है। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने कहा कि युवाओं की पहचान केवल उनकी उम्र से नहीं, बल्कि उनके विचार, उत्साह और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता से होती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को नए अनुभवों से जोड़ते हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। मुख्य अतिथि अनु कुमारी ने अपने जीवन संघर्ष और खेल यात्रा के अनुभव साझा करते हुए युवाओं को निरंतर मेहनत करने, असफलताओं से सीख लेने और विकसित भारत 2047 के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

## केंद्र सरकार पर भड़कीं सचिव अंबा प्रसाद, नीट परीक्षा में अनियमितता पर बोला तीखा हमला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। नीट परीक्षा में लगातार सामने आ रही पेपर लीक और अनियमितता पर कांग्रेस ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोला है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव अंबा प्रसाद ने कांग्रेस भवन में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए नीट परीक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया पर उठ रहे गंभीर सवालों को देश के लाखों छात्रों और अभिभावकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया है।

**विफलताओं का प्रतीक बन चुकी है राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसीः अंबा प्रसाद**

कांग्रेस कार्यालय में उन्होंने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के तौर तरीकों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जिस संस्था को देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। वही अब अव्यवस्था, गोपनीयता भंग और प्रशासनिक विफलताओं का प्रतीक बन चुकी है।

**कब तक होगी परीक्षा केंद्रों में धांधली?**

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होने, परीक्षा केंद्रों में धांधली, रिजल्ट में गड़बड़ी और तकनीकी अव्यवस्था की घटनाओं ने यह साबित कर दिया है कि एनटीए पूरी तरह से अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है। नीट जैसी परीक्षा, जिसमें देश के गरीब, मध्यमवर्गीय और ग्रामीण परिवारों के बच्चे वर्षों की मेहनत और सपनों के साथ शामिल होते हैं, उस परीक्षा की पवित्रता पर प्रश्नचिह्न लगना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है।

**नीट परीक्षा पेपर लीक के बहाने केंद्र सरकार पर हमला**

एआईसीसी सचिव अंबा प्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के बड़े-बड़े दावे करती है लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि युवाओं का भविष्य लगातार असुरक्षित होता जा रहा है। लाखों छात्र दिन-रात मेहनत करते हैं कोचिंग और पढ़ाई पर परिवार अपनी जीवनभर की कमाई खर्च कर देते हैं लेकिन अंत में यदि पेपर लीक माफिया और भ्रष्ट तंत्र परीक्षा को प्रभावित कर दें तो यह मेहनतकश छात्रों के साथ सीधा अन्याय है।

**निष्पक्षता पर भरोसा खो चुकी है एनटीएः एआईसीसी सचिव**

पार्टी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्रालय ने समय रहते न तो कोई जवाबदेही तय की और न ही परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम उठाए। हर बार जांच और कार्रवाई का आश्वासन देकर सरकार अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश करती रही है। अब स्थिति ऐसी हो गई है कि देश के छात्र एनटीए की निष्पक्षता पर भरोसा खो चुके हैं।

**तत्काल इस्तीफा दें केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

कांग्रेस ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देने की मांग की है साथ ही कहा कि जब देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाएं बार-बार विवादों में आ रही हैं तो शिक्षा मंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर लगातार हो रही इन विफलताओं की जिम्मेदारी कौन लेगा?

**दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग**

कांग्रेस ने मांग करते हुए कहा कि नीट पेपर लीक मामले की निगरानी सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में स्वतंत्र जांच कराई जाए। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो तथा एनटीए की कार्यप्रणाली की व्यापक समीक्षा कर परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाया जाए। कांग्रेस सचिव ने आगे कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और पार्टी देशभर के छात्रों की आवाज बनकर इस मुद्दे को मजबूती से उठाती रहेगी।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा संदर्भ सं. सीओएम/टीसी/एचएचटी/वन टाइम रिपेयर/डिफेक्टिव इक्विपमेंट/एचडब्ल्यूएच/25, दिनांकः 22.05.2026,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा मंडल, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग (प्रथम तल), (रेल म्यूजियम के पास), हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता हैः **कार्य का विवरणः** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा के कार्यक्षेत्र में एएमसी कवरेज से पहले दोषपूर्ण पाए गए 29 एचएचटी उपकरणों की एक बार के लिए मरम्मत। **निविदा का प्रकारः** खुली। **निविदा शुल्कः** रु.0.0, **निविदा मूल्यः** रु. 0.0, **निविदा कागजात डाउनलोड शुरू होनाः** 26.05.2026 को 11.00 बजे। **निविदा कागजात डाउनलोड करने की अंतिम तिथिः** 03.06.2026 को 14.00 बजे। **निविदा बोली जमा करने की प्रारंभ तिथिः** 26.05.2026 को 11.00 बजे। **निविदा बोली जमा करने की अंतिम तिथिः** 03.06.2026 को 14.00 बजे। **निविदा बोली खोलने की तिथि :** दिनांक 03.06.2026 को 15.00 बजे।

HWH-97/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EastemRailway
@easternrailwayheadquarter

## देवकुंड धाम स्थित मठ में स्थापित कुंड में पांच सौ वर्षों से जल रही आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। करीब पांच सौ वर्ष पहले से देवकुंड धाम स्थित मठ में स्थापित कुंड में आग जल रही है। अग्निकुंड से 24 घंटे अग्नि निकलते रहती है। अग्निकुंड के राख को भभूत के रूप में श्रद्धालु अपने घर ले जाते हैं। कुंड की चर्चा पद्मपुराण, आनंद रामायण, वायु पुराण समेत कई धार्मिक ग्रंथों में वर्णित है, जिसके अनुसार ब्रह्मपुत्र महर्षि भृगु के आत्मज च्यवन ऋषि यहां तपस्या करने पहुंचे थे। बता दें कि यह कुंड भृगु को उत्पन्न करने वाला है। कुंड को मठ के प्रथम महंत बाबा बालपुरी जी द्वारा त्रियुगी नारायण से समाहित अग्नि से प्रज्जवलित की गई थी। अबतक अनेक प्राकृतिक आपदाओं से जूझने के बावजूद इस कुंड से अभी तक अग्नि प्रज्जवलित होती रहती है। कुंड के पास ही बाबा का खाट, खड़ांव सबल प्रमाण हैं। 26 जून 1988 को त्रयोदशी (सोमवार) के दिन जीर्णोद्धार के समय कुंड के पास ही च्यवन ऋषि, बाबा बालपुरी व महंथ केदारनाथपुरी की प्रतिमा स्थापित की गई। पुराण के अनुसार देवकुंड में ही च्यवन ऋषि का आश्रम माना गया है। आनंद रामायण के अनुसार उसी समय भगवान राम कर्मनाशा नदी पार करके च्यवन ऋषि का दर्शन करने देवकुंड पहुंचे थे। दर्शन से पहले वे प्राचीन सरोवर में स्नान किया था। उसके बाद शिवलिंग की स्थापना की जहां आज पूरे वर्ष जलाभिषेक करने को भीड़ लगी रहती है। वहीं भगवान विश्वकर्मा ने दूधेश्वरनाथ मंदिर का निर्माण कराया। कहा जाता है कि देवकुंड में कई देवी-देवताओं के वास थे। इसलिए देव व कुंड के कारण इसका नाम देवकुंड पड़ा। च्यवन ऋषि के आश्रम के कारण इसका पूरा नाम 'च्यावनाश्रम देवकुंड' पड़ गया। इसलिए यह प्राचीन, धार्मिक, सांस्कृतिक व पौराणिक स्थल के लिए प्रसिद्ध हो गया। कहा जाता है कि शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। यह जगह अत्यंत प्रख्यात है परंतु सरकार की आंखों से ओझल। यहां से आशीर्वाद लेकर कई नेता विधायक व मंत्री बने परंतु इस स्थल का विकास नहीं हो सका। बिहार के शिव-स्थलों की जारी सूची में देवकुंडधाम का नाम जरूर रहता है। देवकुंड को पर्यटन स्थल के रुप में विकसित करने की जरूरत है।

## पीवीयूएनएल में अम्ल रिसाव पर आधारित मॉक ड्रिल का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पतरातू (रामगढ़)**। पीवीयूएनएल में मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीइओ), पीवीयूएनएल ए.के. सहगल के निर्देशन में आपदा एवं किसी भी शत्रुतापूर्ण परिस्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु कर्मचारियों, सीआईएसएफ एवं प्रबंधन को सजग एवं प्रशिक्षित रखने के उद्देश्य से अम्ल रिसाव (एसिड लीकेज) पर आधारित एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। सीआईएसएफ एवं एनडीआरएफ टीम की सहभागिता से मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। उक्त मॉक ड्रिल का आयोजन डीएम प्लांट स्थित अम्ल भंडारण टैंक क्षेत्र में किया गया, जहां अम्ल रिसाव की काल्पनिक आपात स्थिति उत्पन्न कर राहत एवं बचाव कार्यों का




अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान सीआईएसएफ एवं एनडीआरएफ के मध्य उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला तथा प्रबंधन का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। चिकित्सालय एवं एम्बुलेंस दल पूर्ण तत्परता के साथ सक्रिय रहे। सुरक्षा अधिकारी, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) एवं महाप्रबंधक (परियोजना) भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पीवीयूएनएल के साथ मानव संसाधन विभागाध्यक्ष नियंत्रण कक्ष में उपस्थित रहकर संपूर्ण स्थिति पर सतत निगरानी बनाए हुए थे। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य अम्ल रिसाव जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित, समन्वित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करना तथा विभिन्न एजेंसियों के मध्य बेहतर तालमेल स्थापित करना था।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-10, दिनांकः 21.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा अपेक्षित निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं. : टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-10, कार्य का नामः** बराकर स्टेशन यार्ड में अप रिसेप्शन लाइन (लाइन नं. 16) का विस्तार। **निविदा मूल्य** : रु. 1,80,65,062.36, **बयाना राशिः** रु. 3,61,300/-, **कार्य की समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधताः** खुलने की तिथि से 45 दिन। **खुलने की तिथि और समय** : दिनांक 03.07.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-109/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# पूर्व सांसद के घर छापेमारी, पति-पत्नी हिरासत में

- घंटों चली छापेमारी, इलाके में मचा हड़कंप
- प्रतिबंधित दवाओं का बड़ा जखीरा बरामद
- कारोबार का नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया शहर के पिपरपांती मोहल्ले में सोमवार को ड्रग विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। कांग्रेस के पूर्व सांसद स्व. रंजीत सिंह उर्फ रंग सिंह के मकान में हुई छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं बरामद की गईं। पुलिस ने मौके से पति-पत्नी को हिरासत में लिया है, जबकि जांच एजेंसियां अब अवैध दवा कारोबार के बड़े नेटवर्क की कड़ियां खंगालने में जुट गई हैं। जानकारी के अनुसार, जिस मकान में कार्रवाई की गई, वहां किराए पर पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग का कार्यालय भी संचालित होता है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के न्यू एरिया पिपरपांती स्थित मकान में सोमवार दोपहर अचानक ड्रग विभाग और जिला पुलिस की टीम पहुंची। देखते ही देखते इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान घर के अंदर घंटों तक तलाशी अभियान चलता रहा। अचानक हुई इस छापेमारी से मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोग घर के बाहर जुट गए।

जांच टीम ने मकान से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाइयां बरामद की हैं। अधिकारियों के मुताबिक बरामद दवाओं में लिंग संबंधी बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली मेडिसिन और प्रतिबंधित कफ सिरप शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि इन दवाओं की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। मौके से विकास कुमार और उनकी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है।

सूत्रों के अनुसार ड्रग विभाग को काफी समय से इस इलाके में अवैध दवा कारोबार की सूचना मिल रही थी। शुरूआती जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि प्रतिबंधित दवाओं की सप्लाई जिले के अलावा दूसरे क्षेत्रों में भी की जाती थी। फिलहाल पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

गया के ड्रग इंस्पेक्टर विजय कुमार ने बताया कि बरामद दवाएं सामान्य मेडिकल दुकानों पर डॉक्टर की पर्ची के बाद ही दी जाती हैं। उन्होंने कहा कि छापेमारी में लाखों रुपये की दवाएं मिली हैं और यह पता लगाया जा रहा है कि इनकी सप्लाई कहां-कहां होती थी। मामले में कई बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## झपट्टामारों ने छीनी चेन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले में लुटेरों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा। ताजा मामला काजीमोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के कलमबाग चौक से जुड़ा हुआ है। यहां पर बाइकर्स बदमाशों ने रविवार की रात करीब साढ़े 10 बजे कुल्फी खा रही एक महिला के गले से सोने की चेन छीन ली। जब तक महिला शोर मचाई। तब तक बाइकर्स बदमाश तेज रफ्तार में भाग निकले। सूचना मिलने के बाद पहुंची काजीमोहम्मदपुर थाने की पुलिस ने मौके पर जांच की। पुलिस का कहना है कि खबड़ा इलाके की इशा चंद्राकर नामक महिला से चेन छिनतई की गई है। आसपास में लगे सीसी कैमरे को खंगालकर बदमाशों की गिरफ्तारी की कवायद की जा रही है। वहीं घटना के बाद पीड़िता के अन्य स्वजन भी पहुंच गए थे। वह उनको सामान्य करने की कोशिश कर रहे थे। जबकि वह खुद बदहवास लग रही थीं। कह रही थीं कि वह पूरी जिंदगी इस शाम व कुल्फी को नहीं भूल पाएगी। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। लोगों का कहना था कि अब अपराधी इतने बेखौफ हो गए हैं कि सरेआम ऐसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

# बारिश के लिए हवन-पूजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली जिले में भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से राहत पाने के लिए एक अनोखी पहल शुरू की गई है। वर्षा की कामना को लेकर आज से हवन-यज्ञ और पूजा-अर्चना प्रारंभ की गई है। आमतौर पर लोग पूजा-पाठ और यज्ञ के माध्यम से अपनी-अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं, लेकिन वैशाली के केदार प्रसाद यादव की मांग कुछ अलग है। उन्होंने लोगों को तेज धूप और भीषण गर्मी से राहत मिले तथा जल्द बारिश हो, इसके लिए यज्ञ शुरू कराया है।

पूरा मामला वैशाली जिले के भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत रतनपुरा गांव का है, जहां केदार प्रसाद यादव द्वारा पूजा-अर्चना और हवन कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कई दिनों से लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षी भी गर्मी से बेहाल हैं।

केदार प्रसाद यादव ने बताया कि जब तक बारिश नहीं होगी, तब तक हवन-यज्ञ जारी रहेगा। उन्होंने भगवान के समक्ष प्रार्थना करते हुए कहा कि पूजा-अर्चना से भगवान प्रसन्न होते हैं और लोगों को तेज धूप व गर्मी से राहत मिलेगी। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से बचने के लिए लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। गर्मी के कारण सड़कें, चौक-चौराहे सुनसान नजर आ रहे हैं। बच्चे भी तेज गर्मी से परेशान हैं। झुलसा देने वाली गर्मी का असर पालतू जानवरों पर भी पड़ रहा है। लोग जानवरों को धूप से बचाने के लिए पेड़ों के नीचे और गौशालाओं में रख रहे हैं। हीटवेव के कारण लोग बीमार भी पड़ रहे हैं। हीटवेव से बचने के लिए लोग तरह-तरह के जूस और ठंडे पेय का सेवन कर रहे हैं। जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग छाता, गमछा और तौलिया का इस्तेमाल कर रहे हैं। गर्म हवाओं के कारण राज्य के विभिन्न जिलों में स्कूली बच्चे भी बीमार पड़ रहे हैं। लगातार पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए वैशाली जिला प्रशासन ने भी कदम उठाया है। जिला अधिकारी के आदेश के बाद स्कूलों को बंद कर दिया गया है। हवन में शामिल लोगों ने भगवान से प्रार्थना की कि बिहारवासियों को भीषण गर्मी से जल्द राहत मिले।

## सेफ्टी टंकी रिपेयरिंग के दौरान दम घुटने से एक की मौत, दो घायल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत दहियार रन्ना पंचायत के शहरू गांव वार्ड संख्या 3 में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सेफ्टी टंकी की रिपेयरिंग के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में मकान मालिक पलटन ठाकुर (62 वर्ष) की मौत हो गई, जबकि एक राजमिस्त्री एवं एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का इलाज दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) में चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पलटन ठाकुर अपने घर की सेफ्टी टंकी की मरम्मत करा रहे थे। इसी दौरान टंकी के अंदर जहरीली गैस के रिसाव के कारण दम घुटने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। बताया जाता है कि टंकी के अंदर काम कर रहे मजदूर की हालत बिगड़ने लगी, जिसे बचाने के लिए मकान मालिक पलटन ठाकुर भी अंदर उतर गए। देखते ही देखते वहां मौजूद राजमिस्त्री एवं अन्य मजदूर भी बेहोश होकर गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण दौड़कर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला गया।आनन-फानन में सभी को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने पलटन ठाकुर को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल राजमिस्त्री एवं मजदूर की हालत नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया गया। घटना की खबर मिलते ही गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे हुए हैं।

## गला दबाकर हत्या

**गयाजी।** जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र के विश्रामपुर गांव में शनिवार की रात 25 वर्षीय एक विवाहिता की गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया गया है। वह भी महज इसलिए कि चार रोटी कम बनाई। मृतका 25 वर्षीय रीना कुमारी थी। प्राथमिकी के आलोक में पुलिस ने सास-ससुर को गिरफ्तार कर लिया। मृतका के स्वजन ने पुलिस को बताया कि पांच साल पहले रीना की शादी विश्रामपुर गांव के इंद्रदेव मिस्त्री के पुत्र सागर विश्वकर्मा के साथ की थी। उनका एक साल का एक बच्चा है। शादी के कुछ ही दिन बाद से दहेज को लेकर रीना से मारपीट की जाने लगी। इसकी शिकायत वह मायके में करती थी। रीना के पिता ने ने बताया कि दामाद काम करने के लिए दूसरे प्रदेश गए हुए है। बेटी घर में सास-ससुर के साथ रह रही थी। शनिवार की रात उसने फोन कर बताया कि खाने में चार रोटी कम गई है, इसको लेकर सास, ससुर और दोनों ननद उसे ताना दे रही हैं, झगड़ रही हैं। करीब 9 बजे रात में उसने इसकी जानकारी दी। रात अधिक होने के कारण मेडिकल थाना क्षेत्र के बजराही गांव से रात में नहीं आ सके।

# पांच हजार रुपये रिश्वत लेते लिपिक धराया

## बटखारा लाइसेंस के नवीनीकरण के बदले मांगे थे पैसे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को बेगूसराय में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सहायक नियंत्रक मापतौल कार्यालय के लिपिक पुष्कर कुमार को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि उसने बटखारा (वजन माप मानक) लाइसेंस के नवीनीकरण के बदले 5000 रुपये की घूस मांगी थी।

निगरानी विभाग की इस कार्रवाई के बाद मापतौल कार्यालय समेत पूरे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। मामले में पटना निगरानी थाना में कांड संख्या 62/26 दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार, बेगूसराय के सहायक नियंत्रक मापतौल कार्यालय में एक व्यवसायी का बटखारा लाइसेंस नवीनीकरण का मामला लंबित था। व्यवसायी कई दिनों से कार्यालय का चक्कर लगा रहा था, लेकिन उसका काम नहीं हो पा रहा था।

आरोप है कि इसी दौरान लिपिक पुष्कर कुमार ने फाइल आगे बढ़ाने के बदले 5000 रुपये रिश्वत की मांग की। बार-बार पैसे की मांग से परेशान व्यवसायी ने इसकी शिकायत पटना स्थित निगरानी अन्वेषण ब्यूरो से कर दी।

निगरानी विभाग ने शिकायत मिलने के बाद पूरे मामले का सत्यापन कराया। जांच में रिश्वत मांगने की बात सही पाई गई। इसके बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विशेष धावा दल का गठन किया गया।

पूरी कार्रवाई की योजना बेहद गोपनीय तरीके से तैयार की गई ताकि आरोपी को भनक न लगे। टीम ने व्यवसायी को तय रकम के साथ आरोपी के पास भेजा। सोमवार को पूर्व निर्धारित योजना के तहत व्यवसायी घूस की रकम लेकर मापतौल कार्यालय पहुंचा। जैसे ही उसने आरोपी लिपिक पुष्कर कुमार को 5000 रुपये दिए, पहले से घात लगाए निगरानी विभाग की टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली गई। अचानक हुई इस कार्रवाई से कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारी हैरान रह गए।

निगरानी टीम आरोपी को तुरंत अपने साथ लेकर चली गई।

## कस्टमाइज्ड स्पेशल सर्विस वैल्यू पैकेज कार को ठंडा और सड़क पर रखेंगे तैयार : मुथन्ना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** कस्टमर-फर्स्ट दर्शन के साथ अपने ग्राहकों को बेहतरीन सर्विस अनुभव देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। ग्राहक इनसाइट्स के आधार पर हमने नई कारों, यूज्ड कारों और आफ्टर-सेल्स सर्विस पर शानदार समर स्कीम्स तैयार की हैं। हमारे कस्टमाइज्ड स्पेशल सर्विस वैल्यू पैकेज आपकी कार को ठंडा और सड़क पर तैयार रखेंगे। ये बातें टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के मेगा समर सेलिब्रेशन 2026 की शुरूआत की घोषणा पर टोयोटा किर्लोस्कर मोटर, नॉर्थ रीजन के वाइस प्रेसिडेंट और चीफ रिप्रेजेंटेटिव मुथन्ना ने कहीं।

उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि यह कैंपेन ओनरशिप संतुष्टि को बढ़ाएगा और टोयोटा वाहन चलाने का आनंद और मजबूत करेगा। मेगा समर सेलिब्रेशन 2026 बिहार के प्रमुख शहर मुजफ्फरपुर सहित अन्य जिले, एनसीआर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के सभी अधिकृत टोयोटा डीलरशिप्स पर उपलब्ध रहेगा। यह कैंपेन मई से जून 2026 तक चलेगा।

## जनता दरबार में 17 मामलों की सुनवाई

**अररिया।** सात निश्चय के अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत सोमवार को जिला पदाधिकारी अररिया विनोद दूहन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कुल 17 मामलों की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को सभी शिकायतों एवं आवेदनों का त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# संज्ञा समिति गया धाम की वार्षिक आम सभा सम्पन्न

## सामाजिक एकता पर दिया गया जोर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी/गया।** रविवार को संज्ञा समिति गया धाम की वार्षिक आम सभा का आयोजन मुस्तफाबाद अशोक नगर स्थित सेकेंडरी दिल्ली पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं सूर्यनारायण भगवान की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर विभिन्न जिलों से पहुंचे अतिथियों एवं प्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार पाठक ने कहा कि शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज केवल एक जाति नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार, त्याग एवं समाज निर्माण की परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने समाज में प्रेम, सहयोग, सम्मान और एकता बनाए रखने का आह्वान किया।

समिति के उपाध्यक्ष वज्रनन्दन पाठक ने कहा कि जिस प्रकार आर्यभट्ट, वराहमिहिर और चाणक्य जैसे महापुरुषों ने समाज को दिशा देने का कार्य किया, उसी प्रकार आज भी समाज के लोगों को सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने की आवश्यकता है। केंद्रीय महासचिव गोपाल मिश्र ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए आपसी सहयोग और एकजुटता पर बल दिया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार प्रियंजन मिश्र ने युवाओं से आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ आयुर्वेद, ज्योतिष एवं कर्मकांड जैसी पारंपरिक विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करने की अपील की।

कमलेश पुण्यार्थी ने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में युवा पीढ़ी अपने संस्कारों से दूर होती जा रही है, ऐसे में उन्हें समय रहते सजग होने की जरूरत है। वरिष्ठ साहित्यकार रामकृष्ण मिश्र ने सामाजिक एकता को समाज के गौरव की पुनर्स्थापना के लिए आवश्यक बताया।

डॉ. सचिदानंद प्रेमी ने सामाजिक समरसता और परस्पर सहयोग की भावना को मजबूत करने पर जोर दिया। समिति के वरिष्ठ सदस्य भैरवनाथ पाठक ने युवाओं से अपने चहुंमुखी विकास के साथ संस्कार निर्माण पर भी ध्यान देने की बात कही।

मुख्य अतिथि दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया के प्रो. डॉ. ब्रजेश कुमार मिश्र ने कहा कि समाज में किसी भी व्यक्ति को अपने स्तर से जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए और आपसी सुख-दुख में सहभागिता निभानी चाहिए।

सभा में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. रामदत्त मिश्र, डॉ. राघवेंद्र मिश्र, देवेंद्रनाथ मिश्र, प्रो. मनोज मिश्र, डॉ. विनय मिश्र, मनीष कुमार मिश्र, अमरेंद्र कुमार मिश्र, योगेंद्र कुमार मिश्र, राजेश कुमार मिश्र, डॉ. पंकज कुमार, शेरघाटी से चंदन कुमार मिश्र,विजय दत्त पाठक,अजय मिश्र,शशि भूषण मिश्र,अनुज मिश्र, डॉ. धर्मेंद्र मिश्र, ललित मिश्र, शिव बल्लभ मिश्र, ओम प्रकाश पाठक, अरुण कुमार मिश्र मधुप, विनय कुमार मिश्र एवं डॉ. चंद्रशेखर शर्मा सहित गया एवं आसपास के जिलों से आए लगभग 300 गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## शादी से इंकार करने पर प्रेमिका चढ़ी टावर पर

**गोपालगंज।** जिले में प्यार और जिद के अनोखे कारनामे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। जिले में लड़कियों के मोबाइल टावर पर चढ़ने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला महम्मदपुर थाना क्षेत्र के टेकनवास गांव से सामने आया है, जहां सोमवार को एक 15 वर्षीय किशोरी हाई-वोल्टेज ड्रामा करते हुए मोबाइल टावर पर चढ़ गई। किशोरी अपने प्रेमी को बुलाने और उससे शादी करने की जिद पर अड़ी रही। इस पूरे घटनाक्रम ने मशहूर फिल्म 'शोले' के 'वीरू' वाले आइकॉनिक सीन की यादें ताजा कर दीं। जानकारी के अनुसार, महम्मदपुर थाना क्षेत्र के गाजी गौरा गांव की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी का अपने ही गांव के धनंजय सहनी नामक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच काफी समय से बातचीत थी, लेकिन हाल ही में जब किशोरी ने शादी की बात की तो प्रेमी धनंजय ने संबंध स्वीकार करने से साफ इनकार कर दिया। प्रेमी के इस व्यवहार से नाराज और आहत होकर किशोरी ने आत्मघाती कदम उठाने का फैसला किया और टेकनवास गांव में स्थित एक ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गई।

# तालाब में डूबने से छात्र की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत एकमा बाजार के वार्ड संख्या चार स्थित भटोली गांव निवासी अजय यादव 11 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार यादव की तालाब में डूबने से सोमवार को मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम पसरा है।

बताया जाता है कि भटोली गांव निवासी अजय यादव का इकलौता पुत्र आदित्य कुमार यादव सोमवार की सुबह घर से निकला था। इसी दौरान भीषण गर्मी से राहत के उद्देश्य से वह गांव के दो अन्य बच्चों के साथ राजापुर गांव स्थित एक तालाब में नहाने चला गया। नहाने के दौरान तीनों बच्चे गहरे पानी की ओर चले गए। बताया जाता है कि उक्त तालाब को पूर्व में मछली पालन और सिंघाड़ा की खेती के लिए भुईली गांव के काश्तकारों से राजापुर निवासी एक व्यक्ति द्वारा लिया गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार तालाब में पानी काफी गहरा था तथा अंदर कीचड़ और दलदल होने के कारण आदित्य उसमें फंस गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दो बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन आदित्य को बाहर निकालने में देर हो गई। परिजन और ग्रामीण उसे तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकमा ले गए, जहां चिकित्सक डॉ. आयुष्मान कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों को भरोसा नहीं होने पर वे उसे एक निजी क्लिनिक भी ले गए, लेकिन वहां भी चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

**अररिया।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को समाहरणालय स्थित परमान सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी अररिया विनोद दूहन ने की। बैठक में जोकीहाट विधायक मोहम्मद मुर्शिद आलम, जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम, पुलिस अधीक्षक अररिया जितेन्द्र कुमार, उप विकास आयुक्त अररिया रोजी कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया।

## 527 बेटिकट यात्रियों से वसूला गया 3,10,945 का जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** मालदा रेल मंडल के विभिन्न रेलखंडों पर रविवार को विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बिना टिकट और अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों पर कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत कुल 527 मामलों में 3,10,945 का जुर्माना वसूला गया।

यह विशेष टिकट जांच अभियान भागलपुर-गोड्डा, भागलपुर-जमालपुर और भागलपुर-साहिबगंज रेलखंडों पर एक साथ चलाया गया। अभियान के दौरान कोईली खुटाहा, गोनू धाम, हाटपुरैनी, टिकानी हाल्ट, मंदार हिल और गोड्डा सहित कई स्टेशनों पर सघन जांच की गई। रेलवे अधिकारियों ने ट्रेनों के अंदर और स्टेशनों पर यात्रियों के टिकट, यात्रा श्रेणी और अन्य दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान बिना टिकट यात्रा और अनियमित टिकट के मामलों को विशेष रूप से चिह्नित किया गया।

जांच अभियान के दौरान कुल 527 यात्री बिना टिकट या अनियमित टिकट के साथ यात्रा करते पकड़े गए। इन सभी मामलों में रेलवे की ओर से तत्काल जुमार्ना लगाया गया। इस कार्रवाई से रेलवे को ?3,10,945 की राजस्व प्राप्ति हुई। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभियान का मुख्य उद्देश्य रेलवे राजस्व की सुरक्षा के साथ-साथ यात्रियों को नियमों के प्रति जागरूक करना भी है।

यह अभियान मालदा रेल मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के निर्देश पर चलाया गया। अभियान का नेतृत्व कार्तिक सिंह ने किया। मौके पर वाणिज्य निरीक्षक, टिकट जांच कर्मचारी तथा रेलवे सुरक्षा बल के जवान भी मौजूद थे।अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों को न केवल जुमार्ना लगाया गया, बल्कि उन्हें भविष्य में वैध टिकट लेकर यात्रा करने के लिए जागरूक भी किया गया। रेलवे अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ऐसे अभियान आगे भी नियमित रूप से चलाए जाएंगे।

# नवीन इलेवन ने जीता शहीद विजय सीजन-4 का खिताब

## अमन के बल्ले ने उगली आग, तोप किंग्स 10 विकेट से ढेर




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां(पटना)।** शहीद विजय क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-4 का सरथुआ रेलवे ग्राउंड में रविवार देर रात रंगारंग समापन हुआ। फाइनल में नवीन इलेवन चंडासी ने तोप सुपर किंग्स को 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर चमचमाती ट्रॉफी, मोमेंटो और एक लाख रुपये की नकद राशि पर कब्जा जमा लिया।

दूसरे सेमीफाइनल जैसा रोमांच फाइनल में देखने को नहीं मिला। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तोप सुपर किंग्स बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही। जवाब में नवीन इलेवन चंडासी के ओपनर अमन यादव ने 11 गेंद में 45 रन और शहबाज मैक्सी ने 12 गेंद में 27 रन की तूफानी पारी खेलकर फटाफट अंदाज में मैच खत्म कर दिया। अमन के लगातार लंबे-लंबे छक्कों पर दूधिया रोशनी में नहाए ग्रीनटॉप ग्राउंड में दर्शकों की तालियां गूंजती रहीं।

तोप किंग्स के सौरभ लाला ने सेमीफाइनल में आखिरी ओवर में सुमित इलेवन पटना से जीत छीनी थी, लेकिन फाइनल में वे सिर्फ 7 रन बना सके। आयोजन समिति के मुकेश कुमार के लगन और हौसले ने इस टूर्नामेंट को पटना जिले में नई पहचान दी। उनके साथ ई. विक्कू रंजन, अंबर पटेल, अविनाश कुमार, मंटू कुमार, रवि रंजन, गणतंत्र, रवि कुमार, रंजन कुमार, सुमित कुमार की टीम ने दिन-रात एक कर कार्यक्रम को सफल बनाया। पूर्व एमएलसी वाल्मीकि सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष नवनीत कुमार, पैक्स अध्यक्ष मुन्ना कुमार, मनोज पटेल, मोहाबी कुमार, डॉ. राजीव नयन, सुधीर कुमार सिंह, उपेंद्र चौधरी, सोनू कुमार समेत कई गण्यमान्य लोगों ने मैदान में मौजूद रहकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

तेज पुरवाई हवा के झोंकों के बीच रेलवे ग्राउंड पर क्रिकेट का लुत्फ उठाना दर्शकों के लिए खूबसूरत एहसास रहा। आयोजन मंडल के मुकेश कुमार ने कहा, ऱ्ऐसे खेल आयोजनों का मकसद सिर्फ ट्रॉफी नहीं है। हम समाज में प्रेम, मैत्री, सद्भावना बढ़ाना चाहते हैं और युवाओं को टीम भावना से काम करने की प्रेरणा देना चाहते हैं।

## युवक ने खाई चूहा मारने की दवा

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग पंचायत के मांगोडीह गांव का एक युवक सोमवार की सुबह घरेलू विवाद में चूहा मारने की दवा खा लिया। युवक को गम्भीर स्थिति में सुबह रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. अभिप्राय चौधरी ने बताया कि चूहा मारने की दवा खाने वाले युवक की पहचान मांगोडीह गांव निवासी हारो राजवंशी के पुत्र रविन्द्र राजवंशी के रूप में हुई है।युवक की स्थिति गंभीर होने पर रविंद्र राजवंशी का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल रेफर किया गया है। चिकित्सक ने युवक की स्थिति को चिंताजनक बताया है।

## तालाब खुदाई में मिली दुर्लभ प्रतिमा, पूजा-पाठ शुरू

### 1200 साल पुरानी बतायी जा रही मूर्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** प्रखंड क्षेत्र के धनामा गांव में तालाब खोदाई के दौरान एक आकर्षक प्राचीन मूर्ति मिलने से इलाके में कौतूहल का माहौल बन गया। मूर्ति मिलने की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

प्रतिमा को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान ग्रामीणों ने मूर्ति को मंदिर में रखकर पूजा-अर्चना भी शुरू कर दी।

सूचना मिलने पर चंद्रदीप थानाध्यक्ष अरविंद कुमार, अंचलाधिकारी दिवाकर रंजन तथा जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और प्रतिमा की पहचान एवं उसके कालखंड का पता लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई। कुछ लोग प्रतिमा को भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की प्रतिमा बता रहे हैं, जबकि कई लोग इसे भगवान शिव और माता पार्वती की उमा-महेश्वर प्रतिमा मान रहे हैं। प्रतिमा का अवलोकन करने पर भगवान शिव और माता पार्वती का संयुक्त स्वरूप स्पष्ट प्रतीत होता है।

भगवान शिव के हाथ में त्रिशूल दिखाई दे रहा है, जबकि माता पार्वती उनकी गोद में विराजमान हैं। अंचलाधिकारी ने बताया कि पुरातत्व की भाषा में इसे ह्यउमा-महेश्वर आलिंगन प्रतिमाह्न कहा जाता है। यह प्रतिमा काले पत्थर से तराशी गई है तथा इसके पीछे सुंदर नक्काशीदार प्रभामंडल बना हुआ है।

धनामा गांव के शिक्षाविदों का कहना है कि क्षेत्र में तालाब या खेत की खोदाई के दौरान मिलने वाली इस प्रकार की काली पत्थर की कलात्मक मूर्तियां सामान्यतः पालकाल (आठवीं से बारहवीं शताब्दी) की मानी जाती हैं।

### मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने की पुनौरा धाम के समग्र विकास कार्यों की उच्च स्तरीय समीक्षा

# समय-सीमा के भीतर विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने का दिया कड़ा निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** माता सीता की पावन जन्मस्थली, सीतामढ़ी स्थित 'पुनौरा धाम' को अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की तर्ज पर एक भव्य और विश्वस्तरीय धार्मिक व पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए बिहार सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की प्रगति को लेकर आज मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने पुनौरा धाम के 'समग्र विकास' से जुड़े विभिन्न घटकों, निर्माण कार्यों की समय-सीमा और भावी लक्ष्यों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुनौरा धाम का विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च



प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्य सचिव ने निर्माण एजेंसी और बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम को 10 मई 2026 से 10 अगस्त 2026 के बीच निर्धारित 'तीन माह के लक्ष्यों' को पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने का सख्त निर्देश दिया है।

**परिसर के भीतर सड़क नेटवर्क का तेजी से निर्माण:** परिसर के आंतरिक सड़क नेटवर्क और आम जनता के लिए वैकल्पिक मार्ग के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया, ताकि आगामी 10 जुलाई 2026 तक यह कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो सके।

**जमीन हस्तांतरण और अतिक्रमण हटाने में तेजी:** मुख्य सचिव ने जिला प्रशासन, सीतामढ़ी को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि गायत्री मंदिर ट्रस्ट को वैकल्पिक भूमि का हस्तांतरण करने तथा सीता रसोई, पीठाधीश्वर निवास और गायत्री मंदिर जैसी शेष 3 इमारतों को खाली कराने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि निर्माण कार्य निर्बाध रूप से चल सके।

**ड्राइंग्स का अंतिम सत्यापन:** फाउंडेशन और स्ट्रक्चर से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण ड्राइंग्स के सत्यापन कार्य को 22 जुलाई 2026 तक हर हाल में अंतिम रूप देने का निर्देश दिया गया।

**श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान:** मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि मुख्य मंदिर के साथ-साथ परिसर में बनने वाले यात्री निवास, डिजिटल गैलरी, पार्क और अन्य जनसुविधाओं का खाका इस प्रकार तैयार हो कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को यहाँ उत्तम अनुभव प्राप्त हो।

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने अंत में कहा कि पुनौरा धाम केवल एक पर्यटन परियोजना नहीं है, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। पर्यटन विभाग के वरीय अधिकारियों को समय-समय पर स्वयं कार्यस्थल का दौरा कर भौतिक प्रगति की समीक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# नई औद्योगिक परियोजनाएं बिहार को विनिर्माण केंद्र बनाएंगी : उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह

### बरियारपुर में 62.27 करोड़ की अत्याधुनिक पीईबी फैब्रिकेशन मेटेरियल निर्माण इकाई को मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना में बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) की परियोजना स्वीकृति समिति की बैठक में औद्योगिक क्षेत्र बरियारपुर में 62.27 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक पीईबी फैब्रिकेशन मेटेरियल निर्माण इकाई स्थापित करने की स्वीकृति दी गई। एक्सपीरिया प्रीफैब्सो प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित की जाने वाली इस परियोजना से राज्य में लगभग 400 युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। बैठक उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पात्र आवेदकों को राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि एवं प्लग एंड प्ले शेड आवंटित करने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसी क्रम में एक्सपीरिया प्रीफैब्सो प्राइवेट लिमिटेड को औद्योगिक क्षेत्र बरियारपुर में पांच एकड़ भूमि पर पीईबी फैब्रिकेशन मेटेरियल निर्माण इकाई स्थापित करने की अनुमति प्रदान की गई। प्रस्तावित इकाई से बिहार में औद्योगिक एवं निर्माण क्षेत्र को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। परियोजना के माध्यम से स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा युवाओं के लिए कौशल आधारित रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही राज्य में आधुनिक औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूती मिलेगी। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि राज्य में स्वीकृत हो रही नई औद्योगिक परियोजनाएं बिहार के औद्योगिक एवं तकनीकी विकास को नई दिशा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार और कौशल विकास के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करते हुए राज्य को आधुनिक औद्योगिक और विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। कुंदन कुमार ने कहा कि राज्य सरकार संतुलित एवं समग्र औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि बियाडा के माध्यम से पारदर्शी और समयबद्ध प्रक्रिया के तहत निवेशकों को औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही बेहतर अवसंरचना, सुगम प्रक्रियाओं और नीतिगत सहयोग के जरिए निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि परियोजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन हो सके।

## 'सात निश्चय-3' के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' संकल्प को धरातल पर उतार रही सरकार : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने 'ईज ऑफ लिविंग' को नया आयाम दिया है। 'सात निश्चय-3' के अंतर्गत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' संकल्प के तहत सभी 8067 पंचायतों में 'सहयोग शिविर' का संचालन ऐतिहासिक कदम है। अब आम नागरिक को अपनी समस्या लेकर प्रखंड या जिला का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इन सहयोग शिविरों में नागरिक अपनी शिकायतें ऑनलाइन पोर्टल या ऑफलाइन फॉर्म से दर्ज करा सकते हैं। हर शिकायत का निष्पादन 30 दिनों के भीतर अनिवार्य किया गया है। यह एनडीए सरकार की ऐतिहासिक पहल है। श्री पांडेय ने कहा कि यह 'सुशासन' का सबसे बड़ा प्रमाण है कि सरकार अब खुद चलकर जनता के द्वार पर जा रही है। राशन कार्ड, पेंशन, जमीन दाखिल-खारिज, नल-जल, बिजली बिल जैसी रोजमर्रा की समस्याएं अब पंचायत स्तर पर ही खत्म होंगी। व्यापारियों की सुरक्षा के लिए हर थाने में 'व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ' गठित किया गया है। डायल-112 को पंचायत स्तर तक मजबूत किया गया है जिससे 15 मिनट में पुलिस सहायता पहुंचेगी। हाट-बाजार, औद्योगिक क्षेत्रों में सीसीटीवी और नियमित पेट्रोलिंग अनिवार्य की गई है।

# बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बस सेवाओं को किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने को बिहार विधान मंडल सचिवालय में कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यालय आवागमन के लिए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा संचालित बस सेवाओं को विधानसभा के मुख्य पोर्टिको से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वर्तमान वैश्विक ऊर्ज़ा संकट और प्रधानमंत्री द्वारा पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने तथा सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने के आह्वान के मद्देनजर यह पहल शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि बिहार विधान मंडल



सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवासीय क्षेत्रों से कार्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पिंक, इलेक्ट्रिक और ग्रीन बसों का परिचालन शुरू किया गया है। नई व्यवस्था के तहत एम्स पटना से बिहार विधान मंडल सचिवालय रूट पर एक इलेक्ट्रिक, एक सीएनजी और एक पिंक बस चलाई जाएगी। वहीं सगुना मोड़ से बिहार विधान मंडल सचिवालय रूट पर एक इलेक्ट्रिक बस का संचालन होगा। धनकी मोड़ से बिहार विधान मंडल, निर्वाचन आयोग और विकास भवन रूट पर एक इलेक्ट्रिक, एक सीएनजी और एक पिंक बस का परिचालन शुरू किया गया है।डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार राज्य पथ परिवहन निगम पहले से भी सचिवालय सेवा के कर्मियों के लिए विभिन्न मार्गों पर बसों का संचालन कर रहा है, जिसका लाभ विधान मंडल सचिवालय के कर्मचारी उठा सकते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस व्यवस्था से कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी और ऊर्ज़ा संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित होगा, जिससे बिहार और देश की अर्थव्यवस्था को भी लाभ पहुंचेगा। कार्यक्रम में बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अतुल वर्मा, विधानसभा सचिवालय की प्रभारी सचिव तथा अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 'हर थाली में बिहारी तरकारी' अभियान को क्रेता-विक्रेता सम्मेलन से मिला राष्ट्रीय विस्तार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दीपनारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में सहकारिता विभाग के तत्वावधान में बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी फेडरेशन लिमिटेड (वेजफेड) द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय क्रेता विक्रेता सम्मेलन का उद्घाटन सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने किया। यह सम्मेलन बिहार के सब्जी उत्पादक किसानों को संगठित बाजार व्यवस्था से जोड़ने, किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने तथा राज्य में संस्थागत सब्जी विपणन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि 'हर थाली में बिहारी तरकारी' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बिहार के किसानों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने का व्यापक विजन है।

## सीबीएसई में मैथिली को मातृभाषा के रूप में शामिल करना सराहनीय कदम : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 1 से माध्यमिक स्तर तक मैथिली भाषा को मातृभाषा विषय के रूप में मान्यता दिए जाने का स्वागत करते हुए इसे मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, भाषाई गौरव और करोड़ों मैथिली भाषियों की भावनाओं का सम्मान बताया है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि यह निर्णय मिथिला की संस्कृति और मातृभाषा मैथिली को शिक्षा व्यवस्था में सशक्त एवं सम्मानजनक स्थान प्रदान करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। लंबे समय से मैथिली भाषा के संरक्षण, संवर्धन और शिक्षा व्यवस्था में इसके व्यापक



समावेश की मांग की जा रही थी। ऐसे में सीबीएसई पाठ्यक्रम में मैथिली को मातृभाषा विषय के रूप में शामिल किया जाना पूरे मिथिलांचल और बिहार के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं होती, बल्कि वह किसी समाज की संस्कृति, इतिहास, परंपरा, जीवन मूल्यों और सामूहिक चेतना की वाहक होती है। मैथिली भाषा ने सदियों से साहित्य, दर्शन, लोक संस्कृति और सामाजिक चेतना को समृद्ध किया है। महाकवि विद्यापति की परंपरा से लेकर मिथिला की लोक विरासत तक, मैथिली भारतीय सभ्यता की महत्वपूर्ण धरोहर रही है। श्री सरावगी ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा में मातृभाषा का समावेश बच्चों के बौद्धिक विकास, समझने की क्षमता और आत्मविश्वास को मजबूत करता है जब बच्चे अपनी मातृभाषा में शिक्षा ग्रहण करते हैं तो सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होती है तथा वे अपनी संस्कृति और जड़ों से गहराई से जुड़े रहते हैं। मैथिली को मिली यह मान्यता आने वाली पीढ़ियों को अपनी भाषा, संस्कृति और पहचान के प्रति गौरव का भाव प्रदान करेगी।

## सीबीएसई पाठ्यक्रम में मैथिली के शामिल होने पर डॉ प्रेम कुमार ने जतायी खुशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मैथिली भाषा को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने पर देश-दुनिया के सभी मैथिली भाषियों, शिक्षाविदों और मातृभाषा प्रेमियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह संपूर्ण बिहार, विशेषकर मिथिलांचल के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि मैथिली केवल एक भाषा नहीं, बल्कि समृद्ध संस्कृति, परंपरा और विरासत की संवाहक है। उन्होंने कहा कि सीबीएसई के पाठ्यक्रम में मैथिली को स्थान मिलना भाषा के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक युगांतरकारी कदम है। इससे नई पीढ़ी अपनी मातृभाषा, संस्कृति और साहित्य से और अधिक जुड़ सकेगी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मैथिली भाषा का साहित्यिक और सांस्कृतिक इतिहास अत्यंत समृद्ध रहा है तथा इसे शिक्षा व्यवस्था में उचित स्थान मिलना लंबे समय से मैथिली समाज की मांग रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस निर्णय से भाषा के प्रचार-प्रसार को नई गति मिलेगी और राष्ट्रीय स्तर पर मैथिली की पहचान और मजबूत होगी।

## अनावश्यक शोर मचा रहे हैं सोमप्रकाश सिंह : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व जदयू प्रत्याशी प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने पूर्व विधायक सोमप्रकाश सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे 'चोर मचाए शोर' वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में रहते हुए सोमप्रकाश सिंह पर पुलिस मैनुअल, वरीय अधिकारियों के आदेश और संवैधानिक मर्यादाओं के उल्लंघन, फर्जी मुकदमे दर्ज कराने तथा अवैध वसूली जैसे आरोप लगे थे। इन आरोपों के आधार पर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद ने उन्हें सेवा से बर्खास्त करने का आदेश दिया था जो उस समय मगध रेंज के आईजी कार्यालय में लंबित था। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने आरोप लगाया कि विभागीय कार्रवाई लंबित रहने की जानकारी छिपाकर सोमप्रकाश सिंह ने इस्तीफा स्वीकृत कराया और चुनाव लड़ा। उन्होंने कहा कि ओबरा की जनता को बड़े वादों से प्रभावित कर वे



मामूली अंतर से चुनाव जीत गए, लेकिन बाद में जनता खुद को ठगा महसूस करने लगी। उन्होंने बताया कि जनता की मांग पर वर्ष 2011 में उच्च न्यायालय में चुनाव याचिका दायर की गई। याचिका में कहा गया कि सोमप्रकाश सिंह के खिलाफ बख्तियारपुर थाना में मामला लंबित था जिसे प्रभाव का उपयोग कर निष्पादित कराया गया और एक ही दिन में इस्तीफा स्वीकृत कर नामांकन दाखिल किया गया। साथ ही विभागीय कार्रवाई लंबित रहने की जानकारी भी छिपाई गई जबकि नियम के अनुसार ऐसी स्थिति में इस्तीफा स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि उच्च न्यायालय ने सभी तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर सोमप्रकाश सिंह का निर्वाचन अवैध घोषित कर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी। बाद में मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा जहां भी उन्हें राहत नहीं मिली। उन्होंने बताया कि 28 जनवरी 2026 को सर्वोच्च न्यायालय ने याचिका खारिज कर उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा। इसके बाद बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने 19 मई 2026 को पत्र और 22 मई 2026 को अधिसूचना जारी कर 15वीं विधानसभा की सदस्यता को शून्य घोषित कर दिया। उन्होंने सोमप्रकाश सिंह द्वारा विधानसभा अध्यक्ष पर लगाए गए परिवारवाद और जातिवाद के आरोपों को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सार्वजनिक माफी की मांग की।

## ऐलोवेरा चर्म रोगों का रामबाण इलाज : डॉ. सुनील कुमार दूबे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शहर के लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक, पटना के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे (गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ) ने कहा है कि ऐलोवेरा एक ऐसा औषधीय पौधा है जिसके अनगिनत फायदे हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सक तो इसे संजीवनी पौधा भी कहते हैं। आयुर्वेद में इसे घृतकुमारी भी कहा जाता है। आसानी से मिलने वाला ऐलोवेरा त्वचा के लिए बहुत अच्छा एवं प्राकृतिक उपाय है। यह त्वचा को पोषित करने का काम भी करता है। इसमें एंटी ऐजिंग गुण और एंटी ऑक्सीडेंट भी होता है जो चेहरे से झुर्रियों को हटाने में मदद करता है। ऐलोवेरा जेल रोज लगाने से त्वचा सुन्दर एवं जवान बनी रहती है।

डॉ. दूबे ने आगे कहा कि आयुर्वेद के अनुसार ऐलोवेरा शीतल, मीठा, कड़वा, मजा बढ़ाने वाला कामोत्तेजक,



कृमिनाशक, विष निवारक होता है। लिवर रोग, प्लीहा वृद्धि, त्वचा रोग, आंखों के रोग, पित्त रोग, पीलिया, पथरी एवं सौन्दर्य समस्याओं में इसका उपयोग लाभकारी है। ऐलोवेरा के फलियों की सब्जियां खाने से पेट के सभी विकार नष्ट होते हैं। इसके गुदे का हलवा खाने से कब्ज व बवासीर की समस्या दूर होती है। ऐलोवेरा के जूस के उपयोग से शारीरिक सूजन कम होती है। शरीर में सूजन के कारण फ्री-रैडिकल्स की वजह से ऑक्सीडेंटिव डैमेज होता है। ऐलोवेरा में पर्याप्त मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट पाये जाते हैं, ये एंटी-ऑक्सीडेंट फ्री-रैडिकल्स से होने वाले डैमेज को रोकते हैं। ऐलोवेरा जूस ऑर्थाराइटिस एवं रूमेटिज्म में भी काफी लाभदायक है। डॉ. दूबे ने आगे कहा कि ऐलोवेरा को इम्युनिटी बूस्टर भी कहा जाता है। ऐलोवेरा की वजह से सेल्स में नाइट्रिक ऑक्साइड और साइटोकाइन्स उत्पन्न होने लगते हैं जिससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। ऐलोवेरा से पाचन तंत्र मजबूत होता है। इससे मसूढ़ों की सूजन भी कम होती है। एंटी-बैक्टीरियल गुणों के कारण कैविटी पैदा करने वाले की बैक्टीरिया दूर रहते हैं। इसका गाढ़ा जेल त्वचा के लिए अत्यंत लाभदायक माना जाता है। प्री-मैच्योर ऐजिंग की पहली निशानी झुर्रिया और फाइन लाइन्स होती है। ऐलोवेरा जेल चेहरे पर लगाएं और फिर इसका जादू देखें।

## तेजस्वी को अफवाहों और भ्रम की राजनीति छोड़ जनहित के मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए : डा. संतोष कुमार सुमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के मंत्री डॉ . संतोष कुमार सुमन ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीति केवल अफवाहों, भ्रम और अनर्गल आरोपों के सहारे नहीं चल सकती। लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदार होती है, लेकिन विपक्ष का दायित्व केवल विरोध करना नहीं बल्कि जनता के हित में रचनात्मक सुझाव देना भी होता है। डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि तेजस्वी यादव लगातार जनहित के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे हैं। बिहार की जनता अब केवल बयानबाजी और भ्रम फैलाने वाली राजनीति को समझ चुकी है। जनता विकास, रोजगार, शिक्षा, सामाजिक न्याय और गरीबों-वंचितों के उत्थान की राजनीति चाहती है न कि केवल राजनीतिक अफवाहों का माहौल। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में स्वस्थ आलोचना आवश्यक है, लेकिन निराधार आरोपों और राजनीतिक भ्रम के सहारे अपनी जमीन बचाने की कोशिश करना दुर्भाग्यपूर्ण है। इतिहास गवाह है कि अनेक महापुरुषों ने बिना सत्ता की सर्वोच्च कुर्सी पर बैठे भी समाज और देश के लिए ऐसा काम किया कि आज भी उनका सम्मान पूरे देश में किया जाता है।

## महाबोधि महाविद्यालय की बैठक में मंत्री श्रवण कुमार ने दिया शैक्षणिक गुणवत्ता और भवन निर्माण पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महाबोधि महाविद्यालय, नालंदा की शासी निकाय की बैठक महाविद्यालय अध्यक्ष सह बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय सचिव राजेन्द्र प्रसाद, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि सदस्य एवं किसान कॉलेज सोहसराय, नालंदा के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष सत्येन्द्र प्रसाद सिन्हा, दानदाता सदस्य अनीय भारती, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. सुधीर कुमार तथा महाबोधि महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अरविन्द कुमार उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व बैठक में लिए गए प्रस्तावों एवं निर्णयों की सर्वसम्मति से संपुष्टि की गई। इंटर परीक्षा 2018 में उत्तीर्णता के आधार पर बिहार सरकार से प्राप्त 26 लाख 32 हजार 600 रुपये की अनुदान राशि शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के भुगतान के लिए प्राप्त हुई थी। सरकार के



निर्देशानुसार वर्ष 2016-18 में कार्यरत कर्मियों को वेतन समिति के माध्यम से भुगतान किया गया, जिसकी समीक्षा कर बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में निर्माणाधीन जी प्लस टू भवन के व्यय की समीक्षा की गई। प्रभारी प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत व्यय विवरण पर विचार के बाद उसे स्वीकृति दी गई तथा नए शैक्षणिक सत्र से पहले भवन निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की सेवा संपुष्टि पर भी सहमति बनी। श्रवण कुमार ने महाविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही शिक्षक एवं प्राचार्य की स्थायी नियुक्ति के लिए चयन समिति गठन पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण तैयार करने, छात्रों को वर्ग कक्षों के प्रति आकर्षित करने तथा सामाजिक कार्य, कौशल विकास एवं व्यवसायिक शिक्षा से जुड़े पाठ्यक्रमों को शामिल करने पर जोर दिया गया। महाविद्यालय विकास कोष से बन रहे नए भवन का अवलोकन कर प्रभारी प्राचार्य को कई आवश्यक सुधार संबंधी निर्देश भी दिए गए।

# सहयोग शिविर में लापरवाही पर सख्ती, बिना कार्रवाई निपटाए मामलों की डीएम करेंगे समीक्षा

### शिविर स्थलों पर आवेदन लिखने के लिए तैनात रहेंगे लिपिक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहयोग शिविर को जन उपयोगी बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्दर ने सोमवार को संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर कई अति आवश्यक निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है राज्य में 19 मई को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें मिले फीडबैक के आलोक में सहयोग शिविर को और सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने निर्देश दिया है कि शिविर में आने वाले आवेदनों का सही तरीके से निस्तारण कराना जिलाधिकारी सुनिश्चित करेंगे जिन मामलों में अपेक्षित कार्रवाई के बिना उसे निस्तारण की कार्रवाई की जा रही है, वैसे मामलों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा प्रत्येक शिविर के बाद संबंधित विभाग के पास किया जाए। शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराने के लिए फ्लैक्स इत्यादि लगाया जाए ताकि शिविर में आने वाले लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा है कि जहां पंचायत भवन या अच्छे सरकारी भवन उपलब्ध नहीं है वहां गर्मी को देखते हुए अस्थाई दमदार संरचना की व्यवस्था की जाए। ताकि आमजन को कोई कष्ट नहीं हो सके। साथ ही वहां पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। एसीएस ने पत्र में कहा है कि आवेदन प्राप्ति के 30 दिनों में मामले का निष्पादन नहीं होने पर प्रखंड स्तर पर जिम्मेदार पदाधिकारी के विरुद्ध निलंबन एवं अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के कार्य निष्पादन में सहयोग के लिए जिम्मेदार प्रखंड स्तर से नीचे की इकाई के कर्मी के विरुद्ध भी निलंबन एवं अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। एसीएस ने निर्देश दिया है कि शिविर स्थल पर आवेदन के लिए प्री-प्रिंटेड प्रोफार्मा की प्रतियां रखी जाए जिसमें आवेदक की वैसी जानकारी ली जाए जो पोर्टल पर इंट्री हेतु आवश्यक हो और वहां आवेदन लिखने हेतु दक्ष की लिपिकों की प्रतिनियुक्ति की जाए। ताकि वैसे लोग जो आवेदन नहीं लिख सकते हैं उन्हें आवेदन दाखिल करने में कठिनाई न हो।

## अब हाईटेक होंगे बिहार के थाने, तीन महीने में राष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़ जाएगी पुलिस व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के सभी थानों को जल्द ही एक नई प्रणाली से जोड़ दिया जाएगा। इंटर ऑपरेवल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम नामक इस राष्ट्रीय प्रणाली की मदद से देशभर के सभी थानों के अलावा न्यायालय, जेल, सीसीटीवी (विधि विज्ञान प्रयोगशाला), पुलिस (थाना) और अभियोजन प्रणाली के साथ डाटा का आदान-प्रदान आसानी से होने के साथ ही केस की ट्रैकिंग सिस्टम को मजबूत करने में खासतौर से मदद मिलेगी। डाटा का आदान-प्रदान आसानी से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली 2022 से शुरू की गई है। परंतु इसके नए उन्नत और विस्तृत संस्करण को जल्द ही नए सिरे से शुरू किया जा रहा है। इससे पूरे देश में पुलिस से संबंधित डाटा साक्षा करने में एकरूपता आ जाएगी।

एडीजी ने कहा कि राज्य में मौजूद 1382 थानों में अभी 968 थाने सीसीटीएनएस से जुड़ गए हैं। आने वाले दो महीने में 347 थानों को इससे जोड़ दिया जाएगा। बचे हुए थानों को भी आगामी तीन महीने में सीसीटीएनएस से जोड़ दिया जाएगा। इसके अलावा राज्य में अभी 1212 थानों में सीसीटीवी कैमरे लग गए हैं। बचे हुए थानों में भी दो से तीन महीने में सीसीटीवी कैमरे लगा दिए जाएंगे। एक थाना में औसतन 12 से 13 कैमरे लगे हुए हैं। इन कैमरों में 18 महीने तक की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने की व्यवस्था है। इसका कंट्रोल पुलिस मुख्यालय के अलावा सभी जिला मुख्यालयों में भी है।

# पूर्व सांसद रामप्रसाद कुशवाहा का निधन, सादगी और बेबाक राजनीति की एक पहचान का अंत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** पूर्व सांसद रामप्रसाद कुशवाहा का उनके पैतृक गांव कोचस में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से शाहाबाद सहित पूरे राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। लंबे समय तक विक्रमगंज और आरा की राजनीति में सक्रिय रहे रामप्रसाद कुशवाहा अपनी सादगी, साफगोई और जमीनी राजनीतिक शैली के लिए पहचाने जाते थे। विश्वनाथ प्रताप सिंह की लहर के दौर में रामप्रसाद कुशवाहा ने तत्कालीन विक्रमगंज संसदीय क्षेत्र से चुनाव जीतकर राजनीतिक हलकों में बड़ी पहचान बनाई थी। उस समय उन्होंने सहकारिता आंदोलन के बड़े नेता और इलाके में बेहद प्रभावशाली माने जाने वाले तपेश्वर सिंह को चुनाव में



पराजित कर सबको चौंका दिया था। तपेश्वर सिंह का क्षेत्र में व्यापक जनाधार था और सहकारिता क्षेत्र से जुड़े विभिन्न संस्थानों में उन्होंने करीब साढ़े सात हजार लोगों को रोजगार दिलाया था। यही कारण था कि उनका परिवार तीन पीढ़ियों से राजनीति में सक्रिय बना हुआ है।राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार उस दौर में तपेश्वर सिंह को हराना आसान नहीं माना जाता था, लेकिन वीपी सिंह की लहर और सामाजिक समीकरणों के बीच रामप्रसाद कुशवाहा जनता के समर्थन से संसद पहुंचे। इसके बाद उन्होंने तपेश्वर सिंह की पत्नी इंदु देवी को भी अगले चुनाव में शिकस्त दी। हालांकि बाद के वर्षों में राजनीतिक परिस्थितियां बदलीं और वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में अजीत कुमार सिंह ने उन्हें पराजित किया। बाद में मीना सिंह विक्रमगंज और फिर आरा से सांसद निर्वाचित हुईं। रामप्रसाद कुशवाहा का राजनीतिक जीवन इस मायने में अलग माना जाता है कि अचानक बड़ी राजनीतिक सफलता मिलने के बावजूद उनके व्यवहार में कभी अहंकार नहीं आया।

# संपादकीय

## भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को नया विस्तार

अब भारत और इटली के बीच दुर्लभ खनिजों के मुद्दे पर हुए समझौते के अलावा आतंकवाद के खिलाफ सहयोग पर जो सहमति बनी है, उससे उम्मीद बंधी है कि दोनों देशों के संबंधों को एक नया आयाम मिलेगा।इस दौर में वैश्विक स्तर पर कई तरह की नई चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। ऐसे में भारत और इटली के बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक अहम अध्याय के रूप में देखा जा सकता है। दरअसल, दोनों देशों ने वर्ष 2029 तक अपने बीच होने वाले व्यापार को नई ऊंचाई देने का एक महत्त्वपूर्ण संकल्प लिया है।यों कुछ समय पहले भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते ने एक नई जमीन रची थी, लेकिन अब भारत और इटली के बीच दुर्लभ खनिजों के मुद्दे पर हुए समझौते के अलावा आतंकवाद के खिलाफ सहयोग पर जो सहमति बनी है, उससे उम्मीद बंधी है कि दोनों देशों के संबंधों को एक नया आयाम मिलेगा।इसके अलावा रणनीतिक साझेदारी पर भी अहम समझौतों के साथ रक्षा, व्यापार और नवाचार से लेकर अन्य कई महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के कदम बढ़ते दिख रहे हैं। मगर यह धरातल पर कितना उतरेगा, अभी कहना मुश्किल है। उम्मीद की जा रही है कि वैश्विक स्तर पर बदलते समीकरणों के बीच रक्षा तथा आर्थिक संबंध और समुद्री परिवहन में सहयोग बढ़ाने का संकल्प द्विपक्षीय संबंधों को नया विस्तार देगा। खासतौर पर अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर जो समझौते हुए हैं, वे भविष्य में हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिहाज से बेहद महत्त्वपूर्ण हैं। अगर ये जमीन पर उतरते हैं, तो इसे एक महत्त्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि माना जाएगा, जो शायद दोनों देशों के संबंधों को एक नए स्तर पर आगे ले जाए। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर सहयोग करने की प्रतिबद्धता से भी स्पष्ट है कि साझेदारी का दायरा बड़ा है। गौरतलब है कि इटली, यूरोपीय संघ में भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।रणनीतिक साझेदारी कई स्तरों पर बढ़ने जा रही है, लेकिन अच्छी बात यह है कि विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक व्यापक रूपरेखा बनेगी और दोनों देश संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना की समीक्षा करेंगे। आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए साझा प्रयास करने पर दोनों देशों के बीच बनी सहमति वक्त की जरूरत है। हालांकि, फिलहाल संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि दोनों देश इसे व्यावहारिक स्तर पर कितना और कैसे लागू करते हैं।भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। ये संबंध अब केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के साझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक एवं संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है।

**वर्ष 2026 की गर्मी केवल एक मौसमीय घटना नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामने खड़ी एक गंभीर चेतावनी बनकर सामने आई है। अप्रैल-मई के दौरान भारत सहित दक्षिण एशिया के अनेक हिस्सों में पड़ी रिकॉर्ड हीटवेव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य का संकट नहीं, वर्तमान की भयावह वास्तविकता है। दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य भारत के अनेक क्षेत्रों में तापमान 46 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कई शहरों में बिजली की मांग ने रिकॉर्ड तोड़ दिए। सड़कें सूनी दिखने लगीं, श्रमिकों का श्रम ठहरने लगा और बच्चों, बुजुर्गों तथा गरीब तबकों के सामने जीवन बचाने की चुनौती खड़ी हो गई। यह संकट अचानक नहीं आया।**

## तपती धरती, झुलसता जीवन-जनता के समक्ष हीटवेव की चुनौती

(ललित गर्ग)

हीटवेव का सबसे बड़ा कारण केवल बढ़ता तापमान नहीं, बल्कि वह विकास मॉडल है जिसने धरती की प्राकृतिक ढाल को कमजोर कर दिया। जंगल सदियों से पृथ्वी के प्राकृतिक एयर कंडीशनर रहे हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, वाष्पोत्सर्जन द्वारा वातावरण को शीतल रखते हैं और वर्षा चक्र को संतुलित बनाए रखते हैं।

वर्ष 2026 की गर्मी केवल एक मौसमीय घटना नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामने खड़ी एक गंभीर चेतावनी बनकर सामने आई है। अप्रैल-मई के दौरान भारत सहित दक्षिण एशिया के अनेक हिस्सों में पड़ी रिकॉर्ड हीटवेव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य का संकट नहीं, वर्तमान की भयावह वास्तविकता है। दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य भारत के अनेक क्षेत्रों में तापमान 46 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कई शहरों में बिजली की मांग ने रिकॉर्ड तोड़ दिए। सड़कें सूनी दिखने लगीं, श्रमिकों का श्रम ठहरने लगा और बच्चों, बुजुर्गों तथा गरीब तबकों के सामने जीवन बचाने की चुनौती खड़ी हो गई। यह संकट अचानक नहीं आया। यह दशकों से प्रकृति के साथ किए गए असंतुलित व्यवहार, अंधाधुंध शहरीकरण, जंगलों की कटाई, संसाधनों के दोहन और सुविधावादी जीवनशैली का परिणाम है। प्रकृति ने बार-बार संकेत दिए, लेकिन विकास की अंधी दौड़ में हमने उन संकेतों को अनसुना किया। आज वही उपेक्षित चेतावनियां लू बनकर हमारे सामने खड़ी हैं।

हीटवेव का सबसे बड़ा कारण केवल बढ़ता तापमान नहीं, बल्कि वह विकास मॉडल है जिसने धरती की प्राकृतिक ढाल को कमजोर कर दिया। जंगल सदियों से पृथ्वी के प्राकृतिक एयर कंडीशनर रहे हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, वाष्पोत्सर्जन द्वारा वातावरण को शीतल रखते हैं और वर्षा चक्र को संतुलित बनाए रखते हैं। लेकिन विडंबना है कि विकास के नाम पर जंगलों का तेजी से विनाश हुआ। हर वर्ष लाखों हेक्टेयर वन क्षेत्र समाप्त हो रहे हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि स्थानीय स्तर पर तापमान बढ़ा, नमी कम हुई, वर्षा चक्र प्रभावित हुआ और गर्म हवाओं की अवधि लंबी होती गई। आज शहर कंक्रीट के जंगल बन चुके हैं। महानगरों में हरित क्षेत्र सिकुड़ते जा रहे हैं और उनकी जगह सीमेंट, डामर और शीशे की ऊंची इमारतें ले रही हैं। इससे अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव तेजी से बढ़ा है। शहर अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक गर्म हो चुके हैं। कंक्रीट दिनभर सूर्य की ऊष्मा को सोखता है और रात में धीरे-धीरे छोड़ता है। परिणामस्वरूप रातें भी गर्म होती जा रही हैं और शरीर को राहत नहीं मिल पाती।

दिल्ली, मुंबई, जयपुर और लखनऊ जैसे शहरों में रात का तापमान पहले की तुलना में लगातार बढ़ रहा है। गरीब बस्तियों में स्थिति और भी गंभीर है। वहां न हरित क्षेत्र हैं, न पर्याप्त जल आपूर्ति, न शीतलन के साधन। टीन की छतों वाले घर दिन में भट्ठी बन जाते हैं। गर्मी की मार सामाजिक असमानता को और गहरा करती है। अमीर वर्ग एयर कंडीशनर और बंद कमरों में राहत खोज लेता है, लेकिन मजदूर, रिक्शाचालक, रेहड़ी वाले और निर्माण कार्य में लगे श्रमिक खुले आसमान के नीचे झुलसते रहते हैं। विडंबना यह भी है कि गर्मी से राहत का सबसे लोकप्रिय साधन एयर कंडीशनर स्वयं संकट को बढ़ाने वाला कारक बनता जा रहा है। एक एयर कंडीशनर कमरे को ठंडा करता है, लेकिन बाहर उतनी ही गर्म हवा छोड़ता है। इसके साथ ही बिजली की खपत बढ़ती है, जिसका बड़ा हिस्सा अभी भी कोयला आधारित ऊर्जा से आता है। रेफ्रिजरेंट गैसें




अतिरिक्त ग्रीनहाउस प्रभाव पैदा करती हैं। इस प्रकार एक दुष्चक्र निर्मित हो गया है-गर्मी बढ़ती है, एसी बढ़ते हैं, उत्सर्जन बढ़ता है और फिर गर्मी और बढ़ जाती है।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव केवल तापमान तक सीमित नहीं है। यह कृषि, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर भी व्यापक असर डाल रहा है। वैज्ञानिक अध्ययनों से संकेत मिले हैं कि बढ़ती गर्मी और अनिश्चित मौसम के कारण गेहूं, धान और अन्य फसलों की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। गर्म हवाएं पौधों की वृद्धि रोकती हैं, जल स्रोतों को सुखाती हैं और मिट्टी की उर्वरता को प्रभावित करती हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले वर्षों में खाद्य संकट भी गहरा सकता है। स्वास्थ्य क्षेत्र पर भी इसका गंभीर प्रभाव दिख रहा है। लू लगना, निर्जलीकरण, हीट स्ट्रोक, हृदय रोग और मानसिक तनाव जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। अस्पतालों में गर्मी से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सबसे अधिक खतरा बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बाहर काम करने वाले श्रमिकों को है।

गर्मी का यह संकट सामाजिक और मानवीय संकट भी बन सकता है। जल स्रोतों के सूखने, कृषि संकट और जीवन परिस्थितियों के बिगड़ने से बड़े पैमाने पर पलायन बढ़ सकता है। जैव विविधता पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ रहा है। अनेक जीव-जंतु और वनस्पतियां अपने प्राकृतिक आवास खो रही हैं। हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। ऐसी स्थिति में सरकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। केवल रेड अलर्ट और ऑरेंज अलर्ट जारी करना पर्याप्त नहीं है। हीटवेव को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के प्रमुख विषय के रूप में स्वीकार करते हुए दीर्घकालिक नीतियां बनानी होंगी। सबसे पहले शहरों में हीट एक्शन प्लान को प्रभावी ढंग से लागू करना होगा। प्रत्येक शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने, जल संरक्षण, छायादार मार्ग, सार्वजनिक प्याऊ और शीतलन केंद्रों की व्यवस्था आवश्यक है। स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों के समय निर्धारण में क्षेत्रीय तापमान को ध्यान में रखा जाना चाहिए। तीखी दोपहर में श्रमिकों के लिए कार्यावधि सीमित की जाए और उनके लिए विश्राम तथा पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य हो।

सरकार को भवन निर्माण नीति में भी परिवर्तन लाना होगा। पारंपरिक भारतीय वास्तुकला-हवादार घर, आंगन, मिट्टी आधारित निर्माण, हरित छतें और प्राकृतिक वेंटिलेशन को बढ़ावा देना चाहिए। कांच की चमचमाती इमारतों और ऊष्मा अवशोषित करने वाले निर्माणों पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। कूल रूफ्तकनीक, वर्षा जल संचयन और सौर ऊर्जा आधारित शीतलन प्रणाली को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। वन संरक्षण और वृक्षारोपण केवल अभियान नहीं, राष्ट्रीय प्राथमिकता बनना चाहिए। शहरों में माइक्रो फॉरेस्ट, पार्क और हरित गलियारों का निर्माण किया जाए। जल निकायों और पारंपरिक तालाबों को पुनर्जीवित किया जाए क्योंकि वे स्थानीय तापमान नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन केवल सरकारें यह लड़ाई नहीं जीत सकतीं। आम जनता को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। हमें उपभोगवादी जीवनशैली पर पुनर्विचार करना होगा। पानी का संयमित उपयोग, ऊर्जा की बचत, वृक्षारोपण, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग और स्थानीय पर्यावरण संरक्षण अब व्यक्तिगत विकल्प नहीं, सामाजिक जिम्मेदारी हैं।

भारतीय समाज में कभी सार्वजनिक प्याऊ, छायादार विश्राम स्थल और जल सेवा की समृद्ध परंपरा थी। गर्मियों में राहगीरों के लिए जल की व्यवस्था पुण्य कार्य माना जाता था। आज उस परंपरा को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। समाज, धार्मिक संस्थाएं और स्वयंसेवी संगठन मिलकर जल सेवा और राहत कार्यों का अभियान चला सकते हैं। गर्मी और जल संकट को राजनीति का विषय बनाने के बजाय सहयोग और समाधान का विषय बनाना होगा। जल विवादों और संसाधनों पर स्वार्थपूर्ण राजनीति भविष्य को और कठिन बनाएगी। आवश्यकता इस बात की है कि जल प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु अनुकूलन को राष्ट्रीय सहमति का विषय बनाया जाए।

वर्ष 2026 की यह झुलसाती गर्मी हमें चेतावनी दे रही है कि यदि हमने अभी भी प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित नहीं किया तो आने वाले वर्षों में स्थिति और विकराल होगी। पृथ्वी का तापमान बढ़ेगा, जैव विविधता नष्ट होगी, खाद्य संकट गहराएगा और मानव जीवन अधिक कठिन हो जाएगा। यह समय प्रकृति से संघर्ष का नहीं, उसके साथ सामंजस्य का है। हमें विकास की ऐसी दिशा चुननी होगी जिसमें पर्यावरण, मानव जीवन और भविष्य सुरक्षित रह सके। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब सूरज की तपिश केवल असुविधा नहीं, अस्तित्व का संकट बन जाएगी।लेखक,पत्रकार एवं स्तंभकार है) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## अवैध बस्तियों पर बुलडोजर से पहले जवाबदेही क्यों नहीं? शहरों के फैलते संकट पर बड़ा सवाल

(प्रवीण प्रवाह)

पिछले कुछ वर्षों में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर आशियाना बना लेने का चलन बढ़ा है। आज यह एक गंभीर समस्या के रूप में सामने है। महानगरों से लेकर छोटे शहर तक, कोई भी इससे अछूता नहीं है। इसका मुख्य कारण रोजगार की तलाश में गांवों से शहरों की ओर पलायन है। शहरों में ढांचागत सुविधाएं सीमित और महंगी हैं, जबकि उनकी आबादी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में गरीब परिवारों के सामने आवास का संकट होता है और वे खाली पड़ी सरकारी जमीन पर पहले अपना अस्थायी आशियाना बनाते हैं और बाद में कुछ लोग वहां स्थायी ढांचा या पक्का मकान बना लेते हैं। राज्य सरकारों की ओर से ऐसी बस्तियों को हटाने के लिए समय-समय पर अभियान चलाए जाते हैं, जिनका व्यापक स्तर पर विरोध भी होता है। कई बार ऐसे मामले अदालत तक पहुंच जाते हैं। सवाल है कि इस तरह की बस्तियों को बसने ही क्यों दिया जाता है, जिन्हें बाद में हटाने के लिए सरकारी मशीनरी का उपयोग करना पड़ता है। इससे न केवल सरकारी कोष पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है, बल्कि बेदखल किए गए परिवारों के सामने भी कई तरह की चुनौतियां खड़ी हो जाती हैं।

हाल के दिनों में दिल्ली, मेरठ, हल्द्वानी, कानपुर सहित देशभर के अनेक शहरों में अतिक्रमण कर बनाए गए आशियानों को हटाने से जुड़ी घटनाएं सामने आई हैं। उत्तराखंड के हल्द्वानी रेलवे भूमि प्रकरण में प्रदेश उच्च न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया, जिस पर सर्वोच्च न्यायालय ने रोक लगाते हुए इसे 'मानवीय मुद्दा' माना और कहा कि हजारों लोगों को एक झटके में बेघर नहीं किया जा सकता। हालांकि, बाद में शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि भूमि रेलवे की है और कब्जाधारियों का उस पर कोई वैधानिक अधिकार नहीं है, मगर राज्य सरकार को प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के विकल्पों पर विचार करना चाहिए। इस तरह के मामलों में एक प्रश्न हमेशा अनुत्तरित रह जाता है कि सार्वजनिक उपयोग की भूमि जैसे सड़क, पार्क, विद्यालय या अस्पताल के लिए आरक्षित भूखंड या फिर रेलवे और वन विभाग की जमीन पर वर्षों तक अवैध बस्तियां कैसे बस जाती हैं।

यह आश्चर्यजनक है कि इन बस्तियों में मकानों को बिजली-पानी के कनेक्शन दिए जाते हैं और इनसे नियमित रूप से गृह कर भी वसूला जाता है। कई लोग अपनी जीवनभर की कमाई लगाकर यहां अपने लिए घर खरीदते हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि जब यह सब हो रहा होता है, तब प्रशासन कोई कदम क्यों नहीं उठाता? यदि मकानों का निर्माण अवैध तरीके से किया जाता है, तो प्रारंभिक स्तर पर ही इन्हें क्यों नहीं रोका जाता? क्या यह केवल नागरिकों की भूल है, या फिर प्रशासनिक लापरवाही? स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब वर्षों बाद अचानक इन बस्तियों को अवैध घोषित कर ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी जाती है। बुलडोजर जब चलता है, तो केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं गिराता, बल्कि यह उन परिवारों के सपनों, सुरक्षा और भविष्य को भी कुचल देता है, जिन्होंने वहां अपना बसेरा बनाकर नई जिंदगी की शुरुआत की थी।

यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि क्या एक सामान्य नागरिक से यह अपेक्षा की जा सकती है कि वह वर्षों पुराने भूमि अभिलेखों की गहराई से जांच करे? अगर वह ऐसा नहीं कर पाता, तो क्या वह अपराधी बन जाता है? या फिर असली दोषी वे लोग हैं, जिन्होंने इस पूरे तंत्र को संचालित किया यानी माफिया, दलाल और वे अधिकारी, जिन्होंने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया? न्याय केवल यह कह देने तक सीमित नहीं होना चाहिए कि अवैध निर्माण हटाया जाए। न्याय का वास्तविक उद्देश्य यह भी होना चाहिए कि इस बात पर गौर किया जाए कि अवैध निर्माण किसकी लापरवाही से हुआ। बिना जवाबदेही तय किए केवल कार्रवाई करना न्यायसंगत नहीं है।

एक मूलभूत प्रश्न यह भी है कि क्या सरकार अपनी भूमि और सड़कों की चौड़ाई का नियमित संरक्षण एवं चिह्नांकन नहीं कर सकती? जब देश में जनगणना जैसे व्यापक कार्य संभव हैं, तो क्या समय-समय पर सार्वजनिक भूमि का भौतिक सत्यापन नहीं हो सकता? यदि कोई परिवार लंबे समय से किसी सरकारी भूखंड पर निवास कर रहा है और उसके पास आधार, पैन एवं मतदाता पहचान पत्र जैसे प्रमाण हैं, तो यह व्यवस्था की विफलता है। ऐसे लोगों के लिए तत्काल पुनर्वास या आर्थिक सहायता की व्यवस्था होनी चाहिए। दूसरा, उन व्यक्तियों और अधिकारियों से भी मुआवजा वसूला जाना चाहिए, जिन्होंने इस अव्यवस्था को जन्म दिया। भू एवं राजस्व विभाग में हर स्तर पर इस समस्या पर गंभीरता से विचार किए जाने की जरूरत है और प्रशासनिक सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। इस समस्या की जड़ का एक पहलू यह है कि अधिकारियों के स्थानांतरण के साथ जिम्मेदारी भी धुंधली पड़ जाती है।

## भारत की विकास यात्रा



श्री सी. पी. राधाकृष्णन

जब मैं तिरुप्पुर के स्कूल में पढ़ता था, तब मेरे मन में देश को लेकर कई सपने थे। मेरे मन में अक्सर ये सवाल उठते थे- भारत अपनी महानता कब वापस पाएगा? विश्व मंच पर एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में कब उभरेगा? हमारे गरीब और वंचित भाई-बहनों को सम्मानजनक जीवन कब मिलेगा? मुझे खुशी है कि किशोरावस्था में मेरे मन में जो विचार थे, वे अब साकार हो रहे हैं।

मैं अक्सर खुद को स्वामी विवेकानंद के इन शब्दों की याद दिलाता था, उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्त होने तक मत रुको। तमिलनाडु की धरती से स्वामीजी के दिए ये शब्द हर व्यक्ति में देशभक्ति और समर्पण की भावना जगाने की अपार शक्ति रखते हैं। मेरा हमेशा यह विश्वास रहा कि जब भारत अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ेगा, तब वह पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करने वाला राष्ट्र बनकर उभरेगा। पिछले एक दशक में मुझे यह देखकर खुशी होती है कि हमारा देश जबरदस्त ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

अब हमें अपनी आंखों के सामने तिरुवल्लुवर के इन शब्दों की सच्चाई देखने का अवसर मिल रहा है-जो अपने संकल्प में अडिग रहते हैं, वे ठीक वही हासिल करते हैं, जिसकी उन्होंने कल्पना की होती है। हम देख सकते हैं कि हमारा देश तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। पिछले एक दशक में भारत ने जो प्रगति हासिल की है, उसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया आर्थिक मंदी और अनिश्चितताओं से जूझ रही है, भारत की अर्थव्यवस्था मज़बूती और तेज़ी से आगे बढ़ रही है। इस दौर को निरंतर विकास का युग बनाने के लिए सरकार और जनता, दोनों का साझा उत्साह ही इस प्रगति का कारण है। एक समय कमजोर अर्थव्यवस्था माने जाने वाला हमारा देश आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारा आर्थिक विकास समावेशी रहा है।

पिछले एक दशक में लगभग 25 करोड़ भारतवासी अत्यधिक गरीबी से बाहर निकलकर सम्मानपूर्ण जीवन जीने में सक्षम हुए हैं। अब तक भारत में गरीब और बेघर लोगों के लिए लगभग 4 करोड़ पक्के घर बनाए जा चुके हैं। 12 करोड़ से अधिक लोगों को पाइप से पीने के पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। हमने खुले में शौच से मुक्त राष्ट्र बनने का संकल्प लिया था और केवल 60 महीनों के भीतर देश ने 60 करोड़ लोगों के लिए यह लक्ष्य हासिल कर दिखाया।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को हर वर्ष 5 किलोग्राम खाद्यान्न मुफ्त दिया जा रहा है, जिस पर 2.3 लाख करोड़ रुपये का खर्च किया जा रहा है। मैंने बचपन से ही गांवों में लोगों को इलाज की सुविधा न मिलने के कारण परेशान होते देखा है। उनके परिवारों की पीड़ा देखकर मुझे दुख होता था। आज देश इस संकल्प के साथ आयुष्मान भारत योजना चला रहा है कि स्वास्थ्य सेवाएं हर व्यक्ति तक पहुंचें। इसी का परिणाम है कि अब 44 करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मिल रहा है। केवल पिछले एक वर्ष में ही 2.5 करोड़ लोगों ने इस योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज प्राप्त किया है।

हमारे किसानों ने अपनी मेहनत से 35 करोड़ टन खाद्यान्न उत्पादन किया है, जिससे भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश बन गया है। भारत अब चावल उत्पादन में भी दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है और अपने निर्यात के माध्यम से दुनिया से जुड़ रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत अब तक 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जा चुकी है।

आज हमारी नारी शक्ति के लिए देश के विकास में पूरी भागीदारी के अवसर खुल रहे हैं। 3 करोड़ से अधिक महिलाएं लखपति दीदी और नमो ड्रोन दीदी बन चुकी हैं। कृषि, शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान एवं तकनीक से लेकर अंतरिक्ष तकनीक तक, महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। अब महिलाएं सशस्त्र बलों में स्थायी कमीशन भी प्राप्त कर रही हैं और युद्धक भूमिकाओं में भी भाग ले रही हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद और राज्य विधानसभाओं में उनकी भागीदारी को और मजबूत करेगा।

जब मैं देशभर की यात्रा के दौरान लखपति दीदियों और नमो ड्रोन दीदियों से मिलता हूं, तब मुझे अपनी बहनों के चेहरों पर उम्मीद की चमक दिखाई देती है। महिलाओं के दैनिक जीवन को आसान बनाने और उनके स्वास्थ्य की चिंता करते हुए देशभर में लगभग 2 करोड़ नए एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं।

जब हम युवा पीढ़ी को उत्साह के साथ स्टार्टअप्स की ओर आगे बढ़ते देखते हैं, तब हमें देशभक्त कवि सुब्रमण्यम भारती के ये शब्द याद आते हैं-

आओ, आओ, आओ और अपने सपनों को साकार करो,
पूरा देश एकजुट होकर आगे बढ़े और समृद्ध बने,
आओ, आओ, आओ और कोई महान कार्य करके दिखाओ।

युवाओं के लिए पिछले दस वर्षों में ही 13 नए आईआईटी स्थापित किए गए हैं, जिससे देश में आईआईटी की कुल संख्या बढ़कर 23 हो गई है। इसी तरह आईआईएम की संख्या 13 से बढ़कर 21 हो गई है। एम्स की संख्या 7 से बढ़कर 23 हो चुकी है और मेडिकल कॉलेजों की संख्या 37 से बढ़कर 823 हो गई है। यह गर्व की बात है कि मेडिकल छात्रों के लिए सीटों की संख्या 51,348 से बढ़कर 1,29,603 हो गई है।

हम विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे की दिशा में भी तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। भारतीय रेलवे का लगभग 99 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। देशभर में 164 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों ने रेल यात्रा के एक नए युग की शुरुआत की है। हवाई अड्डों की संख्या भी 74 से बढ़कर 163 हो गई है और उड़ान योजना के तहत आम लोगों के लिए हवाई यात्रा सुलभ हुई है।

तमिलनाडु के लिए रेलवे बजट का आवंटन, जो एक दशक पहले लगभग ?880 करोड़ था, बढ़कर 2026ङ्क27 में ?7,600 करोड़ हो गया है। तमिलनाडु में यह खुशी की बात है कि रामेश्वरम और पंबन के बीच नया पंबन ब्रिज बनाया गया है, जो भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज है। यह आध्यात्मिक पर्यटन और आर्थिक विकास के लिए एक नया अवसर बनकर उभरा है। चाहे चिनाब ब्रिज हो या बोगीबील पुल, भारत अब आधुनिक बुनियादी ढांचे के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

भारत के विकास के लिए देश भर में विश्व स्तरीय चार-लेन और आठ-लेन की सड़कों के साथ-साथ सुदूर गांवों तक सड़क संपर्क को मजबूती से विकसित किया गया है। तमिलनाडु में पिछले 10 वर्षों में 4,000 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए गए हैं। वहीं पूर्वोत्तर राज्यों में पिछले 10 वर्षों के दौरान लगभग 7,200 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हुआ है। ये सभी विकास कार्य %प्रगति% के तहत प्रधानमंत्री की करीबी निगरानी के कारण संभव हो पाए हैं।

प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं तथा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों ने क्रमशः अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों को बहुत लाभ पहुंचाया है। मेरा हमेशा यह विश्वास रहा है कि विकास केवल सामाजिक वर्गों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसमें सभी क्षेत्रों की भागीदारी भी सुनिश्चित होनी चाहिए। जो सीमावर्ती गांव कभी भारत के अंतिम गांव माने जाते थे, वे अब देश के प्रथम गांव बन चुके हैं और वाइब्रेंट विलेज स्कीम के माध्यम से उनका विकास किया जा रहा है।

मुझे खुशी के साथ याद आता है कि प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर राज्यों को देश की अष्टलक्ष्मी कहा था। हाल ही में जब मैंने नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम का दौरा किया, तब वहां परिवहन और बुनियादी ढांचे में जबरदस्त सुधार देखने को मिला।

विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में देश ने जो प्रगति हासिल की है, वह हम सभी को गर्व से भर देती है। तकनीक से लेकर चिकित्सा तक, हर क्षेत्र में तेज़ी से विकास हो रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने वैक्सीन निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई और स्वदेशी वैक्सीन विकसित कर बहुत कम समय में सभी को मुफ्त उपलब्ध कराई। भारत ने मानवीय संवेदना के साथ दुनिया के 100 से अधिक देशों को भी वैक्सीन उपलब्ध कराई, जिसने विश्व इतिहास में एक विशेष स्थान बनाया।

चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग ने भारत को उन्नत अंतरिक्ष अनुसंधान के नए युग में पहुंचा दिया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में वैश्विक कंपनियां भारत को अपना केंद्र बना रही हैं, जिससे निवेश में कई गुना वृद्धि हुई है। भारत अब सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में दुनिया के लिए एक मॉडल बनकर उभर रहा है।

मोबाइल फोन उत्पादन में भी हमने विश्व में दूसरा स्थान हासिल किया है। जो भारत कभी मोबाइल फोन आयात करता था, वही आज 300 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के मोबाइल फोन निर्यात करने वाला देश बन चुका है। ये सभी उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों के समृद्ध भविष्य की मजबूत नींव बनेंगी।

कई दशकों तक हमारे देश ने केवल आतंकवाद ही नहीं, बल्कि उग्रवाद और वामपंथी चरमपंथ जैसी चुनौतियों का भी सामना किया है। साहसिक नीतिगत फैसलों और कानून के सख्त पालन के माध्यम से आज देश में शांति स्थापित हुई है और इन क्षेत्रों में विकास के द्वार खुले हैं। हमने यह लक्ष्य निर्धारित किया है कि 2047 तक, यानी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक, भारत एक अग्रणी वैश्विक शक्ति बने और दुनिया का मार्गदर्शन करने की स्थिति में पहुंचे। कठिन परिश्रम का यह दौर ही अमृत काल है।

जिस प्रकार हर स्वतंत्रता सेनानी के हृदय में आजादी की प्यास थी, उसी तरह आज के युवाओं के मन में राष्ट्र विकास का संकल्प होना चाहिए।

# रातभर गुल रही बिजली, सुबह सड़क पर उतरे लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरारी/कटिहार।** कालिकापुर फीडर से जुड़ी लगातार बिजली समस्या को लेकर सोमवार को उपभोक्ताओं का आक्रोश खुलकर सामने आ गया। रातभर बिजली आपूर्ति बंद रहने और सुबह तक स्थिति सामान्य नहीं होने से नाराज लोगों ने बरारी थाना चौक के पास काढ़ागोला घाट-बरारी मुख्य मार्ग को जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। करीब तीन घंटे तक चले आंदोलन के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवाजाही प्रभावित रही। स्थानीय लोगों का कहना था कि कालिकापुर फीडर क्षेत्र में लंबे समय से बिजली व्यवस्था बदहाल है। कभी फॉल्ट तो कभी लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ताओं को रोज परेशानी उठानी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायत देने और पूर्व में आंदोलन करने के बावजूद हालात में सुधार नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार कालिकापुर फीडर पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए रेलवे लाइन के नीचे अंडरग्राउंड केबल बिछाने का कार्य चल रहा है। अभी कार्य पूरा नहीं होने से लगभग 20 पंचायतों का लोड एक ही केबल पर चल रहा था। इसी दौरान रविवार शाम को ओवरलोड के कारण केबल में खराबी आ गई और केवल ब्लास्ट कर गया और पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सोमवार सुबह करीब नौ बजे तक बिजली नहीं आने से लोगों का धैर्य जवाब दे गया। उमस भरी गर्मी और रातभर अंधेरे में रहने से परेशान उपभोक्ता सड़क पर उतर आए और विभाग के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सुबह 9 बजे शुरू हुआ जाम दोपहर 12 बजे तक जारी रहा। मामले की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुमेश कुमार और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों को समझाते हुए जल्द फीडर विभाजन का कार्य पूरा कराने तथा ओवरलोड की समस्या समाप्त करने का भरोसा दिया। आश्वासन के बाद लोगों ने जाम हटाया, जिसके बाद दोपहर 12 बजे से मरम्मत और शिफ्टिंग का काम शुरू किया गया। इस संबंध में कनीय विद्युत अभियंता शिव शंकर कुमार ने बताया कि तीन अंडरग्राउंड केबल निकाले गए हैं, जिनमें एक इमरजेंसी उपयोग के लिए रखा गया है। फॉल्ट आने के बाद दूसरे केबल से बिजली आपूर्ति बहाल करने की तैयारी थी। उन्होंने कहा कि आंदोलन के कारण काम प्रभावित हुआ। विभागीय प्रयास के बाद दोपहर करीब तीन बजे बिजली आपूर्ति फिर से शुरू कर दी गई।

## मारवाड़ी युवा मंच कटिहार शाखा की ओर से नारायण भोज कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** मारवाड़ी युवा मंच कटिहार शाखा की ओर से समाजसेवा और मानवता से जुड़े कार्यों को लेकर नारायण भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के श्याम मंदिर परिसर में इस नारायण भोज का आयोजन किया गया। जिसमें मारवाड़ी युवा मंच शाखा के सदस्य ने सक्रिय रूप से जरूरतमंदों को खाना खिलाया। भोजन वितरण के कार्य में मंच के शाखा अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, शाखा सचिव मयंक पूरनमलका, शाखा कोषाध्यक्ष यश गोयल, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष राहुल मुरारका, मंच सदस्य सुरेश जैजानी एवं मंच सदस्य सुमित मुकीम आदि शामिल होकर जरूरतमंदों की सेवा में योगदान दिया। इस अवसर पर पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष राहुल मुरारका, मंच सदस्य सुरेश जैजानी एवं मंच सदस्य सुमित मुकीम ने कहा कि मंच समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को हमेशा इसी प्रकार निभाता रहेगा।

# सीएम के आगमन से पूर्व कोढ़ा में प्रशासनिक तैयारियां तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** कोढ़ा प्रखंड क्षेत्र में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के संभावित आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में बासगाढ़ा पंचायत के वार्ड नंबर 11 में जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने न केवल व्यवस्थाओं की समीक्षा की बल्कि स्थानीय लोगों से संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस निरीक्षण दल का नेतृत्व जिला अधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने किया। उनके साथ एसडीएम प्रद्युमन सिंह यादव, एडीएम डॉ. विनोद कुमार एवं उप विकास आयुक्त अमित कुमार, डीपीआरओ अभिषेक रंजन, ओएसडी अभिषेक किशोर भी मौजूद रहे।



अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा, साफ-सफाई, आवागमन, पेयजल, बिजली तथा अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व सभी तैयारियां पूरी तरह दुरुस्त कर ली जाएं, ताकि किसी प्रकार की कमी न रह जाए। स्थल निरीक्षण के दौरान कोढ़ा प्रखंड के कई स्थानीय अधिकारी भी मौजूद रहे। जिनमें प्रखंड विकास पदाधिकारी बीडीओ राज कुमार पंडित, अंचल अधिकारी संजीव कुमार एवं कोढ़ा थाना के अपर थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार शामिल थे। इसके अलावा बासगाढ़ा पंचायत की मुखिया प्रीतम देवी कुशवाहा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी के कोढ़ा प्रखंड अध्यक्ष कुणाल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी आशुतोष द्विवेदी का एक अलग ही मानवीय और सहज रूप देखने को मिला। उन्होंने वहां मौजूद बच्चों के साथ कुछ समय बिताया और उनके साथ क्रिकेट खेलकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। डीएम को अपने बीच पाकर बच्चे काफी उत्साहित नजर आए । अधिकारियों ने मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। डीएम ने आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य कार्यक्रम को सफल बनाना और आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देना है।

## संक्षिप्त समाचार

### विधि-व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक, दिये निर्देश

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी विनोद दूहन एवं पुलिस अधीक्षक अररिया जितेन्द्र कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परमान सभागार में विधि-व्यवस्था संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा विभिन्न प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत निरोधात्मक कार्रवाई, थाना जनता दरबार, भू-समाधान पोर्टल, साप्ताहिक शनिवारीय बैठक, लोक भू-अतिक्रमण, अनाधिकृत धार्मिक संरचना, मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग से संबंधित मामलों, नीलाम पत्र वाद, खनन, शस्त्रों के नवीनीकरण, चरित्र प्रमाण पत्र निर्गत करने, विभिन्न न्यायालय वादों तथा सीसीटीवी कैमरों के अधिष्ठापन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से भू-विवाद से जुड़े मामलों में गंभीरता बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि शनिवार के जनता दरबार में किसी मामले के निष्पादन के बाद यदि पुनः किसी पक्ष द्वारा असहमति जताई जाती है तथा दूसरे पक्ष द्वारा थाना में आवेदन दिया जाता है, तो अनिवार्य रूप से प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने संवेदनशील मामलों में विशेष सतर्कता एवं निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का निष्पादन निष्पक्षता एवं तत्परता के साथ किया जाए, ताकि आम लोगों को त्वरित न्याय मिल सके। बैठक में मद्य निषेध कानून के प्रभावी क्रियान्वयन, अवैध खनन पर नियंत्रण, लंबित न्यायालय वादों के निष्पादन तथा सीसीटीवी कैमरों की स्थापना को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही चरित्र प्रमाण पत्र से जुड़े मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया एवं फारबिसगंज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अररिया एवं फारबिसगंज, सभी प्रखंडों के वरीय प्रभारी, सिविल सर्जन अररिया, जिला खनन पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### पर्व पर अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : जिलाधिकारी

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को समाहरणालय स्थित परमान सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी अररिया श्री विनोद दूहन ने की। बैठक में माननीय जोकीहाट विधायक मोहम्मद मुर्शिद आलम, जिला परिषद अध्यक्ष श्री आफताब अजीम, पुलिस अधीक्षक अररिया श्री जितेन्द्र कुमार, उप विकास आयुक्त अररिया श्रीमती रोजी कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में बकरीद पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, साफ-सफाई, ट्रैफिक नियंत्रण, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि बकरीद पर्व 28, 29 एवं 30 जून 2026 को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर जिले में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है, ताकि सभी संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा सके। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जिला एवं अनुमंडल स्तर पर सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम का गठन किया जाए, जो विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतत निगरानी रखेगी। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित, भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री साझा करने वालों के विरुद्ध आईटी एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आम लोगों से भी अपील की गई कि किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा अफवाह फैलाने वालों की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। बैठक में सभी नगर परिषद एवं नगर पंचायतों को पर्व के दौरान विशेष साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पर्व के अवसर पर जिला एवं अनुमंडल स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने का निर्णय लिया गया, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिला प्रखंड स्तर पर भी शांति समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त उपद्रवी तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई भी जा रही है।

# जनता दरबार में 17 मामलों की सुनवाई, जिलाधिकारी ने शिकायतों के समयबद्ध एवं निष्पक्ष निष्पादन के दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अररिया ।** सात निश्चय 3.0 के अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत सोमवार को जिला पदाधिकारी अररिया विनोद दूहन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर कुल 17 मामलों की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को सभी शिकायतों एवं आवेदनों का त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में महादलित टोला, पंचायत रजौली, कुसार्कांटा निवासी योगेंद्र सादा द्वारा नेपाल सीमा तक जाने वाली सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधी आवेदन दिया गया गया। वहीं फारबिसगंज निवासी इंदिरानंद झा ने अंचल कार्यालय स्तर पर नकल बजाप्ता उपलब्ध नहीं कराए जाने की शिकायत जिलाधिकारी के समक्ष रखी। इसके अलावा कोशकपुर, रामघाट, नरपतगंज निवासी मो० फूलकुमारी देवी ने रसोईया सह सहायक के चयन से संबंधित अनुरोध किया गया। परमानंदपुर, रानीगंज निवासी दयानंद शर्मा ने निजी जमीन पर अतिक्रमण रोकने हेतु आवेदन दिया। वहीं बैजुपट्टी, हिंगवा, भरगामा निवासी सुखेंद्र मोदी ने जबरन जमीन से बेदखल किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। जिलाधिकारी ने सभी मामलों पर संबंधित विभागों को आवश्यक जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आइजी ने किया कुरसेला थाना का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कुरसेला/कटिहार।** सोमवार की दोपहर बाद कुरसेला थाना का निरीक्षण करने पहुंचे क्षेत्रिय पुलिस महानिरीक्षक विवेकानंद को पुलिस जवान ने गॉड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद आईजी पुर्णिया ने थाना परिसर का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना के अभिलेख, लंबित कांड, मालखाना, हाजत एवं कार्यालय व्यवस्था की समीक्षा की। साथ ही पुलिस पदाधिकारियों को अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन तथा क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। आईजी ने पुलिसकर्मियों को आम लोगों के साथ बेहतर व्यवहार करने एवं शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था पर भी संतोष जताया। मौके पर एसपी शिखर चौधरी, एसडीपीओ टु सुनील कुमार शर्मा, थानाध्यक्ष सहित कई पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद रहे ।

# 5 आरोपित गिरफ्तार, देशी कट्टा व खोखा बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोढा/कटिहार ।** जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलासी पुलिस शिविर इलाके के संदलपुर गांव में युवक को गोली मारने की घटना का पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा और एक खोखा भी बरामद किया है । जिसे घटना में प्रयुक्त हथियार माना जा रहा है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में फैली दहशत काफी हद तक कम हुई है। जानकारी के अनुसार 24 मई 2026 को संदलपुर निवासी मो. नासिर (55) पिता स्वर्गीय रईसुद्दीन ने कोढ़ा थाना कोलासी पुलिस शिविर में लिखित आवेदन देकर बताया कि 23 मई की रात उनका 21 वर्षीय पुत्र मो. तारिक घर के बाहर अपने दोस्तों के साथ घूम रहा था। इसी दौरान रात करीब 11 बजे वह गंभीर रूप से घायल अवस्था में घर पहुंचा। घायल युवक ने परिजनों को बताया कि गांव के ही असफाक,मो. सरफराज, मो. इकबाल, मो. शहनवाज और मो. आशिफ ने मिलकर उसके सिर पर गोली चला दी। घटना के बाद परिजनों ने बिना देर किए घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कोढ़ा थाना में कांड संख्या-164/26 दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर टु सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संदलपुर गांव में छापेमारी कर घटना में संलिप्त सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान असफाक (22), मो. सरफराज (19), मो. इकबाल (19), मो. शहनवाज (19) तथा मो. आशिफ (23) के रूप में हुई है। सभी आरोपी संदलपुर गांव,थाना कोढ़ा कोलासी पुलिस शिविर, जिला कटिहार के निवासी हैं।

# 82 गांवों में शिविर लगा कर 3458 आवेदनों का निपटारा : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** जिला प्रशासन की ओर से सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित 'जनजातीय गरिमा उत्सव 2026' अभियान का सोमवार को समापन हो गया। 'जन भागीदारी—सबसे दूर सबसे पहले' की मूल भावना के साथ 19 मई से 25 मई तक चले इस विशेष आईईसी अभियान को लेकर पत्रकारों को विस्तृत जानकारी दी।जिला सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत जिले के 13 आदिवासी बहुल प्रखंडों की कुल 42 पंचायतों के 82 गांवों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। ताकि लोगों को जागरूक कर उन्हें सरकार की योजनाओं से पूरी तरह संतृप्त किया जा सके।उन्होंने बताया कि इन शिविरों के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिया गया। शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान क्रेडिट कार्ड, विभिन्न पेंशन योजनाएं, सिकल सेल एनीमिया टेस्टिंग,जाति, निवास, आय प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, पोषण अभियान,मिशन इन्द्रधनुष, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित कई अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से आम लोगों को आच्छादित किया गया।अभियान की सफलता का आंकड़ा साझा करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि एक सप्ताह तक चले इन शिविरों में कुल 3548 आवेदन प्राप्त हुए।जिसमें प्रशासन की ओर से त्वरित कारवाई करते हुए 3458 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जबकि शेष 90 लंबित आवेदनों को भी जल्द से जल्द निपटाने की कार्रवाई तेजी से की जा रही है।

# बकरीद को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**डंडखोरा (कटिहार) ।** आगामी बकरीद पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।थानाध्यक्ष विजय महतो की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अंचल अधिकारी सादी रऊफ सहित जनप्रतिनिधि, राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता व आमजन शामिल हुए। बैठक में पर्व को शांति और भाईचारा के साथ संपन्न कराने को लेकर विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें बताया गया कि इस वर्ष पर्व 28 मई 2026 को मनाया जाएगा। जिसमें सुबह मस्जिदों एवं इदगाहों में नमाज अता किया जाएगा। फिर लोग अपनी मन्नत के अनुसार कुबार्नी देंगे। थानाध्यक्ष ने कुबार्नी खुले में नहीं करने के साथ अवशेषों को जमीन में गाड़ देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी की इजाजत नहीं होगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पर्व शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर हर गतिविधि पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। सीओ ने कहा कि कुबार्नी के सामानों का वितरण काले कपड़ों में या ढककर करना है। उन्होंने बैठक में लिए गये निर्णयों से समाज के अन्य लोगों को अवगत कराने पर जोर दिया। सदस्यों ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में सभी पर्व भाइचारे के साथ मनाने का इतिहास रहा है।उन्होंने प्रशासन को आगामी पर भी शांतिपूर्वक संपन्न होने का आश्वासन दिया। बैठक में अपर थानाध्यक्ष अमलेंदु सिंह, सरपंच दिनेश मंडल, पूर्व प्रमुख सह पंचायत समिति सदस्य सूरज साह,पैक्स अध्यक्ष हीरालाल साह, पूर्व जिप सदस्य पुरुषोत्तम वर्मा, मो. मुख्तार आजम, शेख रशीद, कादिर खॉ, अरुण मिस्त्री, मुनीम यादव, हरिमोहन सिंह, एसआई अरबिंद कुमार, प्रमोद मल्लिक सहित दर्जनों अन्य उपस्थित रहे।

# महापात्र ब्राह्मण की आजीविका पर डकैती : 29 साल का 'इंसाफ' या कलेक्ट्रेट में फिनाइल की घूंट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

- 1997 से इंसाफ की चौखट पर सिर पटक रहे मनोज झा ने कलेक्ट्रेट में सरकारी तंत्र के मुंह पर पोती कालिख
- विरोधी खा रहे मलाई, हम हो गए लंगोटधारी
- अस्पताल के बेड से व्यवस्था को ललकारता पीड़ित

**कटिहार।** सोमवार को जिला समाहरणालय कलेक्ट्रेट का ह्यजनता दरबारह्ल उस समय कराह उठा। जब इंसाफ की भीख मांगते-मांगते थक चुके एक बेबस फरियादी ने सुशासन के दावों के बीच फिनाइल की बोतल गटक ली। कलेक्ट्रेट परिसर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब नगर थाना क्षेत्र के नया टोला निवासी मनोज कुमार झा महापात्र ब्राह्मण ने व्यवस्था की संवेदनहीनता से तंग आकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उनके पेट से सरकारी तंत्र की लापरवाही का जहर फिनाइल खींचकर बाहर निकाला। फिलहाल पीड़ित अस्पताल के बेड पर है। लेकिन उसकी आंखें अब भी उस व्यवस्था से सवाल पूछ रही हैं जो 29 सालों से गहरी नींद में सोई है।

### इंसाफ का जनाजाः 1997 से फाइलों में दफन है सच

अस्पताल के बेड पर जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे मनोज कुमार झा ने कमजोर लेकिन आक्रोशित आवाज में जो सच बयां किया, वह कटिहार जिला प्रशासन के दावों की धज्जियां उड़ाने के लिए काफी है। पीड़ित ने बताया, "मैं 1997 से लगातार आवेदन दे रहा हूं। एक-दो साल नहीं, पूरे 29 साल बीत गए साहब! जब भी जाता हूं, वही पुराने चेहरे कुर्सी पर बैठे मिलते हैं। किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंगती।" पीड़ित ने बताया कि वह अपने दादा के जमाने के पारंपरिक जजमानी और श्राद्ध कर्म के अधिकार महापात्र ब्राह्मण का क्षेत्र के बंटवारे को लेकर न्याय मांग रहा है, जिसे दबंगों ने जबरन हड़प लिया है।



### दबंगों का सिंडिकेटः विरोधी बागो-बाग, हम दाने-दाने को मोहताज

पीड़ित मनोज झा ने सीधे तौर पर कृष्णानंद झा, कालू झा, मुरली झा और लीलानंद झा पर उनके हक और क्षेत्र को जबरन कब्जा करने का संगीन आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, "कृष्णानंद झा ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कागजात और सारा रिकॉर्ड अपने पास दबाकर रख लिया है। हमारे हिस्से के क्षेत्र में वो लोग जबरन काम करवा रहे हैं और मलाई काट रहे हैं। विरोधी आज बागो-बाग हैं और हमारा घर टूट-फूट गया है, हम भूखे मर रहे हैं, लंगट कंगाल हो चुके हैं।"

### एसडीओ और एडीएम को दी थी जहर खाने की लिखित चेतावनी

पीड़ित ने व्यवस्था को पूरी तरह बेनकाब करते हुए बताया कि उन्होंने वर्ष 2024 और 2025 में तत्कालीन एडीएम और एसडीओ को लिखित में दिया था कि अगर उनका निपटारा नहीं हुआ तो वह जहर खा लेंगे। उन्होंने कहा, "ललन जी जब तत्कालीन एसडीओ थे, तो मुकदमा भी चला। लेकिन बिना कोई ठोस समाधान न्याकरण किए मामला छोड़ दिया गया। एडीएम को लिखित चेतावनी देने के बाद भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया। आखिर मैं क्या करता? जब मेहमान घर आएगा तो क्या उसे कुल्ची सूखी रोटी खाने देंगे? ऐसी जिंदगी जीकर क्या करना, इसलिए मैंने कलेक्ट्रेट में ही कदम उठा लिया।"

### जांच रिपोर्ट भी डस्टबिन में? 2025 की रिपोर्ट पर भी नहीं हुई कार्रवाई

चौंकाने वाली बात यह है कि इस मामले में पूर्व में बीडीओ के माध्यम से जांच भी कराई गई थी। पीड़ित के अनुसार, "साल 2025 में ही बीडीओ की जांच रिपोर्ट आ चुकी थी, जिसमें सब कुछ साफ था। चार-पांच आवेदन और दिए, लेकिन रिपोर्ट आने के बाद भी फाइलें ठंडे बस्ते में डाल दी गई।" कलेक्ट्रेट में घटी इस विस्फोटक घटना के बाद अब प्रशासनिक गलियारों में सांप सूंघ गया है। आनन-फानन में मामले की फाइलें खंगाली जा रही हैं। हालांकि, सवाल यह उठता है कि क्या कलेक्ट्रेट परिसर में किसी की जान जाने के बाद ही कटिहार का प्रशासन जागेगा? क्या मनोज झा को 29 साल बाद उनका हक मिलेगा या फिर यह मामला भी एक और 'प्रशासनिक जांच' की भेंट चढ़ जाएगा?

# शांतिपूर्ण बकरीद मनाने को ले शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** ईद उल अजहा बकरीद का त्योहार आपसी मेल व मिल्लत, पारम्परिक सौहार्दपूर्ण माहौल मे सम्पन्न कराने को लेकर सामाजिक, राजनीतिक कार्यकताओं व गण्यमाण्य लोगों की बैठक मनिहारी थाना परिसर मे सोमवार को बुलाई गयी। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह ने की। अपने संबोधन में श्री सिंह ने क्षेत्र के सभी लोगों से पारम्परिक मेल व मिल्लत के साथ त्योहार मनाने की अपील की। कुबार्नी के लिए सरकारी दिशा निदेर्शों का पालन करने की अपील की। कहा कि कुबार्नें पर्दे में करने की रवायत रही हैं। लिहाजा इसका ख्याल रखा जाए। प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी से परहेज करने की अपील की। कुबार्नी के बाद अपशिष्टों को खुले मे नहीं फेकने व अन्य समुदाय की धार्मिक भावनाओं का भी ध्यान रखने की अपील की ताकि किसी भी भावनाएं आहत न हों। एसडीएम श्री सिंह ने नगर प्रशासन को ईदगाह जानेवाली पथों की साफ सफाई व ईदगाहों की सफाई के निर्देश दिये।इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद कुमार ने कहा कि सामाजिक सौहार्द में खलल डालने वाले बख्से नहीं जाएंगें। सोशल मिडिया और हुरदंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इस मौके पर बीडीओ सनत कुमार, थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा, पीओ अलेन्दू कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी आरूष कुमार, विनोद कुमार तस्लीम आरीफ, पूर्व मुखिया जाकिर अंसारी, आलमगीर आलम, शेरू आलम सहित अन्य मौजूद रहे ।

## तपती गर्मी ने वरुण बेवरेजेज के शेयरों में जबरदस्त तेजी ला दी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गर्मी के मौसम में कोल्ड ड्रिंक और एनर्जी ड्रिंक की बढ़ती मांग ने वरुण बेवरेजेज के शेयरों में जबरदस्त तेजी ला दी है। पेप्सिको की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी कंपनियों में शामिल वरुण बेवरेजेज का शेयर पिछले दो महीनों में करीब 42 प्रतिशत तक उछल चुका है। मार्च 2026 में यह शेयर अपने 52 हफ्ते के निचले स्तर 381 तक फिसल गया था, लेकिन इसके बाद मजबूत तिमाही नतीजों, हीटवेव की उम्मीदों और कंपनी के बड़े विस्तार प्लान ने निवेशकों का भरोसा वापस लौटा




दिया। अब यह शेयर 541 के 52-वीक हाई तक पहुंच चुका है, जिससे बाजार में चर्चा तेज हो गई है कि क्या यह तेजी आगे भी जारी रह सकती है। वरुण बेवरेजेज पेप्सी माउंडेन डिव स्टिंग मिरिंडा और स्लाइस जैसे लोकप्रिय ब्रांड्स की बॉटलिंग और डिस्ट्रीब्यूशन करती है। गर्मियों में इन ड्रिंक्स की मांग तेजी से बढ़ती है और यही वजह है कि निवेशक इस कंपनी को लेकर काफी उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। कंपनी ने मार्च तिमाही में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.1 प्रतिशत की सालाना बढ़त के साथ 878.7 करोड़ का नेट प्रॉफिट दर्ज किया। वहीं, रेवेन्यू भी 18.1 प्रतिशत बढ़कर 6,574 करोड़ पहुंच गया। मजबूत नतीजों ने बाजार को संकेत दिया कि कंपनी का बिजनेस लगातार मजबूत हो रहा है। इसके अलावा कंपनी ने साउथ अफ्रिका की द बेवरेज कंपनी को खरीदने का ऐलान किया है, जिससे उसका ग्लोबल बिजनेस और मजबूत होगा। दूसरी बड़ी खबर यह रही कि पेप्सिको ने भारत में वरुण बेवरेजेज की एक्सक्लूसिव बॉटलिंग और ट्रेडमार्क लाइसेंस को 2039 से बढ़ाकर 2049 तक कर दिया है। इससे निवेशकों का भरोसा और मजबूत हुआ, क्योंकि लंबी अवधि के लिए कंपनी का बिजनेस मॉडल सुरक्षित नजर आने लगा है।

## अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के नेट प्रॉफिट में भारी गिरावट, खर्च बढ़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने तिमाही नतीजों का ऐलान कर दिया है। मार्च तिमाही में कंपनी का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च की चौथी तिमाही में घटकर 918.07 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने इसके पीछे बढ़ते खर्चों को प्रमुख कारण बताया है। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 4,387.08 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया था। मार्च तिमाही में कंपनी की कुल इनकम भी घटकर 4,154.34 करोड़ रुपये रह गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 4,268.05 करोड़ रुपये थी। वहीं, कुल खर्च बढ़कर 5,419.87 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की



समान तिमाही में यह 4,827.97 करोड़ रुपये था। इस दौरान बिजली खरीद लागत में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई। जनवरी-मार्च तिमाही में बिजली खरीद पर कंपनी का खर्च बढ़कर 3,285.68 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 2,739.62 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का नेट प्रॉफिट घटकर 2,900.23 करोड़ रुपये रह गया, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 4,937.52 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष में कंपनी की आय भी घटकर 20,862.03 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 23,999.29 करोड़ रुपये थी। इस बीच, कंपनी ने नेतृत्व स्तर पर बदलाव की घोषणा भी की है। कंपनी ने विजेश बाबू थोता को 23 मई से मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। इससे पहले वह कंपनी में मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) थे। साथ ही, आशीष चतुर्वेदी को नया सीएफओ नियुक्त किया गया।

# भरभराने वाले हैं शेयर बाजार

## रॉबर्ट कियोसाकी की चेतावनी- सोना-चांदी बनेंगे रॉकेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिच डैड पुअर डैड के लेखक रॉबर्ट कियोसाकी ने एक बार फिर बड़ा दावा किया है। इसने फाइनेंशियल मार्केट में जोरदार बहस छेड़ दी है। उन्होंने शेयर मार्केट में बहुत जल्द बड़ी गिरावट आने की नई चेतावनी दी है। साथ ही सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार उछाल आने का अनुमान लगाया है। रॉबर्ट कियोसाकी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने लिखा कि जाने-माने मार्केट स्ट्रेटेजिस्ट जिम रिकार्ड्स का मानना है कि सोने की कीमत आखिरकार 1,00,000 डॉलर प्रति औंस (लगभग 31 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम) तक पहुंच सकती है। इसी तरह कियोसाकी ने यह भी अनुमान लगाया कि भविष्य में चांदी की कीमतें 200 डॉलर प्रति औंस (करीब 7 लाख रुपये प्रति किलो) तक बढ़ सकती हैं। रॉबर्ट कियोसाकी ने अपनी पोस्ट में कहा, 'गिरावट जल्द ही आने वाली है। जिम रिकार्ड्स का कहना है कि सोना .100,000 तक पहुंच जाएगा। अभी सोना .4,500 पर है। मुझे लगता है कि चांदी 200 प्रति औंस तक पहुंच जाएगी। अभी चांदी .75 पर है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी की कीमतें डॉलर प्रति औंस में ही बोली जाती हैं। 1 ट्रॉय औंस में 31.1035 ग्राम होते हैं। ग्लोबल मार्केट पहले से ही जूझ रहे हैं।



### सर्राफा बाजार में क्या है भाव

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार शनिवार और रविवार को बंद रहे। सर्राफा बाजार का भाव शाम को अपडेट होता है। शुक्रवार को सर्राफा बाजार बंद होने तक सोने और चांदी की कीमतों में अलग-अलग ट्रेंड देखने को मिला था। चांदी 2.71 लाख रुपये प्रति किलो पर फ्लैट रही थी।

### कियोसाकी की चेतावनी ने छेड़ दी चर्चा

कियोसाकी की इस ताजा चेतावनी ने एक बार फिर इस बात पर चर्चा छेड़ दी है कि क्या दुनिया एक और बड़े फाइनेंशियल बदलाव की ओर बढ़ रही है, जो आखिरकार निवेशकों को ठोस संपत्तियों की ओर धकेल सकता है। रॉबर्ट कियोसाकी ने कहा, 'सबसे अच्छे निवेशक वे होते हैं जो भविष्य को देख पाते हैं। उसके अनुसार कदम उठाते हैं। याद रखें इस गिरावट का शिकार बनना आपके लिए जरूरी नहीं है। आप और भी ज्यादा अमीर बन सकते हैं।' सालों से कियोसाकी लगातार इस बात की वकालत करते रहे हैं कि सिर्फ कागजी मुद्राओं या पारंपरिक फाइनेंशियल संपत्तियों पर निर्भर रहने के बजाय सोना, चांदी और बिटकॉइन जैसी ठोस संपत्तियों को अपने पास रखना चाहिए। उनकी ये ताजा प्रतिक्रिया एक बार फिर उनके इस पुराने नजरिए को मजबूती देती हैं। महंगाई की चिंता, बढ़ते सरकारी कर्ज और सेंट्रल बैंक की नीतियों को लेकर बनी अनिश्चितता इसकी वजह हैं।

### चांदी 4000 से ज्यादा चढ़ी, सोना भी उछला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोना और चांदी की कीमत में सोमवार को तेजी आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना प्रति 10 ग्राम 600 रुपये से ज्यादा चढ़ गया। वहीं चांदी की कीमत में प्रति किलो 4000 रुपये से ज्यादा की तेजी आई। वहीं गुड रिटर्न्स के मुताबिक सुबह 10 बजे 24 कैरेट सोने का दाम प्रति 10 ग्राम 320 रुपये उछलकर 1,59,380 रुपये पर पहुंच गया। हालांकि इस दौरान चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ और यह 2.85 लाख रुपये पर स्थिर थी। एमसीएक्स पर सोना और चांदी तेजी के साथ खुले। सुबह 10 बजे जून डिलीवरी वाला सोना प्रति 10 ग्राम 646 रुपये की तेजी के साथ 1,59,325 रुपये पर कारोबार कर रहा था। वहीं जुलाई डिलीवरी वाली चांदी प्रति किलो 4486 रुपये बढ़कर 2,76,332 रुपये पर थी। शुरुआती कारोबार के दौरान सोना 1,59,500 रुपये तक और चांदी 2,76,888 रुपये तक चढ़ गई थी।

## व्हाट्सएप ग्रुप से सात समंदर पार पहुंचा दिया अपने काम का जादू, अब हर महीने लाखों की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिचा शर्मा मूल रूप से बरेली की हैं। अब वह मुंबई में रहती हैं। उन्होंने बहुत कम समय में सफल ब्रांड खड़ा कर दिया है। इसका यहां रिचा शर्मा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। दोस्तों की सलाह पर रिचा ने साल 2019 में 'रिचाज प्लेटर' नाम से शुरुआत की। हालांकि, शुरुआत



नाम 'हम्बल फ्लेवर्स' है। साल 2020 में रिचा ने इसकी नींव रखी थी। बिना किसी डिजिटल मार्केटिंग और विज्ञापन के इसने अपनी अलग पहचान बनाई है। सिर्फ 'वर्ड-ऑफ-माउथ' के दम पर आज यह छोटा सा घरेलू बिजनेस इंटरनेशनल ब्रांड बन चुका है। यह सफर मुंबई की एक सोसाइटी के व्हाट्सएप ग्रुप से शुरू हुआ था। अब हर महीने यह 500 से अधिक ऑर्डर पूरे कर रहा है। इसके तहत भारत के कोने-कोने सहित दुनिया के 15 से अधिक देशों में शुद्ध देसी घी से बने हेल्दी लड्डू और स्नैक्स पहुंचाए जा रहे हैं। इससे लाखों की कमाई होने लगी है। आइए, में उन्हें थोड़ा संशय था कि आधुनिक दौर में लोग उनके पारंपरिक पकवान खरीदेंगे या नहीं। लेकिन, जब उन्होंने अपनी सोसाइटी के व्हाट्सएप ग्रुप पर ऑर्डर लेना शुरू किया तो लोगों को उनके हाथ के बने आटे और बेसन के लड्डू बहुत पसंद आए। वीकेंड किचन का यह काम तेजी से बढ़ने लगा। इसके बाद 2020 में आई कोरोना महामारी के दौरान जब लोगों की इम्युनिटी कम हो रही थी और वे सेहत को लेकर फिक्रमंद थे तब रिचा ने अपने इस काम को नया रूप देकर एक डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर ब्रांड 'हम्बल फ्लेवर्स' की ऑफिशियल नींव रखी।

### ऐसे हुई शुरुआत

रिचा शर्मा मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बरेली की रहने वाली हैं। वह राजस्थान में पली-बढ़ीं। साल 2006 में जयपुर से एमबीए किया। इसके बाद उन्होंने साल 2008 से 2012 तक माइक्रोफाइनेंस कंपनी में 70 से अधिक लोगों की टीम संभाली। बाद में वडोदरा की एक यूनिवर्सिटी में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर भी काम किया। साल 2016 में शादी के बाद वह मुंबई शिफ्ट हो गईं। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के बाद साल 2018 में रिचा को महसूस हुआ कि बच्चों के बड़े हो जाने के बाद उनके जीवन का क्या उद्देश्य होगा। इसी आत्म-मंथन ने उन्हें कुछ नया करने के लिए प्रेरित किया।

## अडानी की झोली में गिर सकती है बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी

### 3770 करोड़ में सौदा होने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अग्रणी स्मार्ट मीटर कंपनी इंटेलीस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर की बिक्री प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। इस रेस में अडानी ग्रुप की कंपनी सहित चार बोलीदाताओं को बातचीत के अगले दौर के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। इकनॉमिक टाइम्स के अनुसार, इस प्रस्तावित सौदे में इंटेलीस्मार्ट का इक्विटी वैल्यूएशन लगभग 400 मिलियन डॉलर (करीब 3770 करोड़ रुपये) होने की उम्मीद है। इंटेलीस्मार्ट के साथ सौदे के लिए दूसरे दौर की बातचीत में अडानी ग्रुप की कंपनी समेत कुल चार ने जगह बनाई है।

### अगले महीने होगी अंतिम बोली

सूत्रों के मुताबिक, इन शॉर्टलिस्टेड कंपनियों ने ड्यू डिलिजेंस (कंपनी की वित्तीय और कानूनी जांच-परख) शुरू कर दी है। मध्य-जून तक इन कंपनियों की ओर से आखिरी और बाध्यकारी बोलियां जमा किए जाने की संभावना है। इंटेलीस्मार्ट को खरीदने के लिए शुरुआती दौर में लगभग 10 कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई थी। इनमें से गहन जांच-परख के लिए केवल 4 या 5 संभावित खरीदारों को ही शॉर्टलिस्ट किया जाना था।

### कर्ज में है कंपनी

इंटेलीस्मार्ट वर्तमान में नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड और वित्तीय संकट से जूझ रही एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड का एक जॉइंट वेंचर है। इसमें 51 प्रतिशत और 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। दरअसल एनटीपीसी पावर




फाइनेंस कॉर्पोरेशन रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कॉर्पोरेशन और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया का एक जॉइंट वेंचर है। 31 मार्च 2025 तक श्चश्चस्रु पर 6,045 करोड़ रुपये का दीर्घकालिक कर्ज बकाया था। बोझ को कम करने के लिए इंटेलीस्मार्ट में हिस्सेदारी बेची जा रही है।

### क्या करती है इंटेलीस्मार्ट

साल 2019 में स्थापित हुई इंटेलीस्मार्ट को देश भर के विभिन्न राज्यों की बिजली वितरण कंपनियों से लगभग 2.2 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने के ऑर्डर मिल चुके हैं। कंपनी अब तक असम में लगभग 6,00,000 और उत्तर प्रदेश में करीब 5,00,000 स्मार्ट मीटर इंस्टॉल कर चुकी है।

## भारत को अमेरिका दे रहा ऑफर पे ऑफर, ईरान ने नई दिल्ली से सुनाई कहानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो भारत दौरे पर हैं। उनके इस दौरे का मकसद भारत के साथ अमेरिका के बिगड़े रिश्तों को दोबारा पटरी पर लाना है। इस कवायद में अमेरिका भारत को ऑफर पर ऑफर दे रहा है। इनमें जल्द से जल्द ट्रेड डील फाइनल करने से लेकर एनर्जी (कच्चा तेल और गैस) की भरपूर सप्लाई तक शामिल है। वहीं, भारत में ईरानी दूतावास ने रविवार को रूबियो के एक दिन पहले दिए गए बयानों को कड़े शब्दों में खारिज कर दिया। दूतावास ने वाशिंगटन पर क्षेत्र की वास्तविकताओं को तोड़-मरोड़कर पेश करने के अलावा अमेरिका-इजरायल की नीतियों से ध्यान भटकाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। भारत में ईरानी दूतावास ने अपने ऑफिशियल हैंडल 'ईरान इन इंडिया' के जरिये बयान जारी किया। इसमें कहा, 'भारत में ईरान का दूतावास अमेरिका और जायोनी शासन की ओर से हाल ही में की गई



टिप्पणियों को खारिज करता है।' होर्मुज स्ट्रेट में तनाव का जिक्र करते हुए दूतावास ने आरोप लगाया कि अमेरिका-इजरायल की कार्रवाइयां इस क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को अस्थिर कर रही हैं। बयान के अनुसार, 'होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री सुरक्षा और जहाजों की आवाजाही में जो चीज वर्तमान में बाधा डाल रही है और खतरा पैदा कर रही है, वह इस क्षेत्र में अमेरिका और जायोनी शासन की सैन्य, उकसाने वाली और दुस्साहसी कार्रवाइयां हैं।' ईरान के परमाणु कार्यक्रम के संबंध में दूतावास ने तेहरान के उस पुराने रुख को दोहराया कि उसकी गतिविधियां शांतिपूर्ण हैं। अंतरराष्ट्रीय निगरानी में हैं। बयान में कहा गया, 'परमाणु हथियारों के अप्रसार पर संधि के एक प्रतिबद्ध सदस्य के रूप में उसने लगातार यह घोषणा की है कि उसका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से शांतिपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी में है।' दूतावास ने आगे इस बात पर जोर दिया ईरान परमाणु विज्ञान और प्रौद्योगिकी के शांतिपूर्ण इस्तेमाल को अपने लोगों का वैध अधिकार मानता है। बयान के सबसे मजबूत हिस्सों में से एक में ईरान ने अमेरिका-इजरायल के दबाव के खिलाफ अपनी जीत का दावा किया। हमारे देश के खिलाफ सैन्य हमला किया।

### ऊर्जा नीतियों का किया बचाव

ईरानी तेल निर्यात पर अमेरिकी प्रतिबंधों की आलोचना की। कहा, 'दुनिया के प्रमुख तेल और ऊर्जा निर्यातकों में से एक के रूप में ईरान हमेशा अपने ऊर्जा संसाधनों को भारत सहित सभी देशों के लिए उपलब्ध कराने को तैयार रहा है।' इसमें आगे कहा गया, 'हाल के सालों में ग्लोबल एनर्जी मार्केट को जिस चीज ने बंधक बनाकर रखा है, वह अमेरिका की ओर से ईरान के तेल निर्यात पर लगाए गए गैर-कानूनी और अन्यायपूर्ण प्रतिबंध हैं।'

## पेट्रोल-डीजल की कीमत और बढ़ानी पड़ सकती है

### टॉप अधिकारी ने सामने रख दिए ऑप्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एचआर डायरेक्टर राज कुमार दुबे ने आगाह किया है। उन्होंने कहा है कि अगर मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट जारी रहता है तो खुदरा ईंधन की कीमतों में और बढ़ोतरी होना शायद टाला न जा सके। यानी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में और बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने पॉलिसीमेकर्स के सामने तीन ऑप्शन रखे हैं। कारण है कि कच्चे तेल (क्रूड) के बाजारों में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। दुबे ने कहा, 'अब हमारे पास दो या तीन विकल्प खुले हैं। पहला विकल्प है कीमतों में बढ़ोतरी। दूसरा, यह बढ़ोतरी सीधे पेट्रोल पंपों पर दिखे या फिर पेट्रोलियम कंपनियां नुकसान खुद उठाएं और उनका घाटा बढ़ता जाए। तीसरा विकल्प है सरकार की ओर से घाटे की भरपाई




के लिए फंड उपलब्ध कराया जाए यानी डेफिसिट फाइनेंसिंग।' उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमतों में हुई 20 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी को शुरू में टेम्परेरी माना गया था। लेकिन, जिस तरह से हालात सामने आ रहे हैं, लगता है कि यह सिलसिला अभी जारी रहेगा। पहले हमारे पास सप्लाई के सिर्फ 20 केंद्र (सप्लाई पॉइंट्स) हुआ करते थे। अब हमने इन केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 40 कर दी है। इसमें रूस भी शामिल है। ऊर्जा से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान की ओर इशारा करते हुए दुबे बोले, 'इसकी मरम्मत में ही काफी समय लग जाएगा।

### तेज होगा ग्रीन एनर्जी की ओर शिफ्ट

दुबे के अनुसार, इस संकट की वजह से भारत में ग्रीन एनर्जी की ओर बदलाव की प्रक्रिया में भी तेजी आने की उम्मीद है। 200 से ज्यादा सोलर एनर्जी उत्पादन क्षमता स्थापित हो जाने के बाद अब इस बदलाव की रफ्तार और तेज होगी। अधिकारी ने कहा, 'ऐसा इसलिए है क्योंकि एनर्जी के आयात पर होने वाले भारी खर्च की वजह से विदेशी मुद्रा से जुड़ी जिस तरह की समस्याएं खड़ी होती हैं, उन्हें देखते हुए मुझे पूरा यकीन है कि अब हम ग्रीन एनर्जी के विकल्पों को अपनाने की दिशा में और भी तेज़ी से आगे बढ़ेंगे।' दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस टारगेट पर जोर दिया, जिसके तहत नेचुरल गैस की हिस्सेदारी को मौजूदा 7-8 प्रतिशत से बढ़ाकर कुल ऊर्जा मिश्रण में 15 प्रतिशत तक ले जाना है। साथ ही (कम्प्रेस्ड बायो गैस) को भी जबरदस्त बढ़ावा देना है। उन्होंने 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण की पहल को बहुत ही सक्रिय कदम बताया। कहा कि इसके बिना पेट्रोल की 20 प्रतिशत ज्यादा कमी हो सकती थी। इसका असर विदेशी मुद्रा भंडार पर भी पड़ता। दुबे ने कहा कि ग्रीन एनर्जी, सोलर और हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में डायवर्सिफिकेशन लाना अब भी सबसे अहम है।

### क्यों बढ़ रहे पेट्रोल-डीजल के दाम

अमेरिका और इजराइल की तरफ से 28 फरवरी को ईरान पर किए गए हमले के बाद दोनों पक्षों में छिड़े संघर्ष से वैश्विक तेल की आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य अवरुद्ध हो गया है। इससे कच्चे तेल की वैश्विक कीमतें 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई हैं। खुदरा ईंधन विक्रेताओं ने इस बढ़ती लागत के बावजूद पेट्रोल पंपों पर कीमतें कम रखी थीं। सरकार ने इसे उपभोक्ताओं को महंगाई से बचाने के उद्देश्य से उठाया गया कदम बताया था। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि सरकार प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के संपन्न होने का इंतजार कर रही थी। इस बीच, सरकार का कहना है कि कीमतों में इस वृद्धि के बावजूद, खुदरा ईंधन विक्रेताओं को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## एक बार हो चुका फेल, अब बांग्लादेश ने फिर जारी किया इंटरनेशनल टेंडर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश ने रविवार को बंगाल की खाड़ी में 26 ऑफशोर ब्लॉक में तेल और गैस की खोज के लिए एक इंटरनेशनल टेंडर जारी किया। इसमें विदेशी कंपनियों के लिए पहले से ज्यादा आकर्षक शर्तें हैं। इसका मकसद देश में गैस की बढ़ती कमी से निपटना है। साथ ही महंगी एलएनजी के आयात पर निर्भरता कम करना है। ऑफशोर तेल और गैस ब्लॉक समंदर के भीतर तय किए गए वे भौगोलिक क्षेत्र होते हैं, जिन्हें सरकारें कंपनियों को क्रूड और नेचुरल गैस की खोज के लिए पट्टे (लीज) पर देती हैं। बांग्लादेश की कहानी भारत से इसलिए अलग है क्योंकि अब तक उसे समंदर में कोई गैस भंडार तलाश पाने में कामयाबी नहीं मिली है। बांग्लादेश को गैस के घटते भंडार और आयातित लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) पर बढ़ती निर्भरता का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, ऊर्जा की कीमतें भू-राजनीतिक तनाव और ईरान युद्ध से जुड़ी सप्लाई में रुकावटों के कारण अस्थिर बनी हुई हैं। ऊर्जा मंत्री इकबाल हसन महमूद ने बताया, 'हमने अंतरराष्ट्रीय कंपनियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए शर्तों को पहले से ज्यादा आकर्षक बनाया है। यह ऑफशोर टेंडर घरेलू गैस सप्लाई बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने की सरकार की कार्ययोजना का एक हिस्सा है।' संशोधित के तहत, कंपनियां एक्सप्लोरेशन फेज के दौरान खोज क्षेत्र का केवल 20 प्रतिशत हिस्सा ही वापस करेंगी। जबकि पहले यह सीमा 50 प्रतिशत थी। वर्कर्स के वेलफेयर फंड में जरूरी कॉन्ट्रिब्यूशन को भी 5 प्रतिशत से घटाकर 1.5 प्रतिशत कर दिया गया है। अधिकारियों को उम्मीद है कि ये संशोधित



शर्तें निवेशकों की रुचि को फिर से जगाएंगी। इससे पहले, मार्च 2024 में बांग्लादेश का पिछला ऑफशोर लाइसेंसिंग दौर असफल रहा था। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों की ओर से डेटा पैकेज खरीदने के बावजूद उस दौर में एक भी बोली हासिल नहीं हुई थी। इस टेंडर के तहत बंगाल की खाड़ी में 15 गहरे पानी वाले (डीप-वॉटर) और 11 कम गहरे पानी वाले (शैलो-वॉटर) ब्लॉक की पेशकश की जा रही है। पेट्रोबांग्ला ने बताया कि भूवैज्ञानिक और संबंधित डेटा वाला एक बुनियादी सूचना पैकेज 1 जून से उपलब्ध होगा।

# "सबसे दूर सबसे पहले" सप्ताह अभियान को ले बैठक

## चलाये गये अभियान में जनजातीय लोगों को योजनाओं का दिया गया लाभ

**नवबिहार टाइम्ससंवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में परियोजना निदेशक, आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निदेर्शानुसार समेकित जनजाति विकास अभियान, खूंटी अंतर्गत जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के तहत संचालित जन भागीदारी अभियान सबसे दूर सबसे पहले सप्ताह की विस्तृत जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई। यह अभियान 19 मई से 25 मई तक चलाया गया, जिसके तहत क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को कैंप के माध्यम से सैचुरेट कर लाभुकों तक पहुंचाया गया।

अभियान की शुरूआत 18 मई को आयोजित जिला स्तरीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम से हुई। इसके पश्चात जिले के 403 गांवों, जहां आदि सेवा केंद्र स्थापित हैं, तथा विभिन्न पंचायतों में सैचुरेशन कैंप आयोजित किए गए। कैंप में जनप्रतिनिधियों, जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे अनुसूचित जनजातीय के कल्याण के लिए अभियान सफलतापूर्वक संचालित हुआ।

कैंप के माध्यम से मुख्य रूप से आदिवासी जनजातीय के लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। अभियान के दौरान 5 हजार से अधिक आवेदनों का निष्पादन किया गया, शेष प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया जारी है।

अभियान के तहत चेकअप, सिकल सेल, अनीमिया, टीबी की जांच का आयोजन किया गया। साथ ही आधार कार्ड निर्माण, राशन कार्ड, विभिन्न प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री किसान योजना, जन धन खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुद्रा लोन योजना, मातृ वंदना योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, मुख्यमंत्री मईंयां सम्मान योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान योजना, सर्वजन पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना सहित अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए।

मुख्य रूप से अनुसूचित जनजाति समुदाय के कल्याण एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह अभियान संचालित किया गया। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रेल यात्री को सुरक्षित कराया प्रसव

**कटिहार।** रेलवे स्टेशन पर महिला सुरक्षा अभियान के तहत आरपीएफ एवं जीआरपी की महिला कर्मियों ने मानवता और साहस की मिसाल पेश की। जानकारी के अनुसार रविवार की रात प्रसव पीड़ा से तड़प रही एक महिला यात्री की हालत गंभीर होने पर आरपीएफ की एलएसआई मुक्ति शील एवं महिला कांस्टेबल विमलेश कुमारी ने तत्परता दिखाते हुए रेलवे डॉक्टर के पहुंचने से पहले ही सुरक्षित प्रसव कराया।आरपीएफ की दोनों महिला कर्मियों की सूझबूझ और सराहनीय प्रयास से महिला ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। बाद में रेलवे चिकित्सक द्वारा मां और नवजात की जांच की गई, जिसमें दोनों स्वस्थ पाए गए। इसके बाद जच्चा-बच्चा को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया गया।आरपीएफ एवं जीआरपी के इस मानवीय और सराहनीय कार्य के लिए पीड़िता कदवा निवासी शाकिरा खातून एवं स्थानीय लोगों ने इसकी प्रशंसा करते हुए रेल प्रशासन के साथ आरपीएफ एवं जीआरपी के अधिकारों को धन्यवाद दिया।

# बैंक मैनेजर से रंगदारी मांगने वाला बदमाश गिरफ्तार

## वकील को फीस देने के के लिए मांगी थी 5000 की रंगदारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरायकेला।** कांड्रा स्थित झारखंड ग्रामीण बैंक के मैनेजर से 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सरायकेला पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। इस मामले के अप्राथमिकी अभियुक्त बंटी गुहा को जमशेदपुर के मानगो बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया है।

सरायकेला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनुभव भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि कांड्रा थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसने तकनीकी आधार पर सोमवार सुबह आरोपी को धर दबोचा।

पुलिस के अनुसार, बीती 22 मई को आरोपी ने कांड्रा शाखा के बैंक मैनेजर को मोबाइल पर फोन किया। उसने खुद को सरायकेला जेल में बंद कुख्यात अपराधी 'रवि लोहार' (बदला हुआ नाम) बताते हुए कहा कि उसे अपनी जमानत के लिए वकील को 50,000 रुपये देने की तत्काल जरूरत है। रंगदारी न देने पर उसने मैनेजर को जान से मारने की सीधी धमकी दी। इस धमकी से डरे-सहमे बैंक मैनेजर ने 24 मई को कांड्रा थाने में लिखित शिकायत देकर प्राथमिकी दर्ज कराई।

मामला दर्ज होते ही पुलिस रेस हुई और 24 घंटे के भीतर आरोपी को दबोच लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त बंटी गुहा मूल रूप से जमशेदपुर के परसुडीह का रहने वाला है। हालांकि, वर्तमान में वह पश्चिम बंगाल के कोलकाता में छिपकर रह रहा था और वहां यूएसएस नामक एक निजी कंपनी में कार्यरत था। गिरफ्तारी के बाद बंटी गुहा ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया है। एसडीपीओ ने बताया कि बंटी गुहा का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है।

उसके खिलाफ जमशेदपुर के टेल्को थाने में दो मामले, जबकि सिदगोड़ा, सीतारामडेरा और कदमा थाने में एक-एक आपराधिक मामला पहले से दर्ज है। इस सफल छापेमारी टीम में कांड्रा थाना प्रभारी विनोद कुमार मुर्मू के साथ पुलिस अवर निरीक्षक रामदयाल उरांव, कमलेश कुमार सिंह और रामाशीष शुक्ला मुख्य रूप से शामिल थे।

# लापता छात्रा का शव पेड़ से लटका बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब पिछले चार दिनों से लापता एक स्कूली छात्रा का शव घर से करीब दो किलोमीटर दूर पेड़ से लटका हुआ बरामद किया गया।

मृतका बोड़ाम के नूतनडीह गांव की रहने वाली थी। छात्रा 21 मई को घर से पास के ही एक तालाब में नहाने की बात कहकर निकली थी। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की।

ग्रामीणों और रिश्तेदारों के स्तर पर काफी तलाश करने के बावजूद उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था।

लापता होने के चौथे दिन, ग्रामीणों ने घर से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक सुनसान इलाके में पेड़ से उसका शव लटकते हुए देखा।

घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना तुरंत स्थानीय बोड़ाम थाना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

हालांकि ग्रामीणों का कहना से कि घर से निकलने के चार दिन बाद आत्महत्या क्यों करेगी? कोई बड़ी वारदात या साजिश की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का स्पष्ट खुलासा हो पाएगा। मृतका के स्वजनों और सहेलियों से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि छात्रा किसी मानसिक तनाव में थी या घटना के पीछे कोई अन्य कारण है।

## पिकअप की ठोकर से वृद्ध घायल

**कुरसेला।** एनएच 31 पर समेली कबीर आश्रम के समीप रविवार की रात मवेशी लदी पीकअप वाहन की ठोकर से सड़क पार कर रहा एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कबीर आश्रम के पास रहने वाले अखिलेश यादव (65) सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान कुरसेला की ओर से तेज रफ्तार में आ रही मवेशी लदी पीकअप ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस फरार पिकअप वाहन की पहचान एवं चालक की गिरफ्तारी के लिए छानबीन में जुटी हुई है।

# झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का 10 जून को सीएम आवास घेराव व प्रदर्शन का ऐलान

## सरकार हमारी बातों पर शांतिपूर्वक विचार नहीं की तो आत्मदाह कर लूंगी : अध्यक्ष रोजलीन तिर्की

### आंदोलनकारियों की मांगों को दबाया नहीं जा सकता : पुष्कर महतो



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

भरनो। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा गुमला जिला के तत्वावधान में भरनो प्रखंड कार्यालय परिसर में सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज झारखंड आंदोलनकारी के राजकीय मान सम्मान अलग पहचान रोजी रोजगार नियोजन के गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर सभी को सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपया देने के मुद्दे को लेकर दो जून की रोटी के लिए 10 जून को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष घेराव - प्रदर्शन, आमरण तथा आत्मदाह कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया तथा भरनो बाजार से ब्लॉक परिसर तक जुलूस निकाला गया। न्याय के साथ सामान दो- समाज में स्वाभिमान से जीने का अधिकार दो, दिशोम गुरु शिबू सोरेन को झारखंड आंदोलनकारी का सर्वोच्च सम्मान दो आदि का नारा लगाया गया है।

मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी सह संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि आंदोलनकारियों के अधिकारों की रक्षा की मांग को न दबाया जा सकता है, न मिटाया जा सकता है। झारखंड के अस्तित्व, अस्मिता, पहचान जिंदा है झारखंड आंदोलनकारियों के त्याग और बलिदान से। अबुआ सरकार में झारखंड आंदोलनकारी उपेक्षित हैं। राज्य में सरकार के संकल्प एवं आश्वासन का पालन नहीं किया जा रहा है जिसके कारण 10 जून को झारखंड आंदोलनकारियों के द्वारा धरना - प्रदर्शन, आमरण अनशन, आत्मदाह किया जाएगा।

दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष रोजलीन तिर्की ने एलान की कि 10 जून को सरकार हमारी बातों में शांतिपूर्वक विचार नहीं करेगी मैं स्वयं आत्मदाह कर अंत कर दूंगी।

केंद्रीय सचिव पुनीत उरांव ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी की आवाज को आप दबाया नहीं जा सकता है अपने बाल बच्चों के अधिकारों को हम लोग संघर्ष और शहादत देकर लेकर रहेंगे। स्वागत भाषण नीलू देवी संचालन आनंद उरांव ने की। सभा में स्वर्गीय महेश कुमार धान के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी अनथन लकड़ा, प्रकाश खलखो,पंचास बाड़ा, मिनि बाङा, जयराम उरांव, आनंद उरांव, लच्छू मुंडा, बसंत तिर्की,साधु उरांव,बंधु उरांव, सीताराम उरांव, गोबरा उरांव, पंचू उरांव, देवनिका उरांव, कारी उरांव, सुक्रस उरांव, चंपा उरांव, कृष्णा उरांव सहित अन्य प्रमुख थे।

# गोमो-कोडरमा-गया रूट की 11 ट्रेनों को मिला हाईस्पीड ट्रेन का दर्जा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** भारतीय रेलवे बोर्ड ने गोमो-कोडरमा एवं गया जक्शन होकर चलने वाली 11 जोड़ी ट्रेनों को हाईस्पीड ट्रेन का दर्जा दिया है।एनएफआईआर की मांग पर की सूची जारी की गई है, जिसमें सियालदह-बीकानेर, हावड़ा-नई दिल्ली, अब हाईस्पीड ट्रेन चलाने वालों को रेलवे ट्रिप अलाउंस देगा।नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे ने रेलवे बोर्ड के पीएनएम में यह मुद्दा उठाया था। हाईस्पीड ट्रेनों की सूची में देश की 155 ट्रेनों को शामिल किया गया है। सूची में शामिल ट्रेन दोनों ओर से चलने वाली सियालदह-बीकानेर दूरंतो एक्सप्रेस, हावड़ा-नई दिल्ली राजधानी एक नई दिल्ली दूरंतो एक्सप्रेस है। गोमो होकर चलने वाली तीनों जोड़ी भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी, सियालदह-आनंद विहार बंगाल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, आनंद विहार बंगाल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, सियालदह-अमृतसर जालियावालाबाग एक्सप्रेस शामिल है।

# चितागढ़ गांव में चार-पांच लोग ही कर पाते हैं हस्ताक्षर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** मोहनपुर प्रखंड मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर, घने जंगलों और झारखंड सीमा से सटे चितागढ़ गांव की तस्वीर आज भी बेहद चिंताजनक है।

करीब एक हजार की आबादी वाला यह गांव आजादी के दशकों बाद भी शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है। स्थिति इतनी भयावह है कि यहां के बच्चों के लिए न तो कोई प्राथमिक विद्यालय है और न ही आंगनबाड़ी केंद्र। ऐसे में गांव के नौनिहालों का भविष्य अंधकार में डूबता नजर आ रहा है। गांव में अधिकतर आबादी अनुसूचित जाति समुदाय की है, लेकिन शिक्षा के अभाव ने इस पूरे समाज को पिछड़ेपन के दलदल में धकेल दिया है।

ग्रामीण बताते हैं कि चितागढ़ गांव दो पंचायतों- अमकोला और केवला के बीच प्रशासनिक रूप से उलझा हुआ है। किसी का आधार कार्ड अमकोला पंचायत का है तो किसी का केवला पंचायत का। इसी खींचतान और स्पष्ट जिम्मेदारी तय नहीं होने के कारण गांव अब तक सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह गया है।

गांव के बच्चों को पढ़ाई के लिए डेढ़ से दो किलोमीटर दूर स्थित केवला गांव के स्कूल जाना पड़ता है। बीच में एक नदी पड़ती है, जिसे पार कर बच्चे स्कूल पहुंचते हैं।

गर्मी के दिनों में किसी तरह बच्चे स्कूल पहुंच भी जाते हैं, लेकिन बरसात के मौसम में नदी उफान पर होती है और बच्चों का स्कूल जाना पूरी तरह बंद हो जाता है। नतीजतन कई महीने तक पढ़ाई ठप रहती है और धीरे-धीरे बच्चे शिक्षा से पूरी तरह कट जाते हैं।शिक्षा के अभाव का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरे गांव में महज पांच-छह लोग ही अपना हस्ताक्षर कर पाते हैं। बाकी अधिकांश लोग आज भी निरक्षर हैं।

बच्चे दिनभर जंगलों और झाड़ियों में खेलते रहते हैं या फिर बकरी और सूअर चराने में लग जाते हैं। पढ़ाई का माहौल न होने से नई पीढ़ी भी उसी अंधेरे की ओर बढ़ रही है, जिससे उनके पूर्वज जूझते रहे हैं।ग्रामीण पुनी मांझी बताते हैं, हमलोग कई बार मुखिया से स्कूल और आंगनबाड़ी खोलने की मांग कर चुके हैं।

# गिरफ्तार शूटरों ने खोले कई राज, पुलिस प्रशासन चौकस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** वासेपुर में डान के नाम से मशहूर फहीम खान के पुत्र इकबाल खान की हत्या की प्लानिंग चाइबासा जेल में बंद प्रिंस खान के भाई गाडविन ने की थी। पुलिस रिमांड पर पूछताछ में इजहार और रकित ने बैंकमोड़ थाना की पुलिस के पास खुलासा किया है कि गाडविन के कहने पर ही दोनों धनबाद पहुंचे थे।प्रिंस के भाई बंटी खान ने स्थानीय कुछ लोगों से संपर्क कराकर दोनों को सहयोग उपलब्ध कराया था। हत्या की प्लानिंग के तहत दोनों इकबाल खान की रेकी किए थे। घटना वाले दिन दोनों वासेपुर स्थित केजीएन काम्प्लेक्स-2 के पास मौजूद थे। इसी दौरान इकबाल खान के चालक हैदर अली उर्फ बबली को उन दोनों पर शक हो गया और वह पीछा करने लगा।

पकड़े जाने के डर से दोनों ने बबली पर गोली चला दी। गोली लगने से बबली गिर गया और वह दोनों मौके से फरार हो गया। इजहार और रकित ने पुलिस को यह भी बताया है कि गाडविन से उन दोनों की पहचान चाईबासा जेल में हुई थी। जेल में ही गोडविन ने इकबाल खान की हत्या के लिए उन दोनों को कहा था।

जमानत पर बाहर आने के बाद दोनों धनबाद पहुंचे और यहां स्थानीय स्तर पर उन्हें ठहराने से लेकर अन्य सुविधाएं प्रिंस खान के भाई बंटी खान के इशारे पर उपलब्ध हुआ। दोनों ने पुलिस को उसका नाम भी बताए हैं, जो उस वक्त उनलोगों का सहयोग किया था।

पुलिस अब उनलोगों की तलाश में जुटी है। पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर कई अन्य लोगों की तलाश शुरू की गई है। रिमांड पर पूछताछ के दौरान कुछ नये चेहरे भी सामने आए हैं, जिसका सत्यापन पुलिस कर रही है। दोनों शूटर को पुलिस ने जिस उद्देश्य के लिए रिमांड पर लिया था वह उद्देश्य पूरा हो चुका है।

यहीं वजह है कि रिमांड अवधि पूरी होने से पूर्व ही रविवार को ही पुलिस ने दोनों शूटर इजहार और रकित को पुनः न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इससे पूर्व पूछताछ के दौरान दोनों ने प्रिंस खान के भाई गोपी खान की भूमिका के बारे में भी पुलिस को बताया है।

## सनकी बेटे ने ली पिता और पत्नी की जान

**लोहरदगा।** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के सेंगरा टोली में सोमवार अहले सुबह पारिवारिक विवाद ने खूनी रूप ले लिया। सनकी बेटे ने अपने ही पिता, पत्नी और मासूम बेटी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस घटना में पिता सुरेंद्र उरांव (60 वर्ष) और पत्नी सुजाता उरांव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन वर्षीय पुत्री रियांशी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि आरोपित संदीप उरांव (35 वर्ष) ने अचानक घर में रखी कुल्हाड़ी उठाकर पिता पर हमला किया पत्नी और मासूम बेटी को भी उसने नहीं छोड़ा।

# ग्रुप लोन के दबाव में फांसी लगाकर आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** गांडेय प्रखंड के रसनजोरी गांव में आर्थिक तंगी और ग्रुप लोन के दबाव से परेशान एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक रसनजोरी दलित टोला निवासी 45 वर्षीय मीतन दास था। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

स्वजन व ग्रामीणों के अनुसार मृतक पर चार अलग-अलग ग्रुप लोन चल रहे थे। समय पर किस्त जमा नहीं कर पाने के कारण वह पिछले कई दिनों से मानसिक तनाव में था। इसी तनाव में आकर उसने यह कदम उठा लिया।

घटना की सूचना मिलते ही अहिल्यापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

इधर घटना की जानकारी मिलने पर मुखिया पति भागीरथ मंडल व जिला परिषद सदस्य पति सह समाजसेवी



मुफ्ती मोहम्मद सईद आलम मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त स्वजन को ढांढस बंधाया तथा आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

मृतक अपने पीछे पत्नी मंगली देवी, दो पुत्र प्रदीप दास व प्रेम दास तथा दो पुत्री किरण कुमारी व निरासी कुमारी को छोड़ गए हैं। घटना से मृतक के स्वजन का रो रो कर बुरा हाल है और गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

इधर अहिल्यापुर थाना प्रभारी एनुल हक खान ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घटना को लेकर छानबीन की जा रही है।

# स्टेशन पर नागार्जुन पुस्तकालय की शुरूआत

## साहित्य और हिंदी को बढ़ावा देने की पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** साहित्य और संस्कृति की पहचान रखने वाले सिमुलतला में अब एक नई बौद्धिक पहल की शुरूआत हुई है। स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में नागार्जुन हिंदी पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। पुस्तकालय खुलने से रेल कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय पुस्तक प्रेमियों और यात्रियों में भी उत्साह का माहौल है।

पुस्तकालय उद्घाटन से पहले स्टेशन परिसर में त्रैमासिक राजभाषा क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सह स्टेशन प्रबंधक अखिलेश कुमार ने की। इस दौरान सरकारी कार्यों में हिंदी के बढ़ते प्रयोग, उसके सरलीकरण और प्रभावी उपयोग को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

अधिकारियों ने कहा कि हिंदी को प्रशासनिक कार्यों में और अधिक सहज तथा व्यवहारिक बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पार्षद सदस्या विभा सिंह मौजूद रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला पार्षद प्रतिनिधि आलोक राज शामिल हुए। दोनों अतिथियों ने फीता काटकर पुस्तकालय का उद्घाटन किया।

इस मौके पर विभा सिंह ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर पुस्तकालय की स्थापना एक अनुकरणीय पहल है। इससे यात्रियों को समय का सदुपयोग करने का अवसर मिलेगा और नई पीढ़ी हिंदी भाषा एवं साहित्य से जुड़ सकेगी।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नागार्जुन हिंदी पुस्तकालय आने वाले समय में ज्ञान और साहित्य का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। इससे रेलवे परिसर में राजभाषा हिंदी को बढ़ावा मिलेगा और लोगों में पढ़ने की संस्कृति मजबूत होगी।



कार्यक्रम में नागार्जुन की रचनाओं का कविता पाठ भी किया गया। इसके अलावा उनसे जुड़ी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेलवे के कई अधिकारियों और कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संचालन संयोजक डी.एन. कामती ने किया, जबकि राजभाषा वरीय अनुवादक के मार्गदर्शन में पुरुषोत्तम गुप्ता ने आयोजन की रूपरेखा तैयार की।

इस अवसर पर एरिया मैनेजर राम गोपाल सिंह, सहायक अभियंता टीआरडी डी.के. सिंह, सहायक अभियंता आर.बी. महतो और ट्रैफिक निरीक्षक यूके चौधरी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उप स्टेशन प्रबंधक अभिनेक कुमार को नागार्जुन हिंदी पुस्तकालय का अध्यक्ष बनाया गया। उपस्थित लोगों ने उम्मीद जताई कि यह पुस्तकालय आने वाले दिनों में सिमुलतला में साहित्यिक और बौद्धिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

# हीट स्ट्रोक से पीड़ितों के इलाज को ले रिम्स प्रशासन अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची। गर्मी बढ़ने के साथ ही हीट स्ट्रोक (लू लगने) के मामलों में इजाफा होने लगा है। इसे देखते हुए रिम्स प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है और मरीजों के इलाज को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रिम्स प्रबंधन ने बताया कि हीट वेव के दौरान आम लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।

जानकारी के अनुसार, हीट स्ट्रोक से पीड़ित मरीजों का इलाज मुख्य रूप से मेडिसीन और पीडियाट्रिक्स विभाग में किया जाता है। मरीज की स्थिति और लक्षणों के आधार पर उपचार की प्रक्रिया अपनाई जाती है। वहीं, मरीजों की संख्या बढ़ने की स्थिति में रिम्स प्रबंधन अलग से डेडिकेटेड बेड की व्यवस्था करने पर भी विचार कर सकता है।

रिम्स प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे सरकार द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करें और अनावश्यक रूप से तेज धूप में बाहर निकलने से बचें। लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्के एवं ढीले कपड़े पहनने तथा बाहर निकलते समय सिर और शरीर को ढककर रखने की सलाह दी गई है। विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों को गर्मी के मौसम में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत बताई गई है, क्योंकि हीट स्ट्रोक का खतरा इन वर्गों में अधिक रहता है।

## आसमान से बरस रही आग

**कोडरमा।** अभ्रक नगरी कोडरमा और इसके आसपास के इलाकों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार है। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों के कारण लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। दोपहर के समय बाजारों और मुख्य सड़कों पर पूरी तरह सन्नाटा पसर जाता है। लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन ने गाइडलाइन जारी की है।

# राजस्थान टीम ने 7वीं बार प्लेऑफ में बनाई जगह

**2008 में बनी थी विनर; 16 साल बाद फिर से चैंपियन बनने का मौका**

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स ने रियान पराग की कप्तानी में आईपीएल 2026 के प्लेऑफ में जगह बना ली। राजस्थान के लिए लीग स्टेज में वैभव सूर्यवंशी ने सबसे ज्यादा 583 रन बनाए जबकि जोफ्रा आर्चर ने सबसे ज्यादा 21 विकेट लिए। अब एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान को सनराइजर्स हैदराबाद से 27 मई को भिड़ना है। राजस्थान के लिए फाइनल की राह आसान तो नहीं है, लेकिन ये मुश्किल भी नहीं है और इस टीम के पास एक बार फिर से साल 2008 के बाद चैंपियन बनने का मौका है।

### राजस्थान ने 7वीं बार बनाई प्लेऑफ में जगह

राजस्थान की टीम ने आईपीएल 2026 के प्लेऑफ में जगह बनाई और इस लीग में ये 7वां मौका है जबकि इस टीम ने टॉप-4 में अपनी जगह पक्की की। राजस्थान ने इससे पहले साल 2008, 2013, 2015, 2018, 2022 और 2024 में प्लेऑफ में पहुंचने का कमाल किया था। राजस्थान ने इस लीग के 19 साल के इतिहास में दो साल का बैन भी साल 2016-17 में झेला था। यानी इस टीम ने अब तक कुल 17 सीजन में हिस्सा लिया है और इसमें अगर ये टीम 7 बार प्लेऑफ में पहुंची है तो ये अपने आप में शानदार है।



### राजस्थान की टीम साल 2008 में बनी थी चैंपियन

राजस्थान की टीम के साथ ऐसा अब तक एक ही बार हुआ है कि वो प्लेऑफ में पहुंची और चैंपियन बनी। साल 2008 में इस टीम के कप्तान शेन वॉर्न थे और उनकी कप्तानी में टीम प्लेऑफ में पहुंची और पहली बार चैंपियन भी बनी। इसके बाद ये टीम साल 2022 में भी प्लेऑफ में पहुंचने के बाद फाइनल में पहुंची थी, लेकिन उसे फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। यानी प्लेऑफ में पहुंचने के बाद ये टीम सिर्फ एक ही बार चैंपियन बन पाई है। अब इस टीम के पास मौका है कि वो 16 साल के बाद फिर से दूसरी बार चैंपियन बने।

# दिल्ली ने केकेआर को 40 रन से हराया

**स्टार्क-कुलदीप की घातक गेंदबाजी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने केएल राहुल की अर्धशतकीय पारी साथ ही मिचेल स्टार्क और कुलदीप यादव की घातक गेंदबाजी के दम पर केकेआर को उनके घरेलू मैदान पर 40 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ दिल्ली ने इस सीजन का समापन जीत के साथ किया तो वहीं केकेआर को निराशा मिली। इस मैच में दिल्ली की गेंदबाजी के सामने केकेआर की बैटिंग लाइनअप पूरी तरह से बिखर गई और सिर्फ मायूसी इस टीम के हाथ लगी। हालांकि दिल्ली और केकेआर पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है लिहाजा इन दोनों टीमों का सफर इस सीजन में यहीं पर खत्म हुआ।



आईपीएल 2026 के 70वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स के साथ वानखेड़े स्टेडियम में हुआ। इस मुकाबले में केकेआर ने टॉस जीत लिया है और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दिल्ली ने केकेआर के खिलाफ पहले बैटिंग करते हुए केएल राहुल की अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में 5 विकेट पर 203 रन बनाए और विरोधी टीम को जीत के लिए 204 रन का टारगेट दिया। केकेआर ने दूसरी पारी में 18.4 ओवर में 163 रन बनाए और ऑलआउट हो गई। कुलदीप यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**केएल राहुल ने लगाया अर्धशतक-** अभिषेक पोरेल ने केकेआर के खिलाफ 22 रन की पारी खेली जबकि साहिल पारख ने 24 रन की पारी खेली। केएल राहुल ने 25 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और 60 रन बनाकर आउट हो गए। कप्तान अक्षर पटेल ने 39 रन की पारी खेली और आउट हो गए। डेविड मिलर 19 गेंदों पर 28 रन बनाकर आउट हो गए। केकेआर के लिए सौरव दुबे ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।

**छक्के लगाने में वैभव तो चौके लगाने में**

# साई सुदर्शन ने मारी बाजी

**70 मैचों के बाद सबसे ज्यादा 6-4 लगाने वाले टॉप-5 बैटर्स**





**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का लीग स्टेज समाप्त हो चुका है और अब बारी प्लेऑफ मैचों की है। आरसीबी, गुजरात, हैदराबाद और राजस्थान की टीमें टॉप-4 में पहुंच चुकी है और अब फाइनल में पहुंचने के लिए इन सबके बीच मुकाबले होंगे। इससे पहले इस सीजन में सभी 10 टीमों के बीच टॉप-4 में पहुंचने की होड़ थी जिसमें इन चार टीमों को सफलता मिली। इस सीजन में कुल 70 लीग मैच खेले गए जिसमें ऐसे खिलाड़ियों की कमी नहीं रही जिन्होंने खूब चौके व छक्के लगाए। आइए बताते हैं कि इन 70 मैचों में सबसे ज्यादा छक्के और चौके लगाने वाले टॉप-5 बल्लेबाज कौन-कौन रहे।

**70 मैचों में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-5 बल्लेबाज-** इस सीजन के लीग स्टेज में यानी 70 लीग मुकाबलों में छक्के लगाने के मामले में राजस्थान के ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने बाजी मारी और उन्होंने 14 मैचों में कुल 53 छक्के लगाए।

### चौके लगाने वाले टॉप-5 बल्लेबाज

70 लीग मैचों के बाद सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर गुजरात के ओपनर साई सुदर्शन रहे जिन्होंने 14 मैचों में 62 चौके लगाए जबकि 14 मैचों में 59 चौके लगाते हुए आरसीबी के बैटर विराट कोहली दूसरे स्थान पर रहे। तीसरे नंबर पर शुभमन गिल रहे जिन्होंने 13 मैचों में 57 चौके लगाए जबकि इशान किशन भी उनके साथ इसी नंबर पर 14 मैचों में 57 चौके लगाकर रहे। चौथे स्थान पर केएल राहुल रहे जिन्होंने 14 मैचों में 56 चौके जड़े जबकि 14 मैचों में 55 चौकों के साथ प्रभसिमरन सिंह पांचवें नंबर पर रहे।

**वैभव, संजू से लेकर श्रेयस तक**

### IPL 2026 के 70 लीग मैचों में लगे 14 शतक, 13 खिलाड़ियों में 8 भारतीय शामिल







**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 70 लीग मैच खत्म हो चुके हैं और इन मैचों में ऐसे खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं रही जिन्होंने अपनी-अपनी टीमों के लिए खूब रन बनाए साथ ही साथ शतक लगाने का भी कमाल किया। लीग स्टेज के 70 मैचों में इस सीजन में कुल 14 शतक लगे और इस दौरान 13 खिलाड़ियों ने ये उपलब्धि अपने नाम करने का गौरव हासिल किया।

**लीग स्टेज में 8 भारतीय जबकि 5 विदेशी खिलाड़ियों ने जड़े शतक-** आईपीएल 2026 के लीग स्टेज में यानी 70 लीग मैचों में 13 खिलाड़ियों ने शतक लगाए जिसमें 8 भारतीय और 5 विदेशी खिलाड़ी शामिल रहे। 8 भारतीय खिलाड़ियों में संजू सैमसन, साई सुदर्शन, केएल राहुल, वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और तिलक वर्मा शामिल रहे जबकि जिन 5 विदेशी खिलाड़ियों ने शतक लगाए उसमें मिचेल मार्श, कूपर कोनोली, रयान रिकेल्टन, फिन एलन और क्विंटन डिकॉक शामिल रहे। इस सीजन में संजू सैमसन ने इन खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा 2 शतक लगाए जबकि अन्य खिलाड़ियों ने एक-एक शतक जड़े।

**केएल राहुल ने खेली सबसे बड़ी पारी-** आईपीएल के लीग स्टेज में अगर सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने की बात की जाए तो इसमें पहले स्थान पर दिल्ली के बैटर केएल राहुल रहे जिन्होंने 152 रन की पारी खेली। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैदराबाद के ओपनर अभिषेक शर्मा रहे जिन्होंने 135 रन की पारी खेली जबकि मुंबई के ओपनर रयान रिकेल्टन 123 रन की पारी खेलकर तीसरे नंबर पर रहे।

**मुंबई इंडियंस को हरा प्लेऑफ में पहुंच राजस्थान रॉयल्स**

# सूर्यकुमार-हार्दिक की मेहनत पर फिरा पानी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 69वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 30 रनों से हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई। एलिमिनेटर में उसका सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। राजस्थान रॉयल्स ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 205 रन बनाए।



मुंबई इंडियंस ने 206 रन के लक्ष्य के जवाब में 9 विकेट पर 175 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने बेहतरीन अर्धशतक जड़ा, लेकिन उनकी मेहनत पर पानी फिर गया। हार्दिक पंड्या ने भी अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। राजस्थान रॉयल्स के लिए जोफ्रा आर्चर ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने बल्ले से भी अच्छा प्रदर्शन किया। मुंबई इंडियंस के लिए सूर्यकुमार यादव ने 60, जबकि कप्तान हार्दिक पंड्या ने 34 और विल जैक्स ने 33 रन का योगदान दिया। आर्चर ने पहले ओवर में रोहित शर्मा को खाता खोले बिना विकेट के पीछे कैच कराने के बाद दूसरे ओवर में नमन धीर (छह) को बोल्ड किया। नांद्रे बर्गर ने आक्रामक दिख रहे रयान रिकेल्टन (12) को वैभव सूर्यवंशी के हाथों कैच कराकर मुंबई की कमर तोड़ दी। इससे पहले राजस्थान की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती रही, लेकिन ध्रुव जुरेल ने 26 गेंद में 38, आर्चर ने 15 गेंद में 32, दासुन शनाका ने 15 गेंद में 29 और यशस्वी जायसवाल ने 17 गेंद में 27 रन का अहम योगदान दिया।

# नॉर्वे को 28 वर्षों बाद फीफा वर्ल्ड कप में पहुंचाने वाले खिलाड़ी

**जो कहलाते 'गोल-मशीन'**

**नई दिल्ली।** नॉर्वे के फुटबॉलर एर्लिंग ब्रूट हालैंड को 'गोल-मशीन' कहा जाता है। 21 जुलाई 2000 को इंग्लैंड के लीड्स में जन्मे एर्लिंग एथलीट परिवार से हैं। उनके पिता अल्फ-इंगे हालैंड एक प्रोफेशनल फुटबॉलर थे। मां ग्राय मारिता ब्राउन हेप्टाथलॉन में नाम कमा चुकी हैं, जबकि दादा नॉर्वे में एक मशहूर धावक थे। महज 5 साल की उम्र में ही एर्लिंग वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर



चुके थे। जनवरी 2006 में एर्लिंग हालैंड ने खड़े होकर 1.63 मीटर की छलांग लगाई और सबसे लंबी कूद का रिकॉर्ड अपने नाम किया था। जन्मजात एथलीट एर्लिंग हालैंड की परवरिश नॉर्वे में हुई, जहां उन्होंने बेहद कम उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू कर दिया। हालांकि, पिता चाहते थे कि बेटा फुटबॉल चुनने से पहले कई दूसरे खेलों को भी आजमाए। यही वजह रही कि 14 साल की उम्र तक एर्लिंग एथलेटिक्स, स्कीइंग और हैंडबॉल का अनुभव भी हासिल कर चुके थे। हैंडबॉल मैनेजर चाहते थे कि एर्लिंग इसी खेल को चुनें, लेकिन परिस्थितियों ने उन्हें एक फुटबॉलर बना दिया।

**विश्व फुटबॉल दिवसः जिंक फुटबॉल अकादमी ने 1,400 से अधिक युवाओं को दिया नया मंच**

# भारत में फुटबॉल को नई रफ्तार

**उदयपुर।** विश्व फुटबॉल दिवस के अवसर पर, हिंदुस्तान जिंक की जिंक फुटबॉल अकादमी (जेडएफए) ने भारत में फुटबॉल के विकास और उन्नति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। युवा जीवन को आकार देने में फुटबॉल की परिवर्तनकारी शक्ति का जश्न मनाते हुए, जिंक फुटबॉल ने पिछले एक वर्ष में ही जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को पोषित करने और भारत की फुटबॉल संबंधी आकांक्षाओं को साकार करने के अपने प्रयास में 1,400 से अधिक युवा लड़कों और लड़कियों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। यह सीज़न ZFA के सफर में एक मील का पत्थर साबित हुआ है। अकादमी ने तीसरी बार राजस्थान स्टेट मेन्स लीग का खिताब जीता, जो प्रतियोगिता में सबसे युवा टीमों में से एक के साथ हासिल की गई एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो इसके



मजबूत विकास पथ को रेखांकित करती है। राष्ट्रीय स्तर पर, ZFA की अंडर-18 टीम AIFF अंडर-18 एलीट लीग में उपविजेता रही और भारत की दूसरी सर्वश्रेष्ठ अंडर-18 टीम के रूप में उभरी। एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, ज़ावर अकादमी ने भारतीय फुटबॉल के शीर्ष स्तरों में से एक, आई-लीग 3 में पदार्पण किया। लड़कियों की टीम ने भी अपने पदार्पण के महज एक साल के भीतर ही असाधारण प्रदर्शन किया, दून कप, डीएवी अंडर-19 नेशनल और अस्मिता फुटबॉल लीग में खिताब जीते, और वर्तमान में चल रही राजस्थान सीनियर महिला लीग में अंक तालिका में शीर्ष पर है, जो जेडएफए में महिला फुटबॉल के तेजी से विकास को दर्शाता है।

'फुटबॉल सपनों को साकार करता है। ज़िंक फुटबॉल अकादमी भविष्य का निर्माण करती है' के मूल सिद्धांत से प्रेरित होकर, ZFA एक जमीनी पहल से विकसित होकर एक पेशेवर फुटबॉल प्रणाली बन गई है। सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देते हुए, अकादमी विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, सुव्यवस्थित कोचिंग पद्धतियों और प्रौद्योगिकी आधारित प्रदर्शन विश्लेषण को मिलाकर भारतीय फुटबॉलरों की अगली पीढ़ी को तैयार करती है।

खेल के मैदान से परे, अकादमी एक सच्चे छात्र-एथलीट मॉडल को बढ़ावा देती है, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक खिलाड़ी की शिक्षा का ध्यान रखा जाए, और वह भी पूर्ण छात्रवृत्ति के आधार पर।



**रोहित शर्मा का IPL 2026 में प्रदर्शन, 179 गेंदों पर बनाए 283 रन**

# जोफ्रा आर्चर के सामने टी20 में कर देते हैं सरेंडर

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा के आईपीएल 2026 में प्रदर्शन पर नजर डालें तो इसके बहुत अच्छा तो नहीं कहा जा सकता है। रोहित ने इस सीजन में मिली-जुली बैटिंग की, हां वो बीच में इंजरी की वजह से कुछ मैचों में नहीं खेल पाए थे जिसका उन्हें और उनकी टीम को भी नुकसान हुआ। रोहित ने इस सीजन का अपना आखिरी लीग मैच राजस्थान के खिलाफ खेला जिसमें वो जोफ्रा आर्चर की गेंद पर डक पर आउट हो गए और इस लीग में सबसे ज्यादा डक पर आउट होने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में ग्लेन मैक्सवेल की बराबरी पर आ गए।

**रोहित ने बनाए 179 गेंदों पर 283 रन-** रोहित शर्मा ने आईपीएल 2026 में अपनी टीम के लिए कुल 9 मैच खेले। इन मैचों में उन्होंने 179 गेंदों का सामना करते हुए 283 रन बनाए। रोहित का औसत इस सीजन में 35.37 का रहा जबकि उनका स्ट्राइक रेट 157.22 का रहा। रोहित ने इस सीजन में 2 अर्धशतक लगाए और उनका बेस्ट स्कोर 84 रन रहा जबकि वो एक बार इन मैचों में डक पर आउट हुए। रोहित ने इस सीजन में 9 मैचों में



21 चौके और 21 छक्के भी लगाए।

**जोफ्रा के सामने टी20 में नहीं चलता है रोहित शर्मा का बल्ला-** राजस्थान के खिलाफ रोहित शर्मा ने 4 गेंदों का सामना किया और डक पर जोफ्रा की गेंद पर कैच आउट हो गए। रोहित शर्मा का बल्ला जोफ्रा के खिलाफ टी20 मैचों में नहीं चलता है। रोहित ने अब तक टी20 में जोफ्रा की 40 गेंदों का सामना किया है जिस पर कुल 36 रन बनाए हैं और इस दौरान वो 4 बार आउट हुए हैं। जोफ्रा के खिलाफ रोहित शर्मा का औसत 9 का रहा है जबकि स्ट्राइक रेट 90 का रहा है।

### रोहित बने सबसे ज्यादा डक पर आउट होने वाले भारतीय

रोहित शर्मा आईपीएल में 19वीं बार डक पर आउट हुए और वो इस लीग में सबसे ज्यादा बार डक पर आउट होने वाले भारतीय बैटर बने तो वहीं ओवरऑल उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल की बराबरी कर ली। मैक्सवेल इस लीग में सबसे ज्यादा डक पर आउट होने वाले बैटर थे और अब रोहित उनके साथ संयुक्त रूप से पहले नंबर पर आ गए। मैक्सवेल भी 19 बार इस लीग में डक पर आउट हुए थे। इस सूची में दूसरे नंबर पर दिनेश कार्तिक और सुनील नरेन मौजूद हैं जो अब तक 18-18 बार डक पर आउट हुए हैं।

# कल्याण विभाग की योजनाओं में तेजी लाने का डीसी ने दिया निर्देश

## प्रि मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं साइकिल वितरण योजना की समीक्षा





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने कल्याण विभाग के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा क्रम में उपायुक्त (डीसी) ने प्रि-मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना तथा मुख्यमंत्री साइकिल वितरण योजना की स्थिति की जानकारी ली।इस दौरान गोमिया एवं नावाडीह प्रखंड से सूची उपलब्ध नहीं होने की जानकारी मिलने पर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अविलंब संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों से संपर्क कर सूची प्राप्त करते हुए अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**विभिन्न योजनाओं का किया समीक्षा**

बैठक में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मांझी हाउस - मांझी थान, सरना, जाहेर थान तथा कब्रिस्तान की पक्की घेराबंदी एवं मरम्मती योजनाओं की प्रगति कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं का कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

**आश्रम विद्यालय तुलबुल के सौंदर्यीकरण को लेकर ग्राम सभा कराने का निर्देश**

उपायुक्त ने आश्रम विद्यालय तुलबुल के मरम्मती एवं सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर ग्राम सभा आयोजित कर प्रस्ताव जिला प्रशासन को समर्पित करने का निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में स्थानीय सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्य बेहतर तरीके से संपन्न हो सके। बैठक में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला कल्याण पदाधिकारी मो. सफीक आलम, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, जिला अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में पंचायत चुनाव की तैयारी का आह्वान



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक सर्किट हाउस में जिलाध्यक्ष सीता राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रमा खलखो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष कुमार सिंह, सुल्तान अहमद एवं अवध नारायण प्रसाद बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं फूलमाला पहनाकर किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रमा खलखो ने कहा महिला कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। महिला आरक्षण बिल 2023 को जल्द लागू कराने के लिए हमारा आंदोलन जारी है। इससे लोकसभा-विधानसभा में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ेगी। आने वाले पंचायत चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें। जो सदस्य पंचायत चुनाव लड़ना चाहती हैं, वे तैयारी शुरू करें और अधिक से अधिक महिलाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ें।' जिलाध्यक्ष सीता राणा ने कहा: प्रदेश अध्यक्ष रमा खलखो के धनबाद आगमन से कार्यकर्ताओं में नया जोश है। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश मिले हैं। धनबाद में महिला कांग्रेस को पंचायत स्तर तक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष का झरिया और गोविंदपुर प्रखंड का दौरा भी प्रस्तावित है, जहां वे स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी। बैठक में ये रहीं उपस्थितः सुल्तान अहमद, अवध नारायण प्रसाद, राम दुलारी, माला झा, रूबी खातून, हेमंती जायसवाल, पूनम देवी, रिंकू कुमारी, बिल्किस बानो उर्फ शाहीना बानो, सुनीता निषाद, शबीना खातून, ऊषा देवी, सविता तुरी, सुशांति हांसदा, नूतन झा, गुड़िया देवी, सबिता देवी, सिमरन हांसदा, ज्योति हांसदा, आशा देवी, रंजू देवी समेत बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### डीसी बोकारो ने लिया जियाडा क्षेत्रीय निदेशक बोकारो प्रक्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को उपायुक्त बोकारो अजय नाथ झा ने झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (जियाडा), बोकारो प्रक्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने जियाडा कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक कर औद्योगिक विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा की। क्षेत्रीय निदेशक ने कहा कि जिले में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए बेहतर आधारभूत संरचना एवं निवेशकों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, औद्योगिक इकाइयों की समस्याओं के समाधान तथा पारदर्शिता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को उद्योगों के साथ नियमित संवाद बनाकर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जियाडा के क्षेत्रीय उप निदेशक मनोज कुमार, सहायक विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने वर्तमान परियोजनाओं, लंबित मामलों एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, जियाडा के कई पदाधिकारी एवं कर्मी आदि उपस्थित थे।

### ध्रुपद धमार गायक शैलेन्द्र कुमार पाठक को मिला झारखंड रत्न सम्मान



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रसिद्ध तबला वादक पं राम वचन पाठक के भतीजे व वरिष्ठ संगीतज्ञ पं कृष्ण मोहन पाठक के सुपुत्र प्रसिद्ध ध्रुपद धमार गायक शैलेन्द्र कुमार पाठक को वर्ष 2026 के झारखंड रत्न सम्मान से नवाजा गया है। उन्हें यह सम्मान ध्रुपद धमार गायन के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 23 मई को रांची में आयोजित लोक सेवा समिति के 35वें वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि बंधु तिर्की ने प्रदान किया। श्री तिर्की ने संगीत के क्षेत्र में श्री पाठक के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर लोक सेवा समिति के केंद्रीय अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद खान, चयन समिति के संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार चंचल भट्टाचार्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### आउटसोर्सिंग के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, किया घेराव

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनसार थाना क्षेत्र में चल रहे देव प्रभा कोल माइनिंग प्रोजेक्ट को लेकर स्थानीय लोगों का विरोध तेज हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि आउटसोर्सिंग कंपनी की मनमानी और लगातार हो रही ब्लास्टिंग से इलाके के घरों में दरारें पड़ रही हैं।लोगों में दहशत का माहौल है। विरोध कर रहे युवा समाजसेवी सह दलित नेता मुकेश भुईयां को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने धनसार थाना का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। धनसार थाना क्षेत्र स्थित चांदमारी कोलियरी दुर्गा मंदिर के पीछे संचालित देवप्रभा कोल माइनिंग प्रोजेक्ट को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि माइनिंग कंपनी द्वारा लगातार ब्लास्टिंग और डस्टिंग किए जाने से आसपास के घरों में दरारें पड़ने लगी हैं। इसके साथ ही पूरे इलाके में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी ने पहले बाउंड्री के बाहर खुदाई नहीं करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब रात के समय बाउंड्री वॉल तोड़कर आगे भी खुदाई की जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर आवाज उठा रहे युवा समाजसेवी सह दलित नेता मुकेश भुईयां को पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए थाना बुलाए जाने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण धनसार थाना पहुंच गए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने प्रशासन से आउटसोर्सिंग कंपनी की मनमानी पर रोक लगाने और स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। फिलहाल इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है, वहीं ग्रामीण प्रशासन से मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

### भीषण गर्मी के मद्देनजर समाहरणालय परिसर में की गई शीतल पेयजल की व्यवस्था

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भीषण गर्मी को देखते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर समाहरणालय आने जाने वाले आम नागरिकों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। वहीं समाहरणालय आते समय उपायुक्त ने प्रवेश द्वार पर अपने वाहन से उतरकर स्वयं शीतल पेयजल पीया। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में कम पानी पीने से डिहाइड्रेशन होने की संभावना है। इसके बचाव के लिए लोगों को दिन भर पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में प्यास लगने का इंतजार न करें। थोड़े अंतराल में पानी पीते रहिए। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में समाहरणालय में अपने सरकारी कार्यों के लिए आने वाले आम नागरिकों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, यह जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। कड़कती धूप और लू को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है ताकि लोग परिसर में आते ही राहत पा सकें। उपायुक्त ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे गर्मी के इस मौसम में धूप में निकलने पर सावधानी बरतें, पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें और समाहरणालय परिसर में स्थापित इन पेयजल सुविधाओं का आवश्यकतानुसार लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों, महिलाओं और दूर-दराज से विभिन्न काम के लिए समाहरणालय आने वाले लोगों के लिए मुख्य प्रवेश द्वार के अलावा पोर्टिको के सामने तथा समाहरणालय के सभी फ्लोर पर वाटर कूलर लगाए गए हैं। उपायुक्त ने इसकी नियमित निगरानी के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है।



# संस्कार भारती बोकारो जिला इकाई की साधारण सभा सम्पन्न

## साहित्य व संगीत की गतिविधियों को बढ़ाने का लिया गया संकल्प



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साहित्य व भारतीय कलाओं के प्रति समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई की वार्षिक साधारण सभा रविवार की शाम सेक्टर 4 स्थित शिव-हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित हुई। संस्कार भारती की ओर से प्रांतीय प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित प्रांतीय उपाध्यक्ष व वरिष्ठ संगीतज्ञ मथुरेश वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस वार्षिक साधारण सभा में प्रांतीय चित्रकला प्रमुख सरोज कुमार मिश्रा, बोकारो जिला अध्यक्ष अमरजी सिन्हा, उपाध्यक्ष रामाशीष सिंह, सचिव स्वरूप शेखर पांडेय, मंत्री अर्चना चौधरी, कोषाध्यक्ष रुपक कुमार पांडेय, साहित्य कला प्रमुख अरुण पाठक, लोककला प्रमुख क्रांति श्रीवास्तव सहित नये सदस्य व कवि अनिल कुमार श्रीवास्तव, काजल भालोटिया, वरिष्ठ रंगकर्मी शंभु झा, जयंती सिंह, शंकर प्रजापति, पं. के के एन तिवारी आदि शामिल हुए। इस साधारण सभा में पिछले वर्ष की गतिविधियों सहित अन्य जरूरी मुद्दों पर चर्चा हुई और साहित्य व संगीत कला की गतिविधियों को और बढ़ाने का संकल्प लिया गया। संस्था से जुड़े कुछ नये सदस्यों का परिचय भी कराया गया। सभा की शुरूआत संस्कार भारती के ध्येय गीत साधयति संस्कार भारती, भारते नवजीवनम्... के समवेत गायन से हुई। संस्कार भारती के बोकारो जिला इकाई सचिव स्वरूप शेखर पांडेय ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रांतीय प्रतिनिधि श्री वर्मा ने कहा कि संस्कार भारती अखिल भारतीय स्तर पर अपनी गतिविधियों के माध्यम से लोगों के बीच भारतीय कला व संस्कृति के प्रचार-प्रसार में लगी हुई है। उन्होंने बोकारो इकाई की गतिविधियों की प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई भविष्य में और बेहतर कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। उन्होंने अगले महीने 6 व 7 जून को हजारीबाग में आयोजित होनेवाली संस्कार भारती की प्रांतीय साधारण सभा के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर बोकारो जिलाध्यक्ष अमरजी सिन्हा ने वर्ष 2027 तक के लिए संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई कार्यकारिणी व सदस्य मित्र के नामों की घोषणा की। कार्यसमिति में संदीप कुमार तिवारी, इन्दु शेखर मिश्रा, गौतम पाण्डेय, सुरेश नायर, प्रभा नायर, वासुदेवन नम्बुदरीपाद, शुभ्रा मुखोपाध्याय (संरक्षक मंडल), अध्यक्ष अमरजी जी सिन्हा, उपाध्यक्ष रामाशीष सिंह, अरूप रक्षित व अनुपा निधि, सचिव स्वरूप शेखर पांडे, कोषाध्यक्ष रुपक कुमार पांडे, मंत्री अर्चना चौधरी, कला विभाग संयोजक रजनी पाढ़ी, साहित्य कला प्रमुख अरुण पाठक, दृश्य कला प्रमुख नागेंद्र सिंह व सुनील कुमार मोदी, मंचीय कला प्रमुख शंभु झा व रोली प्रियदर्शी, लोककला प्रमुख क्रांति श्रीवास्तव, कला धरोहर प्रमुख रचना सिंह व प्रियंका सहित सदस्य मित्र के रुप में जीत घोषाल, काजल भालोटिया, जयंती सिंह, रीना यादव, अमृता शर्मा, शंकर प्रजापति, अनिल श्रीवास्तव, संजीव तिवारी, श्याम, अनुपा निधि, किम्मी कुमारी, सीमा मिश्रा, चमचम आनंद के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम का समापन वंदेमातरम् गीत के समवेत गायन से हुआ।

# ब्रह्मर्षि परिवार की मासिक बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो की मासिक बैठक रवीन्द्र नाथ टैगोर पब्लिक स्कूल, सेक्टर में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत एवं सशक्त बनाने के विभिन्न उपायों पर विस्तार से चर्चा की । साथ ही समाज हित से जुड़े मुद्दों पर एकजुट होकर आवाज उठाने का निर्णय लिया। बैठक में झारखंड सरकार द्वारा भोजपुरी, मगही एवं अंगिका भाषाओं को झारखंड टेट परीक्षा से हटाए जाने के निर्णय का जोरदार विरोध किया गया। इस संबंध में ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा राज्यपाल के नाम, उपायुक्त (डीसी) को ज्ञापन सौंपने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसके साथ ही ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनाने में चास सीओ द्वारा की जा रही कथित मनमानी का भी सदस्यों ने विरोध किया तथा प्रशासन से पारदर्शी एवं न्यायसंगत व्यवस्था लागू करने की मांग की। बैठक में स्वामी सहजानंद सरस्वती बीएड कॉलेज में हो रही कथित अनियमितताओं पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि इस प्रकार की अनियमितताएं समाज के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंताजनक हैं। स्वामी सहजानंद सेवा समाज का चुनाव 2012 के बाद नहीं हुआ जबकि उप नियम के अनुसार तीन साल पर चुनाव होना चाहिए। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने समाज की एकता, शिक्षा एवं अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। आगामी बैठक जून के अंतिम रविवार को जनवृत 8 में करने का निर्णय लिया गया जिसमे संस्था के निबंधन और पदधिकारियों का चयन किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से आयोजक मंडल के वरिष्ठ सदस्य कमलेश राय, नग नारायण प्रसाद शाही, डॉ. एन. के. राय, अनुरंजन शर्मा, पियूष राय, संजय कुमार, संतोष कुमार चौधरी, सुशील ठाकुर, एस. एन. शर्मा, गुड्डू कुमार, छोटू कुमार, अनिल कुमार, अनिल पांडेय, अवनीत कुमार राज, सर्वेश कुमार चौधरी, बैजनाथ प्रसाद शर्मा,सुधीर कुमार दिनदयाल शर्मा, मंटुन सिंह, मिथलेश पांडे, रणवीर सिंह, साधु शरण सिंह, विकास ठाकुर, प्रमोद कुमार सिंह, मधुसूदन मिश्रा, रामबिलास सिंह, रविंद्र कुमार, संजय कुमार, नवलेश कुमार, मनोरंजन कुमार, गोपी किशन, सुनील कुमार राय, दुर्गेश कुमार, अवनीत राज, कृष्ण मुरारी, संजय कुमार ठाकुर, शंकर सिंह, दीपक मिश्रा, भरत सिंह, ए के चौधरी, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# झारखंड राज्य बार काउंसिल के सदस्य प्रशांत कुमार सिंह का तेनुघाट में स्वागत



**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड राज्य बार काउंसिल के सदस्य पद पर निर्वाचित अधिवक्ता प्रशांत कुमार सिंह के तेनुघाट आगमन पर स्थानीय अधिवक्ताओं ने गर्म जोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, महासचिव वकील प्रसाद महतो, वरीय अधिवक्ता सत्य नारायण दे उर्फ मंटू बाबू सहित अन्य अधिवक्ता ने अधिवक्ता प्रशांत कुमार सिंह को बुके देकर सम्मानित किया। स्थानीय अधिवक्ताओं ने भी उन्हें फूलमाला पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यवहार न्यायालय तेनुघाट के अधिवक्तागण उपस्थित रहे। मालूम हो कि प्रशांत कुमार सिंह झारखंड हाईकोर्ट रांची में प्रैक्टिस कर रहे हैं। बार काउंसिल चुनाव 2026-2031 में शानदार जीत दर्ज करने के बाद वे तेनुघाट पहुंचे थे। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा एवं महासचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा कि प्रशांत कुमार सिंह की जीत पूरे झारखंड के वकील समुदाय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि श्री सिंह जो इससे पूर्व भी जीत कर बार काउंसिल में अधिवक्ताओं के हितों, न्याय व्यवस्था और पेशेवर मुद्दों पर मजबूती से काम किया है और आगे भी वे करेंगे। आगे श्री कामेश्वर मिश्रा ने अधिवक्ताओं की समस्याओं से अवगत कराया और इसे निराकरण करने को कहा। श्री सत्य नारायण दे उर्फ मंटू बाबू ने भी श्री सिंह से अधिवक्ता के समस्या के बारे में बताया और उसके निराकरण के उपाय भी बताएं। मौके पर नवनिवार्ची सदस्य प्रशांत कुमार सिंह ने उपस्थित अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# जेवर की दुकान में चोरी का प्रयास विफल, चोर भगाने में हुए सफल



**महुदा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेलमोच्चो बाजार स्थित जय अम्बे ज्वेलर्स एवं बर्तन दुकान में रविवार की देर रात अपराधियों ने शटर का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। हालांकि पड़ोस के लोगों के जाग जाने के कारण अपराधी सफल नहीं हो सके और वहां से फरार हो गए। अहले सुबह ग्रामीणों ने दुकान का शटर टूटा व खुला देखा तो इसकी सूचना दुकान मालिक चंदन कुमार सोनी को फोन पर दी। सूचना मिलते ही दुकान मालिक मौके पर पहुंचे और जांच की। उन्होंने पाया कि दुकान का शटर एवं ताला टूटा हुआ है, लेकिन अंदर रखा सभी सामान सुरक्षित है। घटना की जानकारी तत्काल महुदा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर लौट गई। दुकान मालिक चंदन कुमार सोनी ने बताया कि प्रतिदिन की भांति रविवार की शाम करीब सात बजे दुकान बंद कर वे अपने घर बोकारो जिला के नवाडीह थाना क्षेत्र स्थित बोदरो बस्ती चले गए थे। सोमवार सुबह पड़ोसियों ने फोन कर दुकान का शटर टूटा होने की जानकारी दी। दुकान पहुंचकर उन्होंने देखा कि शटर और ताला दोनों टूटे हुए हैं। अंदर जाकर जांच करने पर सभी सामान सुरक्षित मिला। उन्होंने आशंका जताई कि ग्रामीणों के जाग जाने के कारण अपराधी चोरी की घटना को अंजाम नहीं दे सके और भाग निकले। इस संबंध में चंदन कुमार सोनी ने महुदा थाना में लिखित शिकायत देकर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी पवन पाठक ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पूर्व 27 जनवरी की रात भी अपराधियों ने इसी दुकान में सेंधमारी कर दो लाख रुपये से अधिक के आभूषण चोरी कर लिए थे।

# धनबाद में 400 बोतल अवैध शराब जब्त, बिहार का तस्कर गिरफ्तार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब की खेप को बिहार ले जा रहे एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर ऑटो रिक्शा की सीट के नीचे शराब छिपाकर ले जा रहा था। पुलिस ने 400 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब, ऑटो रिक्शा और मोबाइल फोन जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपी बिहार के बेगूसराय जिले का रहने वाला बताया जा रहा है। सोमवार को मामले की जानकारी धनबाद मुख्यालय डीएसपी-2 मोहम्मद नजीर अख्तर ने प्रेसवार्ता कर दी। डीएसपी मोहम्मद नजीर अख्तर ने बताया कि रविवार को पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के बड़बाद जंगल मेन रोड के पास वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान गोविंदपुर की ओर से आ रहे एक सवारी ऑटो को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखते ही चालक ऑटो छोड़कर भागने लगा। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने पीछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान ऑटो की सीट के नीचे शातिर तरीके से छिपाकर रखी गई 400 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

# गणेश मंदिर मैदान में विहंगम योग समारोह संपन्न



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सद्गुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान, बोकारो के तत्वावधान में सेक्टर-2 स्थित गणेश मंदिर मैदान में एक विहंगम योग समारोह का आयोजन किया गया। श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच अनुयायियों ने योग किया। बोकारो आश्रम से बाहर किसी नए स्थान पर आयोजित इस विशेष समारोह में विहंगम योग के अनुयायियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु एवं जिज्ञासु भी शामिल हुए। कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया तथा पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। समारोह का शुभारंभ स्वागत गान एवं मंगल गान के साथ हुआ। इसके बाद सद्गुरु देव के चित्रों पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरु वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में रंजु सिंह एवं जनार्दन प्रसाद द्वारा प्रस्तुत वैदिक एवं भक्ति भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उनके मधुर गायन से उपस्थित लोग भावविभोर हो उठे। प्रवचन सत्र में पी.एन. शर्मा एवं सी.पी. सिंह ने विहंगम योग के सिद्धांत, साधना पद्धति एवं उसके आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विहंगम योग केवल ध्यान की एक विधि नहीं, बल्कि मानव जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक मार्ग है। उन्होंने वर्तमान समय में मानसिक तनाव, अशांति एवं भौतिकवादी जीवनशैली से मुक्ति पाने के लिए योग को अत्यंत आवश्यक बताया। इसके बाद आदित्य महथा द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण भजन ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। समारोह के मुख्य वक्ता एवं विहंगम योग संदेश आध्यात्मिक मासिक पत्रिका के संपादक सुखनंदन सिंह 'सदय' ने गीता, रामचरितमानस एवं स्वर्वेद के संदर्भों का उल्लेख करते हुए विहंगम योग की वैज्ञानिकता और उसकी उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मा के जागरण और परम शांति प्राप्ति का मार्ग भी है। उन्होंने लोगों से नियमित साधना एवं सत्संग से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन धनेश्वर यादव ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन गोबिंद मेहता ने किया। अंत में वंदना, आरती एवं शांति पाठ के साथ समारोह का समापन हुआ। समारोह के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर किरण यादव, आरती सिंह, मंजू देवी, रतन मल्लिक, कृष्णा सिंह, अजित कुमार, गोबिंद मेहता, ददन पांडेय, डी.एन. मंडल, सी.पी. सिंह, जनार्दन प्रसाद, पूर्णेंदु सिंह, जनार्दन पुजारी, रवि गोराई, किशोरी सिंह एवं डॉ० श्याम सुंदर प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा स्थानीय लोगों की उपस्थिति भी सराहनीय रही। आयोजन की सफलता को लेकर संस्थान के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com